आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 290 | उज्जैन, सोमवार 02 नवम्बर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मेरी बात सच होगी, ज्ञानेश कुमार जेल जाएंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** अलग-अलग पार्टियां, मकसद एक- ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग। विपक्ष के तमाम बड़े नेताओं ने दो दिन से दिल्ली में डेरा डाल रखा है। शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के घर विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग पास किया, तो रविवार को सोनिया समेत राहुल, प्रियंका, अखिलेश, ममता और तेजस्वी बाकी नेताओं के साथ रामलीला मैदान पहुंचे। करीब चार घंटे चले इस कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा- मेरी बात सच होगी, ज्ञानेश कुमार सीईसी के पद से हटेंगे और जेल जाएंगे।


### इजराइल में आइजनकोट ने गठबंधन की रखीं शर्तें

**तेल अवीव।** इजराइल में विपक्षी नेता गादी आइजनकोट ने नई सरकार बनाने के लिए 4 शर्तें रखी हैं। इजराइली मीडिया वायनेट के मुताबिक, इनमें हरेदी समुदाय को सैन्य सेवा देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा इजराइल को यहूदी और लोकतांत्रिक देश बनाए रखना और गाजा से हमास का शासन खत्म करना शामिल है। आइजनकोट ने कहा कि इन शर्तों को मानने वाले दलों के लिए गठबंधन में शामिल होने का रास्ता खुला है। दरअसल, 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में किसी भी गठबंधन को बहुमत नहीं मिला।

### दिवाली से पहले कॉमर्शियल सिलेंडर 17 रु. तक महंगा

**नई दिल्ली।** कॉमर्शियल सिलेंडर 1 नवंबर से 17 रुपए तक महंगा हो गया है। आज से आपके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आने पर नंबर के साथ कॉलर का असली नाम भी दिखेगा। टोल प्लाजा के 20किमी के दायरे में रहने वाले वाहन मालिकों को 1 साल का लोकल फास्टैग पास मिलेगा। नवंबर 2026 में सिलेंडर, टेलिकॉम, ट्रांसपोर्ट और इन्वेस्टमेंट से जुड़े ऐसे ही 5 बदलाव हो रहे हैं। तेल कंपनियों ने दिवाली से पहले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 17 रुपए तक महंगा कर दिया है।

### मस्क की उड़ने वाली कार पर रणबीर कपूर का तंज



**एक्टर बोले- भारत के पास 5 हजार साल पहले पुष्पक विमान था**

**मुंबई।** रणबीर कपूर ने इलॉन मस्क की टेस्ला रोडस्टर कार की तुलना रामायण के पुष्पक विमान से की। उन्होंने कहा कि भारत ने 5 हजार साल पहले ही उड़ने वाली गाड़ी बना ली थी। रणबीर ने यह बात फिल्म रामायण की 5 नवंबर को होने वाली रिलीज से पहले एक बातचीत में कही। उन्होंने कहा, मुझे यह भी कहना है कि इलॉन मस्क ने हाल ही में उड़ने वाली गाड़ी बनाई है। भारत ने यह काम 5 हजार साल पहले ही कर लिया था। बता दें कि मस्क की कंपनी टेस्ला ने 15 अक्टूबर को थ्रस्टर वाली नई स्पोर्ट्स कार पेश की थी। टेस्ला ने रोडस्टर का प्रोडक्शन 2028 में शुरू करने का लक्ष्य बताया है। इसके डेमो में रॉकेट जैसे थ्रस्टर दिखाए गए थे। कंपनी ने केवल निमंत्रण पर दिखाए जाने वाले रॉकेट वेरिएंट के बारे में भी बताया। इसमें पूरा फ्लाइट सिस्टम होने की बात कही गई है। रोडस्टर नाम काफी पुराना है। टेस्ला की पहली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार का रेगुलर प्रोडक्शन 2008 में शुरू हुआ था। रोडस्टर नाम काफी पुराना है।

### नैनो न्यूज

- **जापान :** 6.0 तीव्रता का भूकंप, समुद्र में 352 किमी की गहराई पर केंद्र, सुनामी का अलर्ट नहीं।
- **कीव :** रूसी ड्रोन से बचने गैस पाइपलाइनों में छिपे यूक्रेनी सैनिक, महीनों तक अंडरग्राउंड सुरंगों में रहने को मजबूर, रूस-यूक्रेन जंग पांचवें साल में भी जारी।
- **नई दिल्ली :** सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक संजय सिंघल ने आईटीबीपी चीफ का अतिरिक्त प्रभार संभाला।
- **हैदराबाद :** एमबीए के छात्र ने चुराए कारों के टायर, महिंद्रा थार को बनाता था निशाना, पुलिस ने 15 पहिए बरामद किए।
- **हैदराबाद :** बुर्का पहनकर चोरी, ऑनलाइन ट्रेनिंग ली, महिला गिरफ्तार, 70 लाख रु. का सामान बरामद, पति से छिपाकर करती थी वारदात।
- **मुंबई :** विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में भारतीय-बाजार से 34,843 करोड़ रु. निकाले, 2026 में अब तक 2.95 लाख करोड़ रु. की निकासी, वजह- कच्चे तेल के दाम बढ़े।

महाराष्ट्र के जलगांव जिले में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से दिनदहाड़े डकैती, 4 गिरफ्तार

# 30 करोड़ के सोना की लूट, बर्खास्त एसआई निकला मास्टरमाइंड

एजेंसी ▸▸ जलगांव

महाराष्ट्र के जलगांव जिले में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा से दिनदहाड़े करोड़ों रुपये की डकैती का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शनिवार दोपहर हेलमेट और मास्क पहनकर पहुंचे 4 हथियारबंद डकैतों ने बैंक कर्मचारियों को बंधक बनाकर 16 लॉकर तोड़ दिए। फिर 27 किलो सोना (कीमत लगभग 30 करोड़) तथा 15 लाख कैश लूटकर फरार हो गए। मामला धरणगांव तालुका स्थित भोकर गांव का है। हालांकि, ग्रामीणों की बहादुरी और जलगांव पुलिस की त्वरित नाकाबंदी के चलते महज कुछ ही घंटों के भीतर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस डकैती का मास्टरमाइंड महाराष्ट्र पुलिस का एक बर्खास्त पुलिस सब-इंस्पेक्टर (पीसआई) निकला, जिसने जेल में रहते हुए




इस पूरी वारदात की साजिश रची थी। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर 4 नकाबपोश डकैत भोकर स्थित एसबीआई बैंक में दाखिल हुए। डकैतों ने बंदूक की नोक पर बैंक मैनेजर और कैशियर को अपने कब्जे में लिया। विरोध करने पर मारपीट की और दोनों को कुर्सी से बांध दिया।

दहशत फैलाने के लिए आरोपियों ने बैंक के भीतर 2 राउंड फायरिंग की (गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी)। इसके बाद लॉकर रूम में घुसकर कटर से 16 लॉकर तोड़ दिए और लगभग 27 किलो सोने के आभूषण व 15 लाख नकद 6 बैगों में भरकर भाग निकले।

#### ग्रामीणों ने दिखाई बहादुरी, पुलिस ने सभी 4 दबोचे

डकैती की खबर फैलते ही स्थानीय ग्रामीणों और बैंक कर्मियों ने पुलिस को सूचित करते हुए डकैतों का पीछा करना शुरू कर दिया। विदगांव के पास ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए एक आरोपी को धर दबोचा, जिसके पास से लूट का माल बरामद हुआ। इसके बाद धरणगांव पुलिस ने नाकाबंदी कर अन्य 3 आरोपियों को भी अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने डकैतों के पास से लूटा गया सोना-कैश और लूट में इस्तेमाल किए गए 5 बैग बरामद कर लिए हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि इस डकैती की पूरी प्लानिंग महाराष्ट्र पुलिस के बर्खास्त सब-इंस्पेक्टर शंकर रमेश जासक ने बनाई थी, जो पूर्व में जेल में रहने के दौरान आपराधिक गिरोह के संपर्क में आया था।

#### पुलिस अधीक्षक और मंत्री ने किया निरीक्षण

जलगांव एसपी श्रीकांत धिवरे ने आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा- भोकर गांव स्थित एसबीआई बैंक में 4 लोगों ने बंदूक दिखाकर 27 किलो सोना और कैश लूटा था। जलगांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया और उनसे 5 बैग बरामद कर लिए गए हैं। मामले की आगे की कानूनी तफ्तीश जारी है। घटना की सूचना मिलते ही महाराष्ट्र के मंत्री गुलाबराव पाटील ने भी एसबीआई बैंक पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए।

मुरैना में नशे के इंजेक्शन का अवैध कारोबार बेनकाब

# 2856 इंजेक्शन के साथ 3 आरोपी पकड़ाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुरैना

प्रदेश के मुरैना में नशे के लिए इस्तेमाल किए जा रहे प्रतिबंधित तरीके से बेचे जा रहे इंजेक्शनों के अवैध कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। कोतवाली पुलिस ने ग्राहक बनकर एक किराए के मकान में दबिश दी और वहां से अलग-अलग कंपनियों के 2856 इंजेक्शन बरामद किए। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त दवाओं की अनुमानित कीमत करीब 4.50 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना को सूचना मिली थी कि पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक किराए के मकान से नशे के इंजेक्शन बेचे जा रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पहले पूरे मामले की पुष्टि करने की योजना बनाई। कोतवाली थाना प्रभारी अमित भदौरिया के निर्देश पर एसआई अरुण कुशवाह और एसआई पवन भदौरिया सादे कपड़ों में ग्राहक बनकर मकान पहुंचे। मकान ईशान वर्मा ने किराए पर ले रखा था। पुलिस के मुताबिक, ईशान ने दोनों को इंजेक्शन दिए। इसके बाद पहले से तैयार पुलिस टीम ने मकान पर छापा मार दिया। तलाशी के दौरान पुलिस को अंदर के कमरे में 106 पैकेट, तीन कार्टन और एक प्लास्टिक बोरे में बड़ी संख्या में




#### दवा कारोबार का लाइसेंस नहीं मिला

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान ईशान वर्मा (30), मयंक गुप्ता (35) और अनिल उर्फ बाबी गुप्ता (51) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तीनों अलग-अलग स्तर पर इंजेक्शन की अवैध बिक्री से जुड़े थे। जांच के दौरान आरोपियों के पास दवाओं के भंडारण और बिक्री से संबंधित वैध लाइसेंस नहीं मिला। कोतवाली पुलिस ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की धारा 18(सी) और 27(बी)(ii) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

#### एक युवक ने नशे की लत में की थी खुदकुशी

टर्मिन इंजेक्शन का इस्तेमाल अस्पतालों में बेहद कम रक्तचाप वाले मरीजों के इलाज के लिए किया जाता है। ऑपरेशन के दौरान मरीज का ब्लड प्रेशर अचानक गिरने पर भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन मुरैना जिला और आसपास के इलाकों में इस इंजेक्शन का इस्तेमाल नशे के लिए किया जा रहा है। इस नशे का खतरनाक असर भी सामने आ चुका है। करीब दो महीने पहले पोरसा में एक युवक ने नशे की लत के चलते खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली थी।

इंजेक्शन रखे मिले। गिनती करने पर कुल 2856 इंजेक्शन बरामद हुए। इनमें टर्मिन और अन्य कंपनियों के इंजेक्शन शामिल हैं। पुलिस ने जब्त दवाओं की कीमत लगभग 4.50 लाख रुपये आंकी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन इंजेक्शनों की बिक्री आवश्यक लाइसेंस के बिना की जा रही थी।

### दुर्घटना में हनी सिंह के भतीजे समेत दो की मौत

एजेंसी ▸▸ जालंधर

पंजाब के जालंधर में रविवार की सुबह दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर घर लौट रहे युवकों की कार रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। पुलिस लाइन्स इलाके के पास फ्लाईओवर पर हुई इस टक्कर में दो युवकों की जान चली गई। मृतकों की पहचान विदित ओलाक और आरव तलवार के रूप में हुई है। इस घटना में गायक यो यो हनी सिंह के परिवार को भी गहरा झटका लगा है, मृतक विदित ओलाक उनके भतीजे थे। वह पंजाबी म्यूजिक कंपनी स्पीड रिकॉर्ड्स के मालिक दिनेश के बेटे थे।



## लंदन में वकालत छोड़ यूपी की लड़की जैन साध्वी बनेगी

**अपनों से रिश्ते-नाते तोड़े, लग्जरी लाइफ छोड़ी**

एजेंसी ▸▸ सहारनपुर

सहारनपुर में सात युवतियां सांसारिक जीवन छोड़कर जैन साध्वी बनने जा रही हैं। इनमें प्रखर दीदी और रंगोली दीदी भी शामिल हैं। दोनों का अच्छा-खासा करियर था। प्रखर ने लंदन में वकालत की। उन्हें जज बनने का मौका भी मिला, लेकिन उन्होंने यह अवसर ठुकराकर साधना का मार्ग चुना। वहीं, रंगोली कोलकाता में करीब 10 साल तक चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में काम कर चुकी हैं।

प्रखर और रंगोली के संयम संकल्प को लेकर शनिवार को बैंड-बाजे और जैन धर्म के जयकारों के साथ यात्रा निकाली गई। यात्रा जैन बाग मंदिर पहुंची, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गोद भराई की रस्म निभाई गई। अब 22 नवंबर 2026 को मध्यप्रदेश के सोनागिरि तीर्थ में श्रमणी आर्यिका दीक्षा महोत्सव आयोजित होगा।



सहारनपुर में रहने वाले जिनेंद्र कुमार जैन और ज्योति जैन की बेटी प्रखर ने बीए एलएलबी और एलएलएम की पढ़ाई की है। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने लंदन में सीनियर एडवोकेट के तौर पर काम किया। कानून के क्षेत्र में उनका करियर आगे बढ़ रहा था। इसी दौरान उनका चयन जज के पद के लिए भी हुआ, लेकिन प्रखर दीदी ने जज बनने के बजाय साधना का मार्ग चुना।

ट्रम्प की नेतन्याहू से फोन पर बात: बोले- ईरान के 1-2 ठिकाने उड़ाने बाकी

# ईरान पर 4 नवंबर को हमला कर सकता है अमेरिका

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी।

ट्रम्प ने इसके बाद रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े एक या दो ठिकाने अभी उड़ाना बाकी हैं।



वहीं, अमेरिकी न्यूज चैनल टर एनओडब्ल्यू ने बताया कि वॉशिंगटन ने खाड़ी देशों को ईरान पर नए हमलों के लिए तैयार रहने को कहा है। ये हमले 4 नवंबर से शुरू हो सकते हैं। यह तारीख अमेरिका में मिडटर्म चुनाव के अगले दिन की है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने हाल के हफ्तों में पश्चिम एशिया में हवाई सुरक्षा सिस्टम, गोला-बारूद और सैन्य उपकरणों की तैनाती बढ़ाई है। साथ ही, उसने अपने सैनिकों और सैन्य सामान को उन ठिकानों से दूसरी जगह भेजना शुरू कर दिया है, जहां ईरान हमला कर सकता है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों का मानना है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड और इजराइल ने हमले की तैयारी कर ली है।

### बंगाल की खाड़ी में अब चक्रवात मुरासु बना, कल आंध्र तट से टकराएगा

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव का क्षेत्र मुरासु नाम के चक्रवात में बदल गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह 3 नवंबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किमी प्रति घंटे और झोंकों के साथ 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है। एक हफ्ते के भीतर बंगाल की खाड़ी में यह दूसरा चक्रवाती तूफान है। इससे पहले 26 अक्टूबर को चक्रवात अर्नब उठा था। यह 28 अक्टूबर को आंध्र के तट से टकराया था। इसके कारण आंध्र प्रदेश, ओडिशा सहित देश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश हुई थी।

### दिल्ली-एनसीआर में 50% वर्क फ्रॉम होम, पुरानी गाड़ियों पर रोक


दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली


दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण रोकने के लिए 1 नवंबर से नई पाबंदियां लागू हो गई हैं। अब दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड बीएस-6 से कम मानक वाली गाड़ियां राजधानी में नहीं आ सकेंगी।

सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मचारियों को घर से काम करना होगा। वहीं, कई पब्लिक पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने की फीस दोगुनी कर दी गई है। हालांकि, राहत की बात है कि दिल्ली में अक्टूबर के दौरान पिछले 9 साल में सबसे साफ हवा दर्ज की गई। इस महीने औसत एक्यूआई 166 रहा। दिल्ली सरकार ने जुलाई 2026 में प्रदूषण रोकने के लिए विंटर प्लान को मंजूरी दी थी। इसके तहत हर साल 1 नवंबर से 28 फरवरी तक प्रदूषण से जुड़े नियम लागू रहेंगे।

बांग्लादेश में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर कपड़ा मजदूरों का प्रदर्शन

# प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके, गाड़ी जलाई





एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका समेत तीन इलाकों में रविवार को कपड़ा फैक्ट्रियों के मजदूरों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कई जगह हिंसा भी हुई।

ढाका के मीरपुर इलाके में मजदूरों ने सड़कें जाम कर दीं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंट-पत्थर फेंके और एक पुलिस गाड़ी में आग लगा दी। गाजीपुर में मजदूरों ने हाईवे जाम किया और पुलिस चौकी में आग लगा दी। वहीं, अशुलिया में कम से कम 30 फैक्ट्रियां बंद रहीं। मजदूरों की मांग है कि उनका न्यूनतम मासिक वेतन 9,600 रुपए से बढ़ाकर करीब 23 हजार रुपए किया जाए।

#### पुलिस ने लाठीचार्ज कर आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया

रविवार सुबह ढाका के मीरपुर-10 चौराहे पर मजदूर इकट्ठा हुए। इस दौरान उन्होंने सड़कें जाम कर दी। इसके चलते मजदूरों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। पुलिस के मुताबिक, कुछ मजदूरों ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया गया। तनाव को देखते हुए मीरपुर-10 मेट्रो स्टेशन का गेट बंद करना पड़ा। शनिवार को भी मजदूरों ने इसी इलाके में करीब चार घंटे तक सड़कें जाम रखी थीं।

**गाजीपुर में हाईवे जाम, सुरक्षाकर्मी तैनात करने पड़े-** ढाका के उत्तर में स्थित गाजीपुर के कालीकैर इलाके में भी रविवार सुबह से प्रदर्शन शुरू हो गया। गाजीपुर के कोनाबाड़ी इलाके में प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस चौकी में आग लगा दी। हालात संभालने के लिए प्रशासन ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के पांच प्लाटून तैनात करने का ऐलान किया।

**हालात बिगड़े तो फैक्ट्री प्रबंधन ने छुट्टी दे दी-** ढाका के पास अशुलिया के औद्योगिक इलाके में भी शनिवार को मजदूरों ने प्रदर्शन किया। कई फैक्ट्रियों में काम बंद कर दिया गया। कुछ जगहों पर तोड़फोड़ भी हुई।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### कृषकों की प्रार्थना

हाल ही में कृषकों होने वाले नुकसान को लेकर एक बार फिर से धर्मनगरी के पास वाले जिले में वन्यजीवों को हटाने का काम किया गया है। फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले जीवों को वन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा रहा है। इसी के तहत धर्मनगरी के ग्रामीण क्षेत्र में भी यह प्रक्रिया की जा रही है। इसके लिए मात्र 4 दिन का समय निर्धारित किया गया है। मालवा के हृदयस्थल धर्मनगरी के ग्रामीण क्षेत्र में अन्यानेक नामों से पहचाने जाने वाले एवं फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही आवागमन में भी कई दुर्घटनाओं के साथ कुछ ग्रामीणों को काल कवलित करने के लिए जिम्मेदार इस वन्यजीव के कारण कृषक बड़े परेशान हैं। इस मामले को लेकर पूर्व में धर्मनगरी के पश्चिम की तहसील मुख्यालय पर आंदोलन भी हुए हैं। बड़े कृषक संगठन के वार्षिक ज्ञापन में भी हमेशा से ही यह एक मुद्दा स्थाई बना हुआ है। कई प्रयासों के बावजूद इस वन्य जीव से कृषकों को राहत देने की स्थिति नहीं बन सकी है। एक बार फिर से इसे पकड़ कर वन्य क्षेत्र में छोड़ने की कवायद को किया जा रहा है। इसमें आधुनिक संसाधनों का उपयोग हो रहा है। नई तकनीक के उपयोग से इन वन्यजीवों को पकड़ने के लिए कवायद की जा रही है। इसकी सफलता को लेकर कृषक प्रार्थना कर रहे हैं वो सिर्फ धर्मनगरी और जिला ही नहीं आसपास के जिलों में भी हो रही है। इसके पीछे कारण यह है कि वहां भी यह एक समस्या है। पास के प्रदेश से जुड़े जिलों में तो इनसे नुकसान के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। कृषकों का मानना है कि धर्मनगरी में अगर नई तकनीक का उपयोग सफल होता है तो उनके यहां से भी समस्या निदान की एक राह मिल सकेगी। खुसूर-फुसूर है कि इसके लिए निर्धारित दिनों की संख्या काफी कम रखी गई है जिसमें अभियान को संचालित किया जाना है। समय भी इसमें थोड़ी समस्या खड़ी कर सकता है। दीपावली के दौरान ऐसे ही पटाखों का उपयोग होता है और इन्हें खेतों से खदेड़ने में भी पटाखों का उपयोग किया जाता है जिसके ये आदी हैं। यही नहीं इनकी दौड़ एवं छलांग मारने की स्थिति भी बहुत ही खतरनाक होती है। चलते चौपहिया वाहनों के कांच तक को ये दुर्घटना में फोड़ देते हैं। कृषकों को आस है कि इस बार तो नई तकनीक से उनकी समस्या के समाधान की और कदम बढ़ेंगे ही।

## नैनो न्यूज

- समाज सेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार धड़वईवाले का अमृत महोत्सवी अभिनंदन, 22 वर्ष पुराने अविस्मरणीय क्षणों के छायाचित्रों पर अनिल कुमार धड़वईवाले के ऑटोग्राफ लिए
- जैन सोशल ग्रुप समन्वय ने धार्मिक स्थलों के 200 से अधिक सहायक कर्मियों को भेंट की 20-20 किलो की राशन किट, लगातार दूसरे वर्ष आयोजित हुआ सेवा एवं सत्कार कार्यक्रम, अतिथियों ने कर्मयोगियों के सम्मान को बताया अनुकरणीय पहल
- श्री हरसिद्धि भक्त मंडल के 52 वॉ शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर एवं विक्रमादित्य सभागृह में रविवार को कन्याभोज सम्पन्न हुआ
- क्षत्रिय राजपूत गौरव अवार्ड से सम्मानित हुईं समाज की मेधावी प्रतिभाएं, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने दशहरा मिलन समारोह में वरिष्ठजनों को भी किया सम्मान
- 1000 से अधिक वृद्धजनों का चरण पूजन कर किया सम्मान, घर-घर सर्वे कर जरूरतमंद बुजुर्गों को वयोश्री योजना का लाभ दिलाने के दिए निर्देश
- मध्यप्रदेश कर्मचारी कल्याण कोष के प्रांताध्यक्ष ने उज्जैन में पदाधिकारियों के साथ बैठक की
- निबंध प्रतियोगिता के विजेता सरदार वल्लभभाई पटेल अवार्ड से सम्मानित, मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने प्रतिभागियों को दिया प्रोत्साहन पुरस्कार
- मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अंतर्गत साहित्य अकादमी एवं मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद की ओर से आज 2 नवम्बर को शाम 5.30 बजे शरद जोशी स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा।
- संत कंवरराम की 86वीं पुण्यतिथि पर समाजजनों ने अर्पित की पुष्पांजलि, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विदिशा एसपी मोहित केशवानी ने फोन पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन, अलखधाम स्थित उद्यान में स्मृतियों को किया नमन
- चार चरणों में 120 महिलाओं को मिला मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण, स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल
- श्री सम्भवनाथ जैन मंदिर में हुई चल प्रतिष्ठा विधि, प्रभु भक्ति जीवन को पवित्र बनाने का सरल मार्गः आचार्य पद्मभूषणरत्नसूरीश्वरजी
- संत कंवरराम के शहीदी दिवस पर समाजजनों ने दी श्रद्धांजलि, सेवा मार्ग पर चलने का लिया संकल्प, सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल गार्डन में हुआ आयोजन, भजन-कीर्तन के बाद बांटा प्रसाद
- युवा मंच सत्संग समिति ने 100 निराश्रित बुजुर्गों को वितरित किया 10-10 किलो गेहूं, मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर कैट और मंच पदाधिकारियों ने प्रदेश की खुशहाली के लिए रोपा बरगद का पौधा, दिसंबर माह के लिए समाजसेवी राजेश अग्रवाल देंगे 9 क्विंटल गेहूं
- दुर्लभ वाद्य यंत्रों के संरक्षण पर हुआ मंथन, कला साधकों ने विभिन्न वाद्यों का वादन कर समझाया महत्व, संस्कार भारती और शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मासिक संगोष्ठी कला विमर्श का हुआ आयोजन

### दीपावली को लेकर बाजार में सजी रंग-बिरंगे सजावटी सामान की दुकानें

# लोगों को लुभा रही तरह-तरह की डिजाइनों में सजावटी वस्तुएं

### फ्रीगंज, शहीद पार्क, गोपाल मंदिर, छत्री चौक सहित अन्य जगह दीपावली की सजावट के सामान का सजा बाजार







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली के नजदीक आते ही बाजार में दुकानों पर तरह-तरह के सजावटी आइटम ग्राहकों को खूब आकर्षित कर रही हैं। लोग घरों को सजाने के लिए सजावटी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं।

शहर के फ्रीगंज, शहीद पार्क पर दुकानदारों ने सजावट के आइटम की दुकान लगा रखी हैं। तो वहीं गोपाल मंदिर, छत्री चौक, सतीगेट आदि क्षेत्रों में भी सजावटी सामान की दुकानें सज गई हैं। दुकानों पर सुंदर सजावटी सामान लोगों को अधिक लुभा रहे हैं। इन सजावटी सामान में झालर, तोरण, लटकन, आर्टिफिशियल पेड़, आर्टिफिशियल बेल, कॉर्नर बेल, गमले, पेड़, झूमर, मोती वाले तोरण, पट्टे वाले तोरण अधिक आकर्षक लग रहे हैं। गुलदस्ता, आर्टिफिशियल फूल, बोनजॉय प्लांट भी अधिक लुभावने लग रहे हैं। गुलदस्ता व फूल की कीमत 100 रुपए से लेकर नो सौ रुपये तक हैं। वहीं, झूमर, दरवाजों पर टांगने के लिए छोटी-छोटी घंटियां लगी झालरें भी ग्राहकों को लुभा रही हैं। इनकी कीमत सौ रुपये से लेकर 500 रुपये तक है। वंदनवारे, मालाएं, तस्वीर व मेटल तस्वीरें भी सजाई गई हैं। साथ ही कलश, लक्ष्मी चरण, शुभ-लाभ, शुभ दीपावली भी बाजर में रौनक बढ़ा रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से फ्रीगंज शहीद पार्क पर दुकान लगाकर आर्टिफिशियल फ्लावर व अन्य सजावटी सामान का कारोबार करने वाले धीरज चौधरी और नीरज चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार सजावटी वस्तुओं के दामों में लगभग 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

#### बाजार में उपलब्ध सजावटी सामग्री और उनके दाम

- आर्टिफि शल कार्नर बेल 200 रुपए से लेकर 350 रु. तक
- स्टेरिया फ्लोरिंग 100 रु. में 3 नग के हिसाब से बिक रहा है
- फ्लावर बंच में बहुत सारी श्रृंखला है जो की 50 रु. से लेकर 600 तक रूपए तक है
- बोंजाए प्लांट 50 रुपए से लेकर 150 तक
- आर्टिफि शल प्लांट 700 रुपए से लेकर 4000 हजार तक
- झालर 30 रुपए से लेकर 800 तक
- झूमर 150 रुपए से लेकर 600 तक
- लटकन 100 रुपए से लेकर 400 रुपए तक
- मोती वाले तोरण 100 रुपए से 600 तक
- पट्टी वाले तोरण 100 से 500 रूपए तक
- शुभ लाभ -10 से 220 रुपए तक
- कलश - 10 से 100 रुपए तक
- स्वास्तिक - 10 से 100 रुपए तक
- लक्ष्मी जी का फोटो 10 से लेकर 200 रुपए तक
- रंगोली का स्टीकर 20 से लेकर 200 रुपए तक

#### महंगाई का लोगों पर अधिक प्रभाव नहीं

महंगाई का लोगों पर अधिक प्रभाव नहीं हो रहा है। यही के एक दुकानदार ओम प्रकाश सोलंकी निवासी गोपालपुरा मक्सी रोड जो कि पिछले 10 वर्षों से झालर व झूमर का कारोबार कर रहे हैं और हर वर्ष दीपावली पर फ्रीगंज शहीद पार्क पर हैंडीक्राफ्ट की दुकान लगाते हैं उनका कहना है कि इस बार भी महंगाई की वजह से 25% की वृद्धि है। आगे बताया कि धनतेरस से अधिक बिक्री होने की उम्मीद है। ओम प्रकाश सोलंकी ने आगे बताया कि उनके पास झालर व झूमर सहित लटकन की 50 से अधिक वैरायटी उपलब्ध है। साथ ही शुभ लाभ, कलश, स्वस्तिक सहित अन्य स्टीकर 10 रुपए से लेकर 500 रुपए तक उपलब्ध है। इसी तरह पिछले 8 वर्षों से फ्रीगंज शहीद पार्क पर दीपावली के सजावटी सामान स्टीकर की दुकान लगाने वाले यश वर्मा ने बताया कि हमारे यहां भी सजावटी सामान के साथ कई तरह के स्टीकर उपलब्ध है। आगे बताया कि उनके पास स्टीकर शुभ लाभ, कलश, स्वस्तिक सहित अन्य स्टीकर की श्रृंखला उपलब्ध है जो 10 से लेकर 200 तक की कीमत में उपलब्ध है।

# हवा में तैरते सूक्ष्म कण, बन रहे सेहत के दुश्मन

### वायुमंडल में सूक्ष्म कणों में वृद्धि होने से संवेदनशील समूह के लोगों के लिए तो मंडरा रहा खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सेहत के लिए शुद्ध वायु परम आवश्यक है। शुद्ध वायु के अनगिनत लाभ के कारण ही देशभर से पर्यटक वर्ष में एक बार पर्वतों की सैर करते हैं। आमतौर पर पर्वतीय क्षेत्रों का एक्यूआई यानि एअर क्वालिटी इंडेक्स अच्छा होता है। जब शुद्ध वायु श्वसन द्वारा शरीर के अंदर पहुंचती है तो फेफड़ों को पुष्ट करती है और शरीर चुस्त-दुरुस्त बना रहता है। शहरों में उड़ते धूल के गुबार, उद्योगों का जहरीला धुंआ, पुष्पों के परागकण, वाहनों से उत्सर्जित धुंआ वायुमण्डल को प्रदूषित करके अस्वस्थकर बनाते हैं।

**लगातार चल रहे निर्माण कार्य से धूल कण में इजाफा-** सामान्यतः शांत धार्मिक नगरी उज्जैन में वातावरण बहुत अधिक प्रदूषित नहीं रहता किन्तु यदि आंकडों पर नजर डाली जाए तो विगत कुछ दिनों से शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई ) अच्छा तो क्या संतोषजनक भी नहीं कहा जा सकता है। शहर के वायुमंडल में उड़ते सूक्ष्म कणों में वृद्धि होने से संवेदनशील समूह के लोगों के लिए तो खतरा मंडरा रहा है। संवेदनशील समूह के अंतर्गत छोटे बच्चे, बुजुर्ग व ऐसे लोग आते हैं जिनको पहले से श्वांस संबंधी तकलीफ रही हो।





**क्या है पीएम-10-** पीएम अर्थात पार्टिकुलेट मैटर जो महीन कण के रूप में वायु के अंदर विद्यमान होते हैं। पीएम के आकार के मान से इनकी विभिन्न श्रेणी होती हैं जैसे पीएम-10 या पी एम-5 आदि। पीएम-10 ऐसे सूक्ष्म कण होते हैं जिनका व्यास 10 माइक्रोमीटर होता है। वायुमण्डल में पीएम-10 का मात्रक होता है माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर। पीएम को माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर क्षेत्र में मापा जाता है। यदि पीएम-10 की मात्रा 55 से ज्यादा होती है तो श्रेणी के आधार पर इसे संवेदनशील समूह के लोगों के लिए अस्वस्थकर माना जाता है। ऐसी स्थिति में शरीर का श्वसन तंत्र सबसे अधिक प्रभावित होता है। बुजुर्ग व बच्चों के लिए भी ये खतरनाक होता है। इससे बैचेनी, श्वांस लेने में दिक्कत और दमा तक हो सकता है। इससे गले में खराश, बलगम आदि की समस्या हो जाती है। शहर में उखड़ी सड़क और निर्माण कार्य के चलते पीएम-10 की मात्रा लगातार बढ़ रही है। विकास के चलते जीर्ण शीर्ण पुराने भवन ध्वंस होने के परिणामस्वरूप भी पीएम-10 की सान्द्रता वायुमंडल में बढ़ रही है।

**शहर का एक्यूआई मध्यम-** शहर का एक्यूआई खतरनाक तो नहीं है पर अच्छे की श्रेणी में नहीं है। ज्यादातर दिनों में एक्यूआई मध्यम रहा सिर्फ 22 अक्टूबर को एक्यूआई थोड़ा खराब रहा जिसे अस्वस्थकर कहा जा सकता है।

#### शहर में पीएम-10 की मात्रा

अक्टूबर माह में पी एम-10 की मात्रा के आंकड़े बहुत कुछ बयां कर रहे हैं जिससे वायुमण्डल की स्थिति का अनुमान स्वतः ही लगाया जा सकता है। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त तिथिवार आंकडे निम्नलिखित हैं:

| दिनांक | पीएम-10 |
|---|---|
| 17 अक्टूबर | 99.08 |
| 18 अक्टूबर | 90.68 |
| 19 अक्टूबर | 99. 80 |
| 20 अक्टूबर | 75.99 |
| 21 अक्टूबर | 75.90 |
| 22 अक्टूबर | 96.00 |
| 23 अक्टूबर | 110.00 |

सभी आंकडे माइक्रोग्राम/ घनमीटर में हैं।

#### मास्क का प्रयोग करें

शहर में सिवेज लाइन के कारण जगह जगह सडकें खुदी पड़ी हैं और नवीन निर्माण हो रहे हैं जिससे वायुमण्डल का संतुलन बिगड़ रहा है और पीएम में इजाफा हो रहा है। पीएम से होनेवाला दुष्प्रभाव से बचाव हेतु सभी को नाक, कान कपड़े या मास्क से ढंककर बाहर निकलना चाहिए।

**अंकिता चौहान, रसायनविद।**

### रेस्क्यू ऑपरेशन के प्रथम दिन निराशा हाथ लगी

# चालाक नीलगाय बोमा में झुंड से आई और बिखरकर भागी, मात्र 2 पकड़ाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कृष्णमृगों एवं नीलगाय को पकड़ने के लिए शाजापुर जिले में अभियान को खासी सफलता हाथ लगी थी। अभियान के दूसरे चरण में उज्जैन तहसील में चालाक नीलगाय ने वन विभाग एवं दक्षिण अफ्रीका के दल को छकाया है। ब्रजराजखेड़ी में लगाए गए बोमा के प्रथम एंट्री तक नीलगाय झुंड में आई लेकिन उसके बाद पलटकर बिखरते हुए ऐसी भागी की दूर-दूर तक हाथ नहीं लगी है। मशक्कत के बाद एक नर-मादा को पकड़ा जा सका है।

फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले वन्यजीवों में कृष्णमृगों एवं नीलगाय को पकड़ने के लिए वन विभाग ने दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों की मदद से शाजापुर एवं उज्जैन में अभियान चलाया है। शाजापुर में 10 से 31 अक्टूबर तक हेलीकाप्टर की मदद से बोमा में 1596 कृष्णमृग एवं नीलगाय को पकड़कर प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यान एवं अभ्यारण्यों में छोड़ा गया है। इनमें 94 नीलगाय शामिल है। इसी के तहत अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक उज्जैन में की गई है। जिला मुख्यालय की तहसील में अभियान को गति दी गई है। इसमें रविवार को हेलीकाप्टर से चलाए गए अभियान में पूरे प्रयास के बावजूद नीलगाय की चालाकी से निराशा हाथ आई है।

**झुंड में आई, वापसी में बिखरी-** शनिवार को अभियान को हेलीकाप्टर के पायलट को डीजीसीए के नार्मस के तहत रेस्ट के कारण विराम देना पड़ा था जिसमें बोमा को व्यवस्थित कर लगाने का काम किया गया था। रविवार को अभियान के तहत हेलीकाप्टर ने उड़ान भरी और क्षेत्र में कई जगह झुंडों में मौजूद नीलगायों को घेरा गया। हेलीकाप्टर की पहली घेरा बंदी में तो नीलगाय झुंड के झुंड बोमा की और दौड़ पड़ी लेकिन बोमा के प्रथम चरण में आने के बाद चालाक नीलगायों ने पलटी मार दी और एक दो नीलगायों ने जब पलटकर विपरीत दिशा में दौड़ना शुरू किया तो शेष ने भी उनका अनुसरण किया। बोमा में अंदर झुंड के रूप में आने वाली नीलगाय वापसी में तितर-बितर हो गई और मात्र एक दो के रूप में दुर कई किलोमीटर तक जा पहुंची।

**नीलगाय एवं कृष्णमृगों के स्वभाव में अंतर-** मुख्य वन संरक्षक उज्जैन डॉ. किरण बिसेन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि कृष्णमृग और नीलगाय के स्वभाव में काफी अंतर होता है। उन्होंने बताया कि अभियान के शुरूआत में हेलीकाप्टर से घेराबंदी के तहत दहाई की संख्या में नीलगाय अंदर आई थी कुछ अंदर आने के उपरांत तत्काल ही झूंड ने पलटी मार दी और विपरीत दिशा की और दौड़ लगा दी। डॉ. बिसेन के अनुसार नीलगाय के अलग ही स्वभाव इस दौरान नोटिस किया गया है। पहले बोमा में एंट्री एवं उसके बाद आकस्मिक बेक किया गया। संभवतः पिछले समय चलाए गए अभियान के तहत लोकेशन की स्थिति से उसे सतर्कता का ध्यान रहा हो।

**एक बार फिर एरियल सर्वे-** डॉ. बिसेन के अनुसार अभियान में रविवार को पहले दिन हेलीकाप्टर की मदद से एक नर एवं एक मादा नीलगाय ही बोमा से पकड़े जा सके हैं। इस स्थिति को देखते हुए बोमा की लोकेशन परिवर्तित करने के लिए नए सिरे से हेलीकाप्टर से सर्वे किया गया है। सर्वे के अनुसार नए सिरे से बोमा लगाने के काम को अंजाम दिया जा रहा है। सोमवार को अभियान में फिर से नीलगाय को पकड़ने का प्रयास जारी रहेगा।

# हॉस्टल में छात्राओं ने दिखाई जली-कच्ची रोटियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन


विक्रमादित्य विवि के विद्योत्तमा छात्रावास में अव्यवस्थाओं को लेकर छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा। मेस में कच्ची-जली रोटियां मिलने और 28 घंटे तक बिजली गुल रहने से नाराज छात्राओं ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने बताया कि अंधेरे के बीच सांप-बिच्छू जैसे खतरनाक जीव-जंतुओं के डर में रात काटनी पड़ी। कम वोल्टेज से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हुए।

# मुंह के कैंसर के मरीज अब जी रहे बेहतर जिंदगी: डॉ. गर्ग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर के वरिष्ठ हेड एंड नेक (मुंह व गले के) कैंसर सर्जन डॉ. अपूर्व गर्ग ने आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज में आयोजित ईएनटी सर्जनों के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एमपी ईएनटीकॉन 2026 में आमंत्रित गेस्ट फैकल्टी के रूप में व्याख्यान दिया। उन्होंने मुंह के कैंसर के इलाज में हुई नवीनतम प्रगति पर जानकारी दी।

डॉ. गर्ग ने बताया कि सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी में हो रहे नए शोधों के कारण कैंसर का इलाज तेजी से बदल रहा है।



कीमोथेरेपी के बारे में उन्होंने बताया कि नई दवाओं से मरीजों की जीवन-अवधि बढ़ी है और इनके दुष्प्रभाव भी कम हैं। रेडियोथेरेपी के बारे में उन्होंने कहा कि नई तकनीकों से मरीज पर दुष्प्रभाव न्यूनतम होते हैं, जबकि ट्यूमर पर इनका असर अधिकतम होता है।अंत में डॉ. गर्ग ने कहा कि दस साल पहले की तुलना में आज मुंह के कैंसर के मरीजों को कहीं बेहतर इलाज मिल रहा है, वे अधिक समय तक जी रहे हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर हुई है।

### जवाहरनगर स्थित मनोविकास विशेष शिक्षा महाविद्यालय कर रहा

# शिक्षा में एआई के महत्व पर दो दिवसीय संगोष्ठी


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जवाहरनगर स्थित मनोविकास विशेष शिक्षा महाविद्यालय द्वारा 3 व 4 नवंबर को शिक्षा में आर्टिफिशल इंटेलिजेंसी का उपयोग विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होने वाली है। संगोष्ठी मे देश व विदेश के ख्यात शिक्षाविद व एआई विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों मे व्याख्यान के माध्यम से प्रतिभागियों को ए आई का महत्व बताएंगे। संगोष्ठी की जानकारी देते हुए फादर टॉम जार्ज ने बताया कि दो दिवसीय संगोष्ठी की अध्यक्षता मेट्रोपॉलिटन डॉ. सेबेस्टियन वडक्कल करेंगे व विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. अर्पण भारद्वाज अतिथि के रूप मे उपस्थित रहेंगे।

सामान्य शिक्षा में एआई का उपयोग, शिक्षण व अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक, सरल और आवश्यकता के अनुरूप बनाने में किया जा सकता है। एआई आधारित तकनीक विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने में सहायक रहेगी। डॉ. टॉम जार्ज के अनुसार एआई का उपयोग बेहद सावधानी से करना आवश्यक है। विद्यार्थियों को एआई के उपयोग में गोपनीयता, डिजीटल सुरक्षा, फेक्ट्स की सत्यता जैसी चुनौतियों पर ध्यान देना जरूरी है। एआई शिक्षक तो नहीं बन सकता किन्तु वह शिक्षक की कार्यक्षमता बढ़ानेवाला सशक्त माध्यम है।

#### विशेष शिक्षा में एआई बहुत उपयोगी

सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है दिव्यांग बच्चों की स्पेशल एज्युकेशन में एआई किस तरह मददगार बने। एआई आधारित चित्र, वीडियो, ऑडिओ द्वारा चरणबद्ध ढंग से स्पेशल छात्रों को अक्षर ज्ञान, संख्या ज्ञान, रंगों की पहचान व दैनिक जीवन के कौशल सिखाने मे कैसे मददगार रहेंगे इस पर विभिन्न सत्रों में आमंत्रित विद्वान प्रकाश डालेंगे। एएसडी, श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित व ए डीएचडी वाले छात्रों के लिए एआई आधारित



एप्लीकेशन कैसे मदद कर सकती हैं, इस पर मंथन व विचार किया जाएगा जो निश्चित ही सभी शिक्षकों व प्रतिभागियों के लिए बहुपयोगी रहेगा। 3 नवंबर को प्रथम सत्र में प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. सनसनवाला द्वारा एआई के लाभ एवं चुनौतियों पर व्याख्यान दिया जाएगा। दूसरे सत्र में डॉ. प्रमोद गुप्ता द्वारा जनरेटिव एआई व शिक्षा पर व्याख्यान दिया जाएगा। तीसरे सत्र में जनरेटिव एआई टूल्स व चिन्तन, सृजन में प्रयोग पर व्याख्यान होगा। चौथे सत्र में ख्यात शिक्षाविद समैया पोरिक द्वारा एआई व तकनीक, मशीन लर्निंग व स्मार्ट उपकरणों पर व्याख्यान दिया जाएगा। पंचम सत्र में आर्टिफिशल इंटेलीजेंसी एवं नवाचार पर चर्चा होगी, छठा सत्र शाम चार से पांच बजे तक रहेगा। इस सत्र में अमेरिका की विद्वान सीरत छाबड़ा, विभिन्न क्षेत्रों में एआई की भूमिका पर प्रकाश डालेंगी। दूसरे दिन अर्थात 4 नवंबर को भी छः सत्र रहेंगे। फादर टॉम ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देनेवाले सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे ऐसी संगोष्ठी से जुड़ें और शिक्षा को आसान व बोधगम्य बनाकर प्रकाश उत्सर्जित करें।



# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 2 नवंबर, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर में उत्साह और उमंग के साथ निकली रन फॉर यूनिटी

**इंदौर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में इंदौर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। एकता, अखंडता और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता का संदेश लेकर निकली इस दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नेहरू स्टेडियम से सुबह प्रारंभ हुई इस एकता दौड़ का शुभारंभ विधायक महेंद्र हार्डिया एवं अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ में शामिल युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

### उत्साह के साथ मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

**इंदौर।** मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस इंदौर में उल्लास, उत्साह और गरिमामय वातावरण में समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थापना दिवस का मुख्य समारोह नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में राजेंद्र नगर स्थित लता मंगेशकर सभागृह में आयोजित हुआ। समारोह में विकासात्मक गतिविधियों और विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। वहीं विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मध्यप्रदेश में हमारी सरकार के दौरान विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

### गिरनारी हनुमान मंदिर परिसर में बनेगा भव्य सभागृह

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 09 स्थित श्री गिरनारी हनुमान मंदिर परिसर में नगर निगम अध्यक्ष निधि लगभग 75 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भव्य सभागृह निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनिवार को समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, योगीपीर महावीर नाथ एवं मंडल अध्यक्ष रितेश जटिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा श्री गिरनारी हनुमान मंदिर परिसर में 5 हजार वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल में इस सभागृह का निर्माण करवाया जाएगा। लगभग 75 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह सभागृह धार्मिक, सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए उपयोगी साबित होगा।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 256 तीर्थयात्री रवाना



**उज्जैन।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या एवं काशी विश्वनाथ के दर्शन हेतु उज्जैन जिले के 256 तीर्थयात्री शनिवार को तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल द्वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर उपस्थित तीर्थ यात्रियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही सभी यात्रियों को सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी गईं। मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले से 256 तीर्थ यात्रियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसी क्रम में शनिवार को सभी तीर्थयात्री अयोध्या एवं काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए। यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। यात्रियों ने इस योजना के माध्यम से तीर्थ दर्शन का अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मध्यप्रदेश शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे एवं संयुक्त संचालक सतीश सोलंकी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नैनो न्यूज

- **देवास- नकली शराब मामले में जांच तेज-** चंदाना-बिंजाना शराबकांड की जांच में पुलिस ने केमिकल सप्लाई नेटवर्क का खुलासा किया है। मामले में अब तक 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।
- **आगर - बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ता परेशान-** मीटर बदलने के आठ महीने बाद उपभोक्ताओं को हजारों और लाखों रुपये के नोटिस मिलने का मामला सामने आया है। पार्षद ने कलेक्टर से जांच की मांग की।
- **शाजापुर - वन्यजीवों के सुरक्षित विस्थापन की पहल-** रणथंभवर गांव में वन्यजीव संरक्षण अभियान के तहत बोमा पद्धति से 1236 काले हिरणों और नीलगायों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।
- **सुसनेर- पांच पुलिया पर आवारा सांडों का आतंक-** पांच पुलिया क्षेत्र में सांडों के हमले से तीन बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आने के बाद नागरिकों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए।
- **रतलाम - लोकसेवा केंद्रों के संचालन की तैयारी-** जिले के नौ लोकसेवा केंद्रों के संचालन के लिए पीपीपी मॉडल पर निजी संचालकों के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

---

यात्रियों की नाराजगी एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे की जुलाई-सितंबर 2026 की रिपोर्ट में सामने आई

# देश में स्वच्छता में सिरमौर इंदौर के एयरपोर्ट पर यात्री सफाई से नाखुश

## सर्वे में यात्रियों ने स्वच्छता में पांच में से 4.91 अंक दिए है, अप्रैल-जून की रिपोर्ट में 4.93 अंक मिले थे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर स्वच्छता में देशभर में सिरमौर बना हुआ है, लेकिन देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट की सफाई से यात्री नखुश है। यात्रियों की यह नाराजगी एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे की जुलाई-सितंबर 2026 की रिपोर्ट में सामने आई है।

31 पैरामीटर पर होने वाले सर्वे में यात्रियों ने स्वच्छता में पांच में से 4.91 अंक दिए है, जबकि अप्रैल-जून की रिपोर्ट में 4.93 अंक मिले थे। इसके अनुसार तीसरी तिमाही में 0.03 अंक कम हो गए। इतना ही नहीं एयरपोर्ट के वाशरूम, टायलेट की स्वच्छता पर भी यात्री नाखुश नजर आए और दूसरी की अपेक्षा तीसरी तिमाही में कम अंक दिए। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआइ) द्वारा यात्री सुविधाओं को लेकर जारी रिपोर्ट में देश के 16 प्रमुख एयरपोर्ट में इंदौर दसवें पायदान पर रहा है। बीते तीन वर्षों में प्रत्येक तिमाही में एयरपोर्ट की रैंकिंग लगातार पहले पायदान पर नहीं पहुंच सकी है। तिमाही के अलावा वार्षिक रिपोर्ट में भी पहले पायदान पर एयरपोर्ट नहीं पहुंच सका। वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही जुलाई-सितबर में इंदौर को दसवीं रैंकिंग मिली और 4.90 अंक ही मिल सके। जबकि दूसरी तिमाही अप्रैल-जून में 4.88 मिलने के बावजूद नौवें पायदान पर था।पहली तिमाही जनवरी-मार्च में 13वीं पायदान पर इंदौर था।


वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में इंदौर को पहली रैंक मिली थी। इस दौरान पांच में से 4.94 अंक मिले थे। इसके बाद से अब तक पहली रैंक नहीं मिली।

### अक्टूबर में सितंबर की अपेक्षा 12715 यात्री बढ़ गए

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से अक्टूबर माह में प्रतिदिन औसतन साढ़े दस हजार के करीब यात्रियों ने हवाई यात्रा की। इस माह करीब 3.23 लाख से अधिक यात्रियों ने आना-जाना किया। सितंबर की अपेक्षा अक्टूबर में 12715 यात्रियों ने अधिक हवाई यात्रा की। इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 78 उड़ानें संचालित हुई। अक्टूबर माह में 3001 यात्री इंदौर से विदेश यात्रा पर गए। इन यात्रियों ने इंदौर-अबूधाबी की उड़ान का विकल्प चुना। दरअसल अक्टूबर माह में इंदौर एयरपोर्ट से तीन लाख 23 हजार 715 यात्रियों ने हवाई यात्रा की और 2441 उड़ानें संचालित हुईं। अक्टूबर माह में तीन लाख 20 हजार 714 यात्रियों ने इंदौर से देश के अन्य शहरों की हवाई यात्रा की, जबकि 3001 यात्रियों ने यूएई के अबू धाबी उड़ान से विदेश यात्रा की। अक्टूबर माह में सितंबर की अपेक्षा 12715 यात्री बढ़ गए। अक्टूबर में 323715 यात्रियों ने उड़ान भरी,

**इन पर कम मिले अंक**

| पैरामीटर | तीसरी | दूसरी | अंतर |
|---|---|---|---|
| स्वच्छता | 4.91 | 4.93 | 0.03 |
| वाशरूम स्वच्छता | 4.92 | 4.93 | 0.01 |
| रेस्टा का मूल्य अनुकूल होना | 4.89 | 4.92 | 0.03 |
| चार्जिंग स्टेशन की उपलब्धता | 4.92 | 4.93 | 0.01 |
| गेट के पास सीटों की उपलब्धता | 4.92 | 4.94 | 0.02 |



---

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) अपनी अंकसूची को हाईटेक बनाने जा रहा है

# अंकसूची में होगा विद्यार्थियों का फोटो और क्यूआर कोड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) अपनी अंकसूची को हाईटेक बनाने जा रहा है। उसमें नए और अत्याधुनिक सुरक्षा फीचर्स जोड़ने पर विचार कर रहा है। खास बात यह होगी कि अंकसूची पर छात्र-छात्राएं की फोटो लगाई जाएगी। ऐसा करने से विद्यार्थियों की पहचान हो सके। इतना ही नहीं फर्जी अंकसूची पर भी लगाम कसी सके। विश्वविद्यालय के मुताबिक अंकसूची पहले से ज्यादा सुरक्षित होगी।क्यूआर कोड, वाटरमार्क और विशेष प्रकार के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। नई अंकसूची को लेकर विश्वविद्यालय ने एजेंसी से संपर्क किया है। उन्होंने अंकसूची में संबंधित विद्यार्थी की फोटो भी लगाने पर जोर दिया है। इससे किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर मार्कशीट का इस्तेमाल करना मुश्किल होगा। दस्तावेज देखने वाली संस्था फोटो के माध्यम से विद्यार्थी की पहचान भी कर सकेगी। अब मार्कशीट पर केवल नाम और रोल नंबर ही नहीं, बल्कि विद्यार्थी की तस्वीर भी उसकी पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी।



### स्कैन करते ही मिलेगी जानकारी

नई अंकसूची में क्यूआर कोड रखा जाएगा। इसे मोबाइल से स्कैन करते ही अंकसूची से जुड़ी वास्तविक जानकारी सामने आ सकेगी। इससे नौकरी देने वाली कंपनियां, कालेज और अन्य संस्थान आसानी से जांच सकेंगे कि मार्कशीट असली है या नहीं। इसके लिए विश्वविद्यालय के कार्यालय में जाकर सत्यापन कराने की जरूरत भी कम होगी।

### चार स्तरों पर होगी सुरक्षा

अंकसूची को सुरक्षित बनाने के लिए चार प्रमुख फीचर्स शामिल किए जाएंगे। इनमें क्यूआर कोड, डीएवीवी का विशेष मोनोग्राम, किनारों पर उभरा हुआ वाटरमार्क और फाड़ने पर आसानी से नष्ट नहीं होने वाला उच्च गुणवत्ता का कागज शामिल है।

विश्वविद्यालय नई व्यवस्था को डिजिलाकर और एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट्स (एबीसी) से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। इससे विद्यार्थी अपनी डिजिटल मार्कशीट कभी भी डाउनलोड कर सकेंगे। वर्ष 2020-21 के बाद प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की उपलब्ध एबीसी और आयुष्मान आईडी से जुड़ी जानकारी को भी सिस्टम में एकीकृत करने की योजना है।

### मार्कशीट के लिए देना पड़ सकता है ज्यादा शुल्क

परीक्षा नियंत्रक अशेष तिवारी ने बताया कि अंकसूची में इन सुविधाओं के लागू होने से डीएवीवी मध्य प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन सकता है, जो इस तरह की सुरक्षित डिजिटल मार्कशीट जारी करेगा। एजेंसियों से कुछ सिक्यूरिटी फीचर्स पर चर्चा चल रही है। प्रस्ताव तैयार होने के बाद विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में इसे रखा जाएगा।

---

## भाजपा ने अपनी युवा विंग को खराब करने की ठानी...

### लगातार नियुक्तियों में देरी के बाद विवादित फैसले से कार्यकर्ता दुखी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के 19 जिलों में अध्यक्षों और महामंत्रियों की नियुक्तियों के बाद जिस तरह विवादों का सिलसिला शुरू हुआ है, उसने भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे के दावों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। इधर अब इंदौर में शहर की नियुक्ति को अटकाने पर भी कई सवाल खड़े हो रहे है। 29 अक्टूबर को नियुक्तियों की घोषणा हुई और अगले एक-दो दिन में ही कई नवनियुक्त पदाधिकारी गंभीर आरोपों और विवादों से घिर गए। बालाघाट में जिलाध्यक्ष अमन गांधी की भाभी ने मारपीट और जान से मारने की धमकी की शिकायत दर्ज कराई, तो मंडला में जिलाध्यक्ष उत्कर्ष यादव की पत्नी ने थार गाड़ी की मांग को लेकर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। नर्मदापुरम में छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित किए गए कुलदीप रघुवंशी को सीधे जिला अध्यक्ष की कुर्सी सौंप दी गई। उनका दावा है कि पुराने मामले में वह दोषमुक्त हो चुके हैं और पार्टी में वापसी भी हो गई थी। सिवनी में योगेश शिवहरे की नियुक्ति पर संगठन की पहले से तैयार सूची को दरकिनार करने के आरोप हैं।

---

# यूजीसी के समानता विनियम सर्कुलर को संघ ने बताया असंतुलित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने यूजीसी के समानता विनियम-2026 को असंतुलित बताते हुए कहा है कि सरकार इसकी समीक्षा कर रही है। संघ के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने इंदौर में कहा कि नियमों पर न्यायालय ने भी रोक लगाई है। उन्होंने भविष्य के फैसले में सभी पक्षों का संतुलन सुनिश्चित करने की बात कही।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी समानता विनियम सर्कुलर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने असंतुलित करार दिया है। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि न्यायालय ने भी इस सर्कुलर पर रोक लगाई है और सरकार भी पूरे मामले की समीक्षा कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय पर भविष्य में जो भी निर्णय आए, वह पूरी तरह संतुलित होना चाहिए और सरकार को यह संतुलन सुनिश्चित करना आवश्यक है। आंबेकर ने यह भरोसा जताया कि भारतीय समाज इतना कमजोर नहीं है जो किसी एक सर्कुलर मात्र से प्रभावित हो जाए या हिल जाए, इसलिए समाज को एकजुट रहना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने इंदौर में होने वाली तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक से पहले पत्रकार वार्ता में यह बात कही। उन्होंने देश में युवाओं और जेन जी के आंदोलनों से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि जब भी देश में कोई अपनी आवाज उठाता है, तो संघ को राजनीतिक पक्ष या विपक्ष के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों को यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि देश में होने वाला कोई भी आंदोलन पूरी तरह देशहित में ही संचालित हो।

### समानता विनियम और विवाद का मुख्य कारण

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने चालू वर्ष के जनवरी माह में एक सर्कुलर जारी करके देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विनियम-2026 को लागू किया था। इस नए विनियम के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को पूरी तरह रोकने के लिए 'समता समिति' (इक्विटी कमेटी) का गठन करना अनिवार्य कर दिया गया। आयोग के प्रावधानों के अनुसार, इस समता समिति में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) के प्रतिनिधियों के अलावा दिव्यांगजन और महिलाओं को शामिल करना अनिवार्य बनाया गया है।

---

# दीपावली पर लगने वालीं अस्थाई पटाखा दुकानों का हुआ आवंटन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अस्थाई पटाखा दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से नगर निगम माल विभाग द्वारा किया जाता हैं, उल्लेखनीय है कि पटाखा दुकान इस बार सामाजिक न्याय परिसर, कार्तिक मेला ग्राउंड ओर नगर निगम मुख्यालय के पीछे पटाखा दुकानें संचालित की जाएगी, जिसमें सामाजिक न्याय परिसर में 75 दुकानें, नगर निगम मुख्यालय के पीछे 50 दुकानें एवं कार्तिक मेला प्रांगण में 23 दुकानें संचालित होगी, इस हेतु शनिवार को सामाजिक न्याय परिसर, कार्तिक मेला क्षेत्र एवं नगर निगम मुख्यालय के पीछे लगने वाली कुल 148 दुकानों का लाटरी के माध्यम से आवंटन राजस्व समिति प्रभारी श्री रजत मेहता, माल विभाग के सहायक आयुक्त श्री राघवेंद्र सिंह पालिया, नायब तहसीलदार पलकेश परमार, माल विभाग के प्रभारी जयसिंह राजपूत, धीरज श्रीवास्तव, पटाखा व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष की उपस्थिति में किया गया।

साथ ही पटाखा व्यापारियों को समझाइश दी गई कि दुकानों के संचालन हेतु पर्याप्त सावधानी सुरक्षा, फायर सेफ्टी उपकरण का विशेष ध्यान रखें साथ ही दुकानों एवं परिसर में ज्वलनशील पदार्थ या पटाखों का प्रदर्शन नहीं करें इसी के साथ पर्याप्त दूरी में दुकानों का संचालन हो एवं साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखें।

---

व्यापार के हिसाब को समेटने का सबसे उपयोगी साधन बहीखाते ही होते हैं

# परंपरागत बहीखाते की साख आज भी है बरकरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नई तकनीक के इस युग मे कम्प्यूटर व मोबाइल का चलन बडा है और इंटरनेट ने संचार के क्षेत्र मे क्रांति ला दी किन्तु व्यापार मे हिसाब को सहेजने के परंपरागत तरीके ₹ बहीखाता ₹ की साख आज भी बरकरार है। शहर के कुछ बोहरा कागजी परिवार का बहीखाते बनाने का वर्षों पुराना कारोबार है। कमरी मार्ग स्थित अब्दुल अली खानभाई कागजी की तीसरी पीढी बहीखाते विक्रय करने का व्यवसाय कर रही है। फर्म के इमरान ने बताया कि उनकी दुकान लगभग डेढ सौ साल पुरानी है और न केवल प्रदेश बल्कि आसपास के राज्यों जैसे महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान से भी बहीखाते के आर्डर दीपावली से कई दिनों पूर्व बुक हो जाते हैं।

कमरी मार्ग पर दुकान के पीछे ही बही बनाने का कारखाना है जिसमे दीपावली की तैयारियां लगभग दो माह पूर्व से चल रही हैं। इमरान के अनुसार पांच छः लोग मिलकर एक दस्ते से लेकर दस दस्ते तक की बही तैयार करते हैं। व्यापार मे परंपरागत बहीखाते का बहुत महत्व है। व्यापार के हिसाब को समेटने का सबसे उपयोगी साधन बहीखाते ही होते हैं। भले ही कंम्प्यूटर का डेटा स्टोरेज बहुत अधिक है और आज व्यापारी कंम्प्यूटर पर हिसाब रखने लगे हैं किन्तु इससे बही की प्रामाणिकता व साख कम नहीं हुई। बहुत से व्यापारी बहीखाते को ही भरोसेमंद और प्रामाणिक मानते हैं और व्यापार के पूरे आंकडे बहीखाते मे ही संजोकर रखते हैं। बहीखाते का हिसाब ज्यादा सुरक्षित व प्रामाणिक है।

### धनतेरस से बही खरीदने की शुरूआत

व्यापारी वर्ग धनतेरस पर नवीन बही खरीदना शुभ मानता है। इस दिन मां लक्ष्मी के सम्मुख बहीखाता रखकर विधिवत पूजा की जाती है। बही को रोली, अक्षत ,कुंकुम अर्पित करके शुभता का प्रतीक स्वस्तिक बही पर बनाया जाता है व माता लक्ष्मी से व्यापार मे समृद्धि की कामना की जाती है। कागजी ने बताया कि धन का आय व्यय रखने का सशक्त माध्यम बही के पहले पन्ने पर माता लक्ष्मी व गणेश का चित्र अंकित होता है। छोटी बही जो कापी के रूप मे हैं उनको गत्ते से जिल्द चढाई जाती है जबकि परंपरागत ज्यादा पन्नों वाली बही पर लाल कपडा सिलाई किया होता है। पंडितों की वंशावली सहेजने की बही भी बनाई जाती है जिसमे वे यजमानों के रिकार्ड रखते हैं।

### थोडी मंदी आई पर भरपाई स्टेशनरी से हुई

इमरान कागजी ने चर्चा मे बताया कि बिजनेस कंप्यूटरीकृत होने से निश्चितरूप से बही की बिक्री मे मंदी आई पर फिर भी अधिकांश व्यापारी परंपरागत बही को तरजीह देते हैं। कंप्यूटरीकृत होने से स्टेशनरी का व्यापार बढा है। अब कंम्प्यूटर मे प्रयुक्त होनेवाला कागज ज्यादा बिक रहा है पहले कागज कम बिकता था। बही की मंदी की भरपाई स्टेशनरी से हुई है। दीपावली के पूर्व ही आसपास के छोटे व्यापारी थोक मे बही खरीदते नजर आ रहे हैं। कमरी मार्ग पर त्योहार की सतरंगी छटा दिख रही है जहां बोहरा समुदाय बहीखाते व सजावटी कागज व सामग्री विक्रय करके अपने सनातनी ग्राहकों की दीपावली मे अपने हुनर का सुन्दर रंग घोल रहा है।

---

संगठन में विकेंद्रीकरण की तैयारी

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में पहली बार बनेंगी राज्य इकाईयां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने संगठनात्मक ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है। प्रस्तावित बदलावों में क्षेत्र घटाना और नए संभाग बनाना शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, आरएसएस पहली बार राज्य स्तर पर संगठनात्मक इकाइयां बनाएगा।

आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक 2 से 4 नवंबर तक मध्यप्रदेश के इंदौर में होगी। तीन दिन की बैठक में संगठन के पुनर्गठन, शताब्दी वर्ष की गतिविधियों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

सूत्रों के मुताबिक, आरएसएस के 11 क्षेत्र घटाकर 9 किए जाएंगे। मौजूदा 46 प्रांतों की जगह करीब 90 संभाग बनाए जाएंगे। आरएसएस पहली बार राज्य स्तर पर संगठनात्मक इकाइयां बनाएगा। इनमें केवल राज्य प्रचारक और राज्य कार्यवाह होंगे। इस व्यवस्था में राज्य संघचालक का पद नहीं होगा। आरएसएस की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक मध्यप्रदेश के इंदौर में 2 से 4 नवंबर तक होगी। इसमें शताब्दी वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले और सभी छह सह-सरकार्यवाह शामिल होंगे। सभी अखिल भारतीय विभागों के प्रमुख और संगठन की कार्यकारी संस्था के सदस्य भी बैठक में हिस्सा लेंगे।

इसके तहत जिम्मेदारियां ज्यादा प्रभावी ढंग से बांटी जाएंगी और अलग-अलग स्तरों पर तालमेल बेहतर किया जाएगा। अधिक संख्या में संभाग बनने से संगठनात्मक गतिविधियों का प्रबंधन आसान होने की उम्मीद है।

## न्यूज कालम



## सरदार पटेल जयंती पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर और प्रतिभा सम्मान समारोह

**बुरहानपुर।** लौह पुरुष, भारत रत्न और देश की एकता व अखंडता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रेवा गुर्जर समाज मंडल नगर इकाई द्वारा स्थानीय रेवा गुर्जर भवन, संजय नगर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, मेधावी छात्र सम्मान एवं पदोन्नत-सेवानिवृत्त कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, नेपानगर नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटिल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल एवं रेवा गुर्जर मंगल भवन अध्यक्ष किशोर महाजन द्वारा सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, समर्पण और दृढ़ संकल्प की प्रेरणादायी मिसाल है। उनके आदर्श देशवासियों को सदैव राष्ट्र की एकता और समाजसेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। शिविर में डॉ. तबरेज सिद्दीकी (एमडी मेडिसिन), डॉ. प्रतीक चौधरी (एमएस जनरल सर्जरी), डॉ. शरद पवार (एमएस ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. नयन मालवीय (एमडी मनोचिकित्सा), डॉ. भावना पाटिल (आयुष विभाग), डॉ. योगेश चौधरी एवं नेत्र चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। इसी अवसर पर समाज के प्रतिभावान मेधावी छात्रों तथा पदोन्नत एवं सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप चौधरी ने किया तथा आभार प्रकाश चौधरी ने माना। अंत में सरदार पटेल के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

## रवि पुष्य नक्षत्र पर जैन पाठशाला के बच्चों ने किया सामूहिक पूजन



**सनावद।** रवि पुष्य नक्षत्र के शुभ संयोग पर श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ बड़ा जैन मंदिर में आचार्य वर्धमान सागर पाठशाला के बच्चों ने भक्तिभाव के साथ सामूहिक पूजन किया। श्वेत वस्त्रों में सजे बच्चों ने श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और अष्टद्रव्य से विधि-विधानपूर्वक पूजन कर धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। सन्मति जैन काका ने बताया कि बच्चों ने शुद्ध मंत्रोच्चार के साथ पूजन की विभिन्न क्रियाएं संपन्न कीं। उनकी भक्ति और अनुशासन ने उपस्थित समाजजनों का मन मोह लिया। अंशुमा सराफ एवं श्रुति सराफ ने बताया कि रवि पुष्य नक्षत्र को शुभ और पुण्यदायी माना जाता है। वहीं नूपुर जैन एवं तरीशी जैन ने कहा कि बच्चों को धार्मिक परंपराओं, संस्कारों और पूजन विधि से जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। सामूहिक पूजन के पुण्यार्जक श्रीमती बिना-लोकेंद्र कुमार जैन, शिवानी-नकुल जैन, कुश एवं श्रावी जैन, सनावद परिवार रहे। पुण्यार्जक परिवार की ओर से सभी बच्चों को प्रभावना एवं स्वल्पाहार कराया गया। इस अवसर पर पाठशाला समिति के सदस्य, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। समाजजनों ने बच्चों के धार्मिक उत्साह और पुण्यार्जक परिवार के सेवा भाव की सराहना की।

## 37 हजार की आबादी को शहरी सुविधाओं का इंतजार

**बड़वाह/सनावद।** शहरों से सटी ग्राम पंचायतों में तेजी से बढ़ती आबादी के बीच बुनियादी सुविधाओं का सवाल एक बार फिर सामने आया है। ग्रामीण क्षेत्रों के सुनियोजित विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक सचिन बिरला ने पांच ग्राम पंचायतों को नगर पालिका परिषदों में शामिल करने की पहल की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। विधायक ने बड़वाह नगर पालिका में ग्राम पंचायत करबा बड़वाह, बावड़ीखेड़ा, सिसरालाय और नावघाटाखेड़ी को शामिल करने की मांग की है। वहीं, सनावद नगर पालिका की सीमा से लगी ग्राम पंचायत रूपखेड़ा को भी नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित करने का प्रस्ताव रखा है।विधायक के अनुसार बड़वाह की चारों ग्राम पंचायतों की कुल आबादी लगभग 33 हजार है। इनमें करबा बड़वाह की 17 हजार, बावड़ीखेड़ा की 5 हजार, सिसरालाय की 9 हजार तथा नावघाटाखेड़ी की करीब 2 हजार आबादी शामिल है। वहीं, रूपखेड़ा की आबादी लगभग 4 हजार है। इस तरह पांचों पंचायतों की कुल आबादी करीब 37 हजार तक पहुंचती है।

## 37 नग हरे गांजे के पौधे (कुल वजनः 9 किलो 840 ग्राम) किए गए जब्त



**बड़वानी।** जिले में अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान *'ऑपरेशन ग्रीन स्ट्राइक'* के तहत बड़वानी पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस महानिरीक्षक (ग्रामीण जोन, इंदौर) श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक (निमाड़ रेंज, खरगोन) सुश्री सिमाला प्रसाद के दिशा-निदेर्शों तथा प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री विनोद कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में यह कार्रवाई की गई है। इस पूरी कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी बड़वानी श्री रोहित अलावा का निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त रहा।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन को प्राथमिकता, जिले भर में विशेष अभियान के तहत अधिकारी मैदान में उतरे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को उनकी आवासीय संपत्ति का वैधानिक अधिकार उपलब्ध कराने तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दे रही है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र के भू-खंडधारियों को स्वामित्व अभिलेख उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इसी क्रम में कलेक्टर विवेक कुमार के निदेर्शानुसार जिले में स्वामित्व पंजीयन कार्य को गति देने के लिए विशेष अभियान संचालित है। अभियान के तहत 31 अक्टूबर को जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मैदानी स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई। अधिकारी प्रातः 7.30 बजे कलेक्ट्रेट में आयोजित ब्रीफिंग के पश्चात आवंटित पटवारी हल्कों में पहुंचे और राजस्व अमले के साथ पंजीयन कार्य की प्रगति का जायजा लिया। कार्य में पटवारियों को सहयोग देने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई।

कलेक्टर विवेक कुमार स्वयं भी मैदानी भ्रमण पर निकले। उन्होंने ग्राम बिरोदा एवं बहादरपुर पहुंचकर स्वामित्व योजना के तहत चल रहे पंजीयन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं राजस्व अमले से कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा पंजीयन प्रक्रिया में तेजी लाते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर स्वामित्व अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

ग्राम बहादरपुर में कलेक्टर ने अपने समक्ष हितग्राहियों की स्वामित्व पंजीयन प्रक्रिया संपन्न कराई। उन्होंने योजना के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि स्वामित्व अभिलेख ग्रामीण परिवारों के लिए उनकी संपत्ति का महत्वपूर्ण कानूनी दस्तावेज है। इससे संपत्ति पर अधिकार सुनिश्चित होने के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण प्राप्त करने का रास्ता भी सुगम होगा। शनिवार को आयोजित विशेष अभियान के तहत जिले में शाम 4 बजे तक 1653 रजिस्ट्री हुई, वहीं अब तक 15,214 रजिस्ट्रियां पूर्ण की जा चुकी हैं।

स्वामित्व योजना संपत्ति के दस्तावेज उपलब्ध कराने के साथ ही ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल है। संपत्ति का वैधानिक अभिलेख होने से ग्रामीण नागरिकों को अपने अधिकारों की स्पष्ट पहचान मिलेगी और वे अपनी संपत्ति का उपयोग आर्थिक गतिविधियों के लिए भी कर सकेंगे।

## एनएफआर ने माल परिवहन के लिए रंगापाणी-बागडोगरा लाइन किया चालू

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने कटिहार मंडल के अधीन 6.8 किलोमीटर लंबी रंगापाणी-बागडोगरा साइडिंग लाइन को नियमित माल परिवहन के लिए चालू कर दिया है। इससे इस क्षेत्र में माल की आवाजाही आसान हो गई है और माल ढुलाई कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। लंबे समय से बंद पड़े इस लाइन को काफी कम लागत में पुनः चालू किया गया। इस तरह, माल ढुलाई की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा रेल बुनियादी ढांचे का प्रभावी उपयोग किया गया है।

इस विकास के साथ, पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर)से आने वाली और फारबिसगंज होकर एनएफआर में प्रवेश करने वाली ट्रेनों को अब सिलीगुड़ी जंक्शन पर दिशा बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस रिवर्सल को समाप्त करने से काफी ऊर्जा की बचत होगी, रोलिंग स्टॉक का अनावश्यक ठहराव करने की जरूरत नहीं पड़ेगीऔर रिवर्सल कार्यों के लिए क्रू तथा शंटिंग स्टाफ की आवश्यकता भी कम हो जाएगी।

इस नई परिचालन व्यवस्था से एनएफआर कोईसीआर सेफार बिसगंज में प्रतिदिन कम से कम 10 ट्रेनें मिल सकेगी, जिसे बारसोई के आगे के गंतव्यों तक भेजा जा सकेगा। इससे माल ढुलाई की क्षमता और परिचालन दक्षता में काफी सुधार होगा, साथ ही ट्रेनों की आवाजाही तेज होगी और रोलिंग स्टॉक का बेहतर उपयोग हो सकेगा।

यह अतिरिक्त फ्रेट रूट परिचालन में अधिक लचीलापन और रेलवे संसाधनों का अधिक कुशल उपयोग प्रदान करता है।

## कलेक्टर ने हितग्राही के घर पहुंचकर स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन की जमीनी हकीकत जानी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानने के लिए कलेक्टर विवेक कुमार ने शुक्रवार देर शाम ग्राम सूक्ताखुर्द एवं असीर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर के उपरांत कलेक्टर सीधे हितग्राहियों के घर पहुंचे और उनसे संवाद कर स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना की प्रगति, लाभ एवं क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

इस दौरान कलेक्टर योजना की हितग्राही तड़वी बाई के घर पहुंचे। उन्होंने हितग्राही से आत्मीयता के साथ चर्चा की और योजना के संबंध में जानकारी देते हुए इसके लाभों से अवगत कराया। उन्होंने स्थानीय परिस्थितियों एवं हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने संबंधित पटवारी को योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यों में प्रगति सुनिश्चित कराएं और पटवारियों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा का महत्व समझाते हुए बच्चों को पढ़ाई हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता से निराकरण करें। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।

## सेवानिवृत्त सह प्रोफेसर को तत्काल प्रोफेसर पदनाम दिया जाए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के अधीन सेवारत होकर सेवानिवृत्त हुए विभिन्न कालेजों के विषयवार सह प्रोफेसरों को भी तत्काल प्रोफेसर पदनाम का आर्थिक लाभ मिलना चाहिए । उच्च शिक्षा मंत्रालय में चलती लेट लतीफी औ? मनमानी के चलते कई सह प्राध्यापक पिछले कई वर्षों से प्राध्यापक पदनाम से वंचित हैं । प्राध्यापक पदनाम की मांग करने के बावजूद मांग को अनसुना कर दिया जाता है।

सोशल वर्कर शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम से सह प्राध्यापक अर्थशास्त्र के पद से सेवानिवृत्त हुए तथा प्रांतीय प्राध्यापक संघ के पूर्व सदस्य डॉ. मदनलाल गांगले ने बताया है कि विगत कई महा पूर्व मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा विभिन्न विषयों के कई कार्यरत सह प्रोफेसरों को प्राध्यापक पदनाम प्रदान किया गया है । लेकिन म.प्र. में पिछले दस वर्षों या इससे भी पहले से विभिन्न विषयों के कई सह प्राध्यापक सेवानिवृत्त हुए हैं । इनकी संख्या 500 है इन्होंने भी अपने सेवाकाल में सरकारी कार्य को सेवा कार्य के रूप में ईमानदारी से कार्य किया है । अभी तक प्राध्यापक पदोन्नति से वंचित हैं ! इन्हें भी अभी तक पदोन्नति का आर्थिक लाभ नहीं मिला है ।

डॉ. गांगले ने यह भी बताया है कि प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए 500 सह प्रोफेसरों को जो सरकार की पदोन्नति प्रकिया से बाधित हुए हैं और पदोन्नति पाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं तत्काल (वरिष्ठता क्रम) सीनियरिटी के आधार पर प्रमोशन का आर्थिक लाभ दिया जाना चाहिए ।

## सनावद में फिर बेखौफ अवैध शराब बिक्री

**सनावद।** नगर में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पहले चलाए गए अभियान के बावजूद हालात फिर जस के तस हो गए हैं। समाजसेवी बंधु संगठन, जागरूक नागरिकों और पत्रकारों के प्रयासों से कुछ समय तक कार्रवाई हुई, लेकिन अब अवैध शराब के अड्डे फिर बेखौफ संचालित होने लगे हैं। इसे लेकर संगठन ने आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दो दिन में अवैध कारोबार बंद कराने की मांग की है। वार्ड क्रमांक १ के निवासी शुभम शर्मा ने बताया कि नगर में कई स्थानों पर स्कूल से महज 40 मीटर की दूरी पर शराब बिक्री हो रही है। आसपास सोनोग्राफी सेंटर, मंदिर और यात्री प्रतीक्षालय भी हैं। इन स्थानों पर महिलाओं, गर्भवती माताओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों का नियमित आवागमन रहता है।

## सेंधवा में दीपावली पूर्व खाद्य प्रतिष्ठानों पर की गई नमूना कार्रवाई

**सेंधवा।** माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्यप्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच, खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में आज सेंधवा अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में गठित दल के द्वारा सेंधवा में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ए.बी. रोड़ स्थित श्याम दूध डेयरी से मावा और दूध के नमूने, मौलाना आजाद मार्ग स्थित हारून बाबा होटल से सोयाबीन तेल और बेसन के नमूने तथा जवाहर गंज स्थित लोकेश्वरी ट्रेडर्स से सोयाबीन तेल का नमूना गुणवत्ता की जांच हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा लिये गये। निरीक्षण के दौरान श्याम दूध डेयरी एवं हारून बाबा होटल में आवश्यक साफ सफाई नहीं पाई गई और खाद्य पदार्थ ढंककर रखे नहीं पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता को सुधार सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। निर्धारित अवधि में सुधार सूचना पत्र का अनुपालन नहीं किए जाने की स्थिति में नियमानुसार संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के पंजीयन अथवा अनुज्ञप्ति के निलंबन की कार्रवाई की जा सकती है। खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे है। जांच रिपोर्ट एवं प्रकरण में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण कार्रवाई के दौरान तहसीलदार सेंधवा श्री हितेंद्र भावसार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज अंचल एवं पटवारी श्री मुकेश खरते एवं जितेंद्र जमरा उपस्थित रहे।



## सोने-चांदी की दुकानों पर उमड़ी ग्राहकों की भीड़

**सनावद।** शुभ मुहूर्त में खरीदारी की परंपरा का असर रवि पुष्य नक्षत्र पर शहर के सराफा बाजार में साफ नजर आया। सुबह से देर रात तक ज्वेलरी दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। सोने-चांदी के आभूषणों से लेकर सिक्कों और बर्तनों तक की जमकर खरीदारी हुई। रवि पुष्य के संयोग को समृद्धि और शुभ शुरूआत का प्रतीक मानते हुए लोगों ने इस दिन खरीदारी को प्राथमिकता दी। महिलाओं में सोने के हार, चूड़ी और अंगूठियों का आकर्षण रहा, वहीं चांदी के सिक्कों और लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाओं की भी मांग रही। जम्बूदीप ज्वेलर्स के संचालक विशाल वैभव सराफ ने बताया कि इस बार छोटे कछुआ सिक्कों और हल्के वजन के आभूषणों की मांग अधिक रही। पिछले वर्ष के मुकाबले बिक्री भी बेहतर रही। शुभ मुहूर्त के चलते देर रात तक बाजार में ग्राहकों की चहल-पहल बनी रही।

## मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज को आचार्य पद पर प्रतिष्ठित करने की अभिलाषा

डॉ. जैनेंद्र जैन

**इंदौर।** बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक गंभीर और लंबी बहस चल रही है। विषय है – विद्वानों, मनीषियों और समाज के श्रेष्ठी वर्ग की एकराय से जगत पूज्य निर्यापक मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज को आचार्य पद पर प्रतिष्ठित करने की अभिलाषा।

विडंबना देखिए जिस विषय पर सम्पूर्ण समाज को उल्लासित होना चाहिए, उसी पर कुछ लोग प्रश्नों की गठरी लेकर बैठ गए हैं जबकि इतिहास साक्षी है कि पूर्व में भी अनेक अवसरों पर विद्वानों, मनीषियों और समाज के अग्रजों ने एकमत होकर प्रतिभासंपन्न साधुओं को आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया है। उन्हीं आचार्यों की दीक्षा परंपरा से निकले साधकों ने आगे चलकर जिनशासन (श्रमण संस्कृति) की ऐसी पताका फहराई कि उसकी कीर्ति देश की सीमाओं को लांघकर विदेशों तक गूंजी। और नमोस्तु शासन जयवंत हो रहा है



दद्दू ने कहा कि वर्तमान समय में एक प्रश्न उठाया जा रहा है – यदि समाज की अनुमोदना से आचार्य पद प्रतिष्ठित होने लगे, तो क्या प्रत्येक साधु ऐसी अपेक्षा करने लगेगा?

इसका सरल उत्तर है – आचार्य पद कोई याचना से प्राप्त होने वाली वस्तु नहीं है और न ही समाज की अनुमोदना किसी भीड़ का कोलाहल है। यह तो बहुसंख्यक बुद्धिजीवियों, विद्वानों, मनीषियों, समाज के प्रतिष्ठित भामाशाहों और व्यापक स्तर पर प्राप्त समर्थन एवं सम्मति का विषय है। समाज सर्वोपरि होती है और हर आवाज निर्णय नहीं होती और हर विरोध अंतिम सत्य भी नहीं होता।

पूवार्चार्यों ने सम्मत विधान के अनुसार आचार्य पद प्रतिष्ठा की दो विधियों को मान्यता दी है –

प्रथमः एक आचार्य द्वारा/द्वितीय समाज के बहुसंख्यक वर्ग की अनुमोदना से

फिर एक मान्य परंपरा पर इतनी आपत्ति क्यों? क्या परंपरा का सम्मान केवल तभी तक है, जब तक वह हमारी सुविधा के अनुकूल हो?

वास्तविकता यह है कि बहस का एक पक्ष प्रतिभा के सम्मान पर विचार कर रहा है और दूसरा पक्ष उसी प्रस्तावना के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। काश! विरोधी भी एक बार विरोध का चश्मा उतारकर अनुमोदना की दृष्टि से देखें, तो शायद उन्हें वही तेजस्विता दिखाई दे, जिसे देखने के लिए हजारों नेत्र उत्सुक हैं।

44 वर्षों की कठोर तप साधना, तपस्या त्याग, अगाध विद्वत्ता और जिनशासन प्रभावना के पश्चात भी जगत पूज्य के व्यक्तित्व में पद की कोई लालसा दृष्टिगोचर नहीं होती। उन्हें किसी नाम, उपाधि या प्रतिष्ठा की अपेक्षा नहीं। वे पद से पूर्व भी पूज्य थे और पद के पश्चात भी जगत पूज्य रहेंगे और उनकी साधना भीअविचल रहेगी।

## जिले में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर,

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, समृद्ध परंपराओं और विकास यात्रा का उत्सव है। 1 नवंबर 1956 को अस्तित्व में आए मध्यप्रदेश ने अपनी प्राकृतिक संपदा, नदियों, वनों, ऐतिहासिक धरोहरों और जनजातीय संस्कृति के माध्यम से देश में विशिष्ट पहचान बनाई है।

इसी कड़ी में जिले में 71वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उमंगमय वातावरण में मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह इंदिरा कॉलोनी स्थित परमानंदजी गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन भी हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने, कलेक्टर विवेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि आज हम प्रदेश की ७१वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और इस गौरवशाली विकास यात्रा के साक्षी हैं। उन्होंने नागरिकों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, जल संरक्षण करने तथा पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण में भी सक्रिय सहभागिता की।

## 71वें म.प्र. स्थापना दिवस पर जिले में गरिमापूर्ण तरीके से जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



मध्यप्रदेश के 71वे स्थापना दिवस के अवसर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी के सभागृह में जिला स्तरीय कार्यक्रम उत्साह, गरिमा और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ।

समारोह में लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ,कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अर्पित गुप्ता, सहायक कलेक्टर श्री माधव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी गण,गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। युवाओं की सहभागिता से ही मध्य प्रदेश बनेगा देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदेश - सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने सभी को 71वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा मध्यप्रदेश विकसित करना है जो न केवल भौतिक अधोसंरचना बल्कि अपनी समृद्ध संस्कृति में भी अग्रणी हो।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदेश बने, जिसके लिए एकता, अनुशासन और दृढ़ संकल्प आवश्यक है। भारत को विश्वगुरु बनाने में हमारे युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है। आज पूरे विश्व की नजरें भारत पर टिकी हैं क्योंकि भारत में विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी है।

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर सद्भावना मंच ने किया स्मरण

**खंडवा।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर माली कुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय में विशेष स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सद्भावना मंच के सदस्य कमल नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मंच के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंच के संस्थापक प्रमोद जैन ने देश की आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को स्मरण करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं।उन्होंने अपने दृढ़ नेतृत्व, साहस और राजनीतिक निर्णय क्षमता से भारतीय राजनीति में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

**न्यूज -कॉलम**

## रॉग साइड वाहन चलाने वाले चालक पर जुर्माना



**उज्जैन।** शिप्रा विहार औद्योगिक क्षेत्र में रॉग साइड हुटर बजाकर तेजगति से वाहन चलाने वाले कार चालक का वीडियो यातायात पुलिस के पास पहुंचा तो वीडियो के आधार पर तलाश शुरू की गई। कार पर करणी सेना परिवार की प्लेट लगी थी। पुलिस ने नम्बर एमपी 13 ए जे 5587 ट्रेस कर चालक को हिरासत में लिया। कार को जप्त कर चालक के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करते हुये 2 हजार रूपये समन शुल्क वसूला। पूर्व में यातायात पुलिस स्टंटबाजी करने वाले, लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ जुर्माने और चालन की कार्रवाई कर चुकी है। एक बार फिर यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अपील की गई कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। रॉग साइड वाहन नहीं चलाये। मार्गो पर स्टंटबाजी ना करें। खुद के साथ दूसरों की सुरक्षा ध्यान रखे। पुलिस द्वारा नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों की सूचना देने के लिये मोबाइल नम्बर 7587637158 जारी किया गया है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

## महाकाल थाना परिसर में चला स्वच्छता अभियान

**उज्जैन।** शहर में जहां दीपावली को लेकर साफ-सफाई अभियान चल रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले के समस्त थाना भवनो में भी स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई। रविवार को महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल और थाना स्टॉफ ने भवन के कक्ष और परिसर में अभियान चलाया। चिमनगंज थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार द्वारा भी थाना भवन परिसर में रविवार को स्वच्छता अभियान की शुरूआत की और जप्त वाहनों सही तरीके से खड़ा कराया। परिसर में पेड़ों की झूलती डालियों की छंटनी की गई। उसके बाद भवन कक्षों को स्वच्छ करने के अभियान की शुरूआत की। पुलिस द्वारा स्वच्छता और सुव्यवस्थित कार्यस्थल बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निदेश पर अभियान संचालित किया गया।

## नजरपुर में 2 बाइक के बीच भिड़ंत, 4 घायल

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम नजरपुर में रविवार दोपहर 2 बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। एक बाइक पर दंपति और बालिका सवार थे। दूसरी बाइक एक युवक था। चारों के घायल होने पर उन्हे निपानिया टोल की एम्बुलेंस चरक अस्पताल लेकर पहुंची। घायल दंपति के नाम पूजा पति संजू नाथ और संजू पिता बसंत नाथ निवासी लक्ष्मीपुरा सामने आये। घायल बालिका दंपति की भांजी सोनाक्षी पिता राजूनाथ 19 साल थी। तीनों लक्ष्मीपुरा कायथा से सनावद जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर घायल दिलीप पिता बाबूलाल डाबी निवासी ग्राम डाबरी घट्टिया होना सामने आया। चारों को उपचार के लिये भर्ती किया गया है। मामले की सूचना घट्टिया थाना पुलिस को अस्पताल स्टॉफ की ओर से दी गई है। सड़क दुर्घटना का एक मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कमेड उज्जैन-गरोठ मार्ग पर हुआ। 2 बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार लोकेश पिता संपत कुमार जैन निवासी पल्लर नगर एयरपोर्ट इंदौर घायल हो गया। उसके द्वारा दूसरी बाइक चालक को देखकर चलाने की बात कहीं तो उक्त बाइक चालक ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दूसरी बाइक चालक के खिलाफ टक्कर मारने और मारपीट करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## अज्ञात कारणों से 16 साल के बालक ने खाया जहर

**उज्जैन।** कायथा में रहने वाले 16 साल के बालक देवप्रकाश पिता मनोज वर्मा ने शनिवार शाम अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन हालत बिगड़ने पर अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। परिजनों ने उज्जैन फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात में बालक की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। जांच के लिये मर्ग डायरी कायथा थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

## बदमाशों ने कॉलोनी में लगी डीपी तोड़कर चुराया ऑयल

**उज्जैन।** कानीपुरा मार्ग स्थित तिरूपति कृष्णावेली में लगी विद्युत डीपी तो?कर बदमाशों ने उसमें भरा कई लीटर ऑयल चोरी कर लिया। ऑयल चोरी होने पर कालोनी की बिजली व्यवस्था ठप्प हो गई। मामले की जानकारी लगने पर कालोनी का निर्माण करने वाले महेश परियाणी द्वारा मामले की शिकायत चिमनगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई गई है।

**मामला होटल श्री गंगा के फूड वेस्ट चैंबर में चार की मौत का.....**

# मुआवजे की मांग पर अड़े समाजजन सड़क पर बैठे






दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होटल श्री गंगा में शनिवार रात हुये दर्दनाक घटनाक्रम में चार युवकों की मौत के बाद रविवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान 3 मृतकों के समाज से जुडे लोग और परिजन मुआवजे की मांग पर अड गये। उन्होने शव लेने से मना कर दिया और सडक पर बैठ गये। मृतकों को शासन स्तर पर 4-4 लाख और होटल प्रबंधन की ओर से 30-30 लाख की सहायता प्रदान किये जाने की बात कहीं गई।

देवासरोड पर श्री गंगा होटल में दीपावली से पहले फूड वेस्ट चैंबर की सफाई के लिये आउटसोर्स कर्मचारियों को बुलाया गया था। शनिवार रात 10 बजे सफाई का काम शुरू किया गया था। 10.30 बजे के लगभग ऊपरी मंजिल से चैंबर में एक युवक संतुलन बिगडने से गिर गया। उसे बचाने के लिये एक के बाद एक उतरे 3 युवक भी फंस गये। गैंस की वजह से तीनों बेहोश हो गये और बाहर नहीं आ सके। मामले की जानकारी लगने पर माधवनगर थाना पुलिस की टीम पहुंची, चैंबर को तोडने और काटने का काम शुरू किया और डेढ़ घंटे बाद चारों को फूड वेस्ट के मलबे से बाहर निकाला गया। उन्हे सीपीआर भी दिया गया लेकिन उनकी सांसे नहीं लौटी। मृतकों के नाम कमलेश पिता सोहनलाल 30 साल, नितिन पिता ताराचंद्र 22 साल निवासी वाल्मिकीनगर, वाहिद पिता सगीर 35 साल निवासी सुसनेर हाल मुकाम पहलवान पीर का टेकरा जानसापुरा और



मनोज पिता रोजमल मीणा 25 साल निवासी मंडावर जिला झालावाड राजस्थान सामने आये। मनोज होटल का कर्मचारी था। रविवार सुबह जल्द पोस्टमार्टम कराया गया। मनोज का शव भाई विकास लेकर झालावाड के लिये रवाना हो गया, लेकिन तीनों मृतकों के परिजनों और समाजजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया। उन्होने मुआवजे की मांग करते हुये सडक पर धरना दे दिया।

**5 लाख से 30 लाख तक पहुंचा मामला**- पोस्टमार्टम के दौरान ही मृतकों के परिजनों और समाजजनों ने मुआवजे की मांग शुरू कर दी थी। उनका कहना था कि 1 करोड और परिजनों को नौकरी दी जाये। होटल प्रबंधन ने 5-5 लाख देने की बात कहीं। लेकिन समाजजन संतुष्ट नहीं थे। दोपहर में तय हुआ कि 30-30 लाख सहायता दी जायेगी। उसके बाद परिजन शवों को अंतिम संस्कार के लिये ले गये। इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भी शासन स्तर पर 4-4 लाख दिये जाने की घोषणा की।

**राज्यसभा सदस्य पहुंचे पोस्टमार्टम कक्ष**-परिजनों और वाल्मिकी समाज के लोगों द्वारा की जा रही मुआवजे की मांग को देखते हुये राज्य सभा सदस्य एवं वाल्मिकी समाज के धर्मगुरू उमेशनाथ महाराज पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे। घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की और मुख्यमंत्री से उनकी मांगों के संबंध में चर्चा का आश्वासन दिया। महापौर मुकेश टटवाल भी आ गये थे। उन्होने मदद का आश्वासन दिया और मृतक कमलेश के साथ नितिन के नगर निगम कर्मी होने पर शहर की सभी होटल में वेस्ट चैंबरों की जांच कराने की बात कहीं।

**प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे थे होटल**

शनिवार रात घटनाक्रम सामने आने के बाद एसपी प्रदीप शर्मा सबसे पहले होटल श्री गंगा पहुंचे थे। उसके बाद कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसडीएम एल. एन. गर्ग, नगर निगम प्रभारी आयुक्त भी होटल पहुंच गये थे। सभी ने पूरे मामले की जांच कराने की बात कहीं। होटल संचालक भी घटनास्थल पर आ गये थे।

**इनका कहना**

मामले की जांच की जा रही है। लापरवाही सामने आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**प्रदीप शर्मा, एसपी**

चार युवकों की मौत होने पर मर्ग कायम किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**गजेन्द्र पचौरिया, टीआई माधवनगर**

होटल श्री गंगा हादसे में मृतकों की मौत की वजह गैस से दम घुटने पर होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम के बाद विसरा रिजर्व किया गया है। जांच के लिये भेजा जायेगा।

**विक्रम रघुवंशी, सीएमएचओ**

# पुलिस की गाड़ी से कूदकर भागा डबल मर्डर का आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



डबल मर्डर का आरोपी 110 दिन बाद नागपुर से पुलिस की हिरासत में आ गया। उसे उज्जैन लाया जा रहा था लेकिन पुलिस की गाडी से कूदकर भाग निकला। उसे पकडने के लिये दौडी पुलिस टीम को देख आरोपी ब्रिज से कूद गया।

नीलगंगा चौराहा पर 110 दिन पहले 18 जुलाई की रात पासी गैंग के बदमाशों ने लोकेश गोरकर और उसके सगे भाई जय गोरकर की जघन्य हत्या कर दी थी। दोनों भाईयों को बचाने में चाचा दिलीप गोरकर और उनका पुत्र तपन गंभीर घायल हो गया था। नीलगंगा पुलिस ने मामले में डबल मर्डर का प्रकरण दर्ज किया था। 18 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी। पांच आरोपी फरार चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। शनिवार को खबर मिली कि डबल मर्डर का एक आरोपी नागपुर में छुपा हुआ है। थाना प्रभारी तरूण कुरील की टीम उसकी गिरफ्तारी के लिये पहुंची थी। जहां से आरोपी रोहित बौरासी निवासी जबरन कालोनी को हिरासत में लेकर उज्जैन लौट रही थी। नागझिरी गरोठ बायपास ब्रिज क्षेत्र में पुलिस की गाडी अचानक खराब हो गई। इस दौरान आरोपी गाडी से कूद गया और भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे पकडने के लिये पीछा। आरोपी ने ब्रिज से कूदकर भागने का प्रयास किया लेकिन गिरने पर घायल हो गया। उसे टीम ने दबोचा और उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। नीलगंगा टीआई तरूण कुरील ने बताया कि अब तक डबल मर्डर मामले में रोहित बौरासी सहित 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब भी 4 आरोपी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। फरार आरोपियों पर इनाम भी घोषित है। रोहित भी इनामी आरोपी था।

## फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**उज्जैन।** षडयंत्र रचने के बाद हत्या को अंजाम देने वाले आरोपियों को 2 साल पहले उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। जमानत पर रिहा हुआ एक आरोपी फैसला आने के बाद फरार हो गया था। जिसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने सजा के बाद से फरार चल रहे आरोपी को शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया।

वर्ष 2019 में चिंतामण क्षेत्र में एक युवती की सडक दुर्घटना में मौत होने का मामला सामने आया था। पुलिस जांच में घटनाक्रम षडयंत्र रचकर हत्या का होना सामने आया था। पुलिस ने मामले से जुडे हिन्दूवादी नेता सुखविंदसिंह खनूजा, समीर उर्फ मोहसीन, पंकज उर्फ पवन, उमा पति पंकज, संजय उर्फ संजू और वाहिद को गिरफ्तार किया था। सुनवाई के दौरान सभी आरोपियों को जमानत मिल गई थी। इस बीच वर्ष 2024 में न्यायालय ने फैसला सुनाया और सभी को उम्रकैद की सजा सुनाई। पांच आरोपी को जेल भेज दिया गया था, लेकिन जमानत मिलने के बाद और फैसला आने पर भी आरोपी संजय उर्फ संजू धुर्वे निवासी गांधीनगर इंदौर गिरफ्त में नहीं आ पाया था। उसके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। 3 साल बाद पुलिस ने सजायाफ्ता फरार वारंटी संजय को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि मामला सुखविंदर खनूजा से जडा था। उसकी प्रेमिका ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया था। उस वक्त सुखविंदर को गिरफ्तार किया गया था लेकिन जमानत मिल गई थी, युवती शादी का दबाव बना रही थी। सुखविंदर ने उसकी हत्या की साजिश रची और अपने ढाबे पर बुलाया। षडयंत्र के तहत उसका मैजिक से एक्सीडेंट करा दिया था। जिसमें युवती की मौत हो गई थी।

## कैमरों की मदद से मिला चोरी के आरोपी का सुराग

**पिता के साथ की थी मोबाइल दुकान में वारदात**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



दुकान का शटर उचाकर लाखों के मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी तक पुलिस कैमरों की मदद से पहुंच गई। उसके पास से ढाई लाख के मोबाइल, आईपैड बरामद कर लिये गये है। शेष मोबाइल उसके पिता के पास है। जिसकी बरामदगी के साथ पिता को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है।

चिमनगंज थाना टीआई अशोक पाटीदार ने बताया कि 6 अक्टूबर को फाजलपुरा गोल्डन मोबाइल दुकान में चोरी को अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया था और` 15 मोबाइल फोन, एप्पल आईपैड, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर एवं हार्ड डिस्क तथा नगदी चोरी कर ली गई थी। दुकान संचालक परवेज मंसूरी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और तकनीकी साक्ष्यों पर काम शुरू किया गया। जिसके आधार पर शनिवार रात आशीष उर्फ गंजूसिंह पिता खय्याम पारदी निवासी छोटी झागरिया पारदी मोहल्ला थाना रातीबड भोपाल, हाल मुकाम झुग्गी-झोपडी, सेंट पॉल स्कूल के सामने चिमनगंज को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ करने पर उसने पिता के साथ चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर 2 मोबाइल फोन, 1 एप्पल आईपैड एवं सीसीटीवी का डीवीआर कीमत 2.50 लाख रूपये बरामद कर लिया गया। शेष मोबाइल पिता खय्याम के पास होना बताया है। पिता की तलाश के लिये रविवार को आरोपी आशीष को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में एसआई दिनेश भाट, प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, पीयूष मिश्रा, आरक्षक आनंद मिश्रा, जगदीश गेहलोत, रवि पटेल, अभिषेक राठौर, सैनिक चंदनसिंह का सहयोग रहा।

## झूले की रस्सी पर लटका मिला बालक

**उज्जैन।** खाराकुआ थाना क्षेत्र के गुदरी में रहने वाला 15 वर्षीय कासिम पिता मोहम्मद रशीद रविवार शाम घर में रस्सी के झूले पर लटका मिला। उसके गले में रस्सी उलझी हुई थी। परिजनों ने उसे झूले से निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे। कासिम की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी सामने आई कि कासिम झूले पर करतब कर रहा था, इस दौरान रस्सी उसके गले में फंस गई थी। पुलिस के अनुसार मामले की जांच शुरू की गई है। परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

## रात में महिला ने लगाई फांसी

नानाखेड़ा बसंत विहार में रहने वाली सीमा पति अरूण मालवीय 33 साल ने शनिवार रात फांसी लगा ली। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। मामला पारिवारिक विवाद से जुडा सामने आया। देवास मायके से आये परिजनों ने पति और सास पर आरोप लगाये। पुलिस ने जांच के बाद आगे की विवेचना शुरू करने की बात कहीं है।

## पांच आरोपियों से मिला मादक पदार्थ

**उज्जैन।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार में जिले की पांच थाना पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 2.655 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ है।

पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार की शुरूआत कर नशे के अवैध कारोबार करने वालों के साथ नशे से जुडी चैन को तोडने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में पंवासा, नानाखेडा, नागझिरी, महाकाल और खाचरौद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पंवासा पुलिस ने पांड्याखेडी ब्रिज के नीचे से अंकित पिता रामचन्द्र मंडोर निवासी विनायक पार्क कॉलोनी को पकडा। उसके पास से 1 किलो 298 ग्राम गांजा बरामद किया गया। महाकाल पुलिस ने मौलाना मौज की दरगाह के पास से मोईन उर्फ कालू पिता मुबारिक खान शकरपुर से 112 ग्राम गांजा जप्त किया। नागझिरी पुलिस द्वारा कमल पिता रामसिंह चंदावत निवासी ग्राम जमालपुरा इंगोरिया को गिरफ्तार कर 4.69 ग्राम एमडी ड्रग्स और 0.42 ग्राम ड्रग्स की गोली बरामद की। नानाखे?ा पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर क्षेत्र से ईश्वर पिता रमेश बारवासी आनंद नगर को पकडा, जिसके पास से 130 ग्राम गांजा बरामद किया। खाचरौद पुलिस द्वारा भाटखेडी रोड रेलवे पुलिया के पास छोटू पिता फरीद शाह निवासी पुराने बस स्टैंड के पास खाचरौद को हिरासत में लेकर 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज उनसे जुडे आरोपियों की चेन का पता लगाया जा रहा है।

**रवि पुष्य के योग में बाजार में जमकर उमडे ग्राहक,मुख्य बाजार में चलने में समस्या रही....**

# दाम और गिरने की संभावना में सोना-चांदी की ग्राहकी त्यौहार जैसी नहीं रही

**कंठाल- छत्रीचौक,टावर-शहीदपार्क क्षेत्र में सडक के बीच एवं किनारों पर व्यवस्थित नहीं रहा बाजार**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



दीपावली पर्व के पूर्व रवि पुष्य के योग में रविवार शाम को बाजार में रौनक देखी गई। कपडों के साथ अन्य त्यौहारी खरीद इस दौरान अधिक रही है। सोना चांदी में दाम की गिरावट और होने की संभावना के चलते ग्राहकी त्यौहार जैसी नहीं रही है। बाजार में अव्यवस्था की स्थिति बनी रहने से दुकानदारों एवं खरीददारों को परेशानी रही है।

रविवार को सुबह से लेकर अपरांह् तक बाजार में छूट-पूट खरीदी हो रही थी। शाम ढलने के साथ ही बाजार में ग्राहक उमडने शुरू हो गए थे। अधिकांश ग्राहक सामान्य दीपावली की खरीदी के लिए ही खुले बाजार में रहे। इस दौरान कपडे एवं साज सज्जा की दुकानों पर खासी ग्राहकी देखी गई है। देर शाम तक बाजार में खासी भीड रही। पटनी बाजार में ग्राहकों की संख्या रही लेकिन खरीददारी कमजोर रही है।इस आवागमन में समस्या होने से ग्राहक परेशानी से दो-चार होते देखे गए हैं।

**पिछले वर्षो की अपेक्षा 10 फीसदी खरीद**- उज्जैन सराफा बाजार में रविवार को पुष्य नक्षत्र के लिए पटनी बाजार स्थित दुकानों पर ग्राहकों के लिए रेड कारपेट लगाया गया था। दुकानों में सजावट की गई थी। भाव भी गिरावट के साथ ही दर्ज किया गया था। इसके बावजूद बाजार कमजोर ही रहा है। बाजार में जो खरीद हुई है वह भी मात्र रवि पुष्य के योग की शगुन खरीद रही है। देर शाम तक बाजार में पिछले वर्षों की अपेक्षा मात्र 10 फीसदी खरीद होने की स्थिति ही उभरकर सामने आ रही थी। बाजार के विश्लेषकों के अनुसार मात्र छूटपूट ग्राहकी रही है। ग्राहकों को सोना-चांदी के दाम में और अधिक गिरावट का अंदेशा होने से भी खरीद प्रभावित रही है। बडे शो रूमों पर शाम के दौरान अच्छी खरीद हुई है लेकिन पूर्व वर्षों की अपेक्षा वहां भी ग्राहकी कमजोर रही है। इधर व्यापारियों का यह भी कहना था कि पिछले कुछ समय से परचेसिंग पावर भी कमजोर हुई है।

**4 नवंबर के बाद स्थिति संभलने की संभावना**- इधर बाजार के विश्लेषकों के अनुसार इरान युद्ध की स्थिति में अमेरिका अगर 4 नवंबर तक हमला नहीं करता है तो ऐसे में बाजार में एक बार फिर से प्रमुख धातुओं के दामों में स्थिरता बन सकती है और दामों में बढोतरी बन सकती है। क्रुड आयल के दाम बराबर बढने एवं डालर गिरने के कारण से भी भाव बराबर प्रभावित हो रहे हैं।

**आवागमन में परेशानी से जुझे ग्राहक**-




इधर पुराने शहर के सर्राफा क्षेत्र में दुकानों के आसपास एवं मुख्य मार्ग पर रेहडी वालों के कारण ग्राहकों को आवागमन में समस्या का सामना करना पडा है तो छत्री चौक से कंठाल मार्ग पर भी सडक के बीच में एवं साईड में बैठकर व्यापार करने वालों के कारण व्यापार प्रभावित होता रहा है।

दुकानदारों ने कहा कि सडक के बीच में रेहडी वालों को बैठाने से उनकी दुकान के सामने सडक के बीच में वाहनों की पार्किंग की जगह ही नहीं मिली जिससे ग्राहक आगे निकल गए। ग्राहकों का कहना था कि सडक के चौडीकरण किए जाने के बाद भी पैदल चलने में भी समस्या की स्थिति रही है। सडक के बीच में दो पहिया वाहन एवं आजू बाजू में ई-रिक्शा टैक्सी चलती रही जिससे आवागमन में समस्या रही है। शहीद पार्क रोटरी एवं टावर तक भी यही स्थिति बाजार में रही है।

दो पहिया वाहनों के साथ ही सडक के बीच में रेहडी वालों के कारण पैदल चलने वाले ग्राहकों को परेशानी रही। ग्राहकों का कहना था कि सडक के बीच में दायरा तय कर दुकानदारों को बैठाया जाना था। इसके लिए लाईन खींचकर नगर निगम को व्यवस्था को नियंत्रित करना था। आगे पीछे बैठे दुकानदारों ने सडक के दोनों और गलियारा बनाकर रख दिया था।

## मृत्यु से पहले सुकरात ने जो कहा, जानेंगे तो दंग रह जाएंगे



महान दार्शनिक सुकरात ने अपनी मृत्यु के समय जो कुछ कहा वह कहने के लिए बड़ा कलेजा और साहस चाहिए। जहर को चाय कॉफी की तरह पी गए और फिर जब शिष्यों ने पूछा आप दर्द में हैं, तो यह बोलकर सभी को हैरान कर दिया।

प्राचीन काल में यूनान में एक महान दार्शनिक हुए सुकरात। देवताओं पर विश्वास नहीं करने, युवाओं को भड़काने जैसे आरोपों में उन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी। उनके लिए जहर तैयार किया जा रहा था। सूर्यास्त से पहले जहर देने का आदेश था। दोपहर ढल चुकी थी और शाम होने को थी। जो सैनिक उनके लिए जहर तैयार कर रहा था, उसके पास जाकर सुकरात ने कहा, 'विलंब क्यों कर रहे हो, जरा जल्दी करो।' सैनिक चकित होकर बोला, 'आप क्या कह रहें हैं! मैं तो जान-बूझकर धीरे-धीरे कर रहा हूं।' सुकरात ने कहा, 'अपने कर्तव्य का पालन करने में ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए।' उनकी बातें सुन वहीं बैठे कुछ शिष्य रो पड़े।

एक ने कहा, 'आप हम लोगों के साथ ऐसा क्यों कर रहे हैं? आपका जीवन हम सबके लिए कीमती है। अब भी वक्त है। जेल के सारे सिपाही हमारे साथ हैं। हम सब आपको यहां से लेकर सुरक्षित जगह चले चलते हैं।' सुकरात ने पहले रोते हुए शिष्यों को झिड़का, फिर अन्य शिष्यों से बोले ' तुम लोग इस मिट्टी की देह के लिए क्यों इतने परेशान हो? मेरे विचार तो हमेशा तुम्हारे साथ रहेंगे। इस देह के लिए मैं चोरों की तरह भाग जाऊं और छिपकर रहूं? मैंने इस जीवन का बहुत आनंद लिया, अब मैं मृत्यु का आनंद लेना चाहता हूं।'

सांझ ढलने को आ गई थी। जहर का प्याला लाया गया। जैसे लोग चाय-कॉफी लेते हैं, वैसे ही सुकरात ने जहर का प्याला उठाया और उसे खाली कर दिया। जहर पीकर वह लेट गए। शिष्यों ने पूछा, 'प्रभो! बहुत पीड़ा हो रही होगी।' सुकरात ने मुस्कुराते हुए कहा, 'शिष्यो! यह मेरे जीवन के जागरण का अवसर है। अब मैं हृदय, मन, विचार और शरीर से अलग हो गया हूं।' अपने जीवन से ही नहीं, मौत से भी सुकरात मनुष्यता को अमर संदेश देते गए।



**सम्पादकीय**

## क्रिप्टो की महाचोरी

क्रिप्टोकरेंसी अर्थात डिजिटल मुद्रा की दुनिया में हुई महाचोरी ने साइबर संसार में सक्रिय लोगों के बीच सनसनी फैला दी है। दुनिया में क्रिप्टो मुद्रा के सबसे बड़े एक्सचेंज बायनेंस ने लगभग 60 हजार करोड़ रुपये की चोरी की बात मानी है और तत्काल खरीद-बिक्री को रोक दिया है। विभिन्न देशों में मौजूद उसके विशेषज्ञ चोरी गई करेंसी को वापस लाने में लगे हैं, लेकिन जो धन चोरी गया है, उसकी वापसी मुश्किल है। साइबर दुनिया के महाचोर इस धन को थोड़ा-थोड़ा करके अन्य आर्थिक लेन-देन में खपा देंगे और महाचोरी बहुत हद तक छिपी रह जाएगी। फिर भी क्रिप्टो पर भरोसा कायम रखने के लिए साइबर महाचोरों तक जरूर पहुंचना चाहिए। क्रिप्टो को दुनिया की ज्यादातर सरकारें पसंद नहीं करती हैं और इसका सारा कारोबार ऑनलाइन ही चलता है। इस महाचोरी से सक्षम सरकारों को क्रिप्टो कंपनियों पर लगाम लगाने के साथ ही, इस पूरी डिजिटल मुद्रा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का मौका मिला है, यह हाथ से नहीं जाना चाहिए। ध्यान रहे, क्रिप्टो के खिलाफ अमेरिकी सरकार ही ज्यादा आक्रामक है। क्रिप्टो कंपनियों और उनके एक्सचेंज के खिलाफ अमेरिका में मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी नियमों, प्रतिबंधों और प्रतिभूति नियमों को लेकर कई मामले चल रहे हैं।

पहले यह आशंका जताई गई थी कि बायनेंस के तंत्र से जुड़े एक लैपटॉप के हैक होने से यह महाचोरी हुई है। हालांकि, यह एक जटिल हमला है और यह सिर्फ एक हैक किए गए लैपटॉप का नतीजा नहीं हो सकता। ध्यान रहे, बायनेंस के तहत 100 से ज्यादा देशों के करीब 30 करोड़ लोग पंजीकृत हैं, इनमें से दो करोड़ से ज्यादा भारतीय हैं। वैसे, भारतीयों को हुए नुकसान का अनुमान लगाना मुश्किल है। इसमें सकारात्मक बात यह है कि बायनेंस नुकसान की भरपायी करने को तैयार दिख रहा है। शायद यही वजह है कि सबसे प्रमुख डिजिटल मुद्रा बिटकॉइन की कीमतों में महज पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। बायनेंस के पास धन की कमी नहीं है और वह भरपायी करने की स्थिति में है। इस व्यवसाय में कमाई की असीम संभावना रहती है और यह तथ्य नकारात्मक एवं सकारात्मक, दोनों ही प्रकार से काम करता है। बायनेंस के लिए भरपायी बहुत कठिन नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह एक्सचेंज चोरियों को हल्के में लेने लगे।

**स्ंदर्भ: अरुणाचल प्रदेश में बांध परियोजनाओं का विरोध**

# बांधों को लेकर अरुणाचल में हिंसा को हवा ?

अरुणाचल प्रदेश में इस समय दो बड़ी बांध परियोजनाओं सियांग और सुबनसिरी को आकार देने की तैयारी आरंभिक अवस्था में है। बावजूद इनके विरुद्ध स्थानीय जनजातियों और कथित जेन-जी के हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

इन जलविद्युत परियोजनाओं के विरोध के चलते भीड़ ने एनएचपीसी के दफ्तर और एक थाने में आग लगा दी। 7-8 पुलिस के वाहन जला दिए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष कलिंग मेयोंग, विधायक ओनी पनयांग और पूर्व केंद्रीय मंत्री व पासीघाट पष्चिम के विधायक निनोंग एरिंग के घर में भी तोड़फोड़ कर दी। यह सब हिंसक वारदातें सियांग और पासीघाट में 12 घंटे बंद के ऐलान के चलते घटित हुईं। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि जब अभी जमीन पर खाका खींचने की तैयारी ही नहीं हुई, तब इस बड़े हिंसक आंदोलन को हवा कौन दे रहा है ?

भारत सरकार ने अरुणाचल के अपर सियांग जिले में बहने वाली सियांग नदी पर 11,200 मेगावाट क्षमता की बहुउद्देशीय बांध परियोजना प्रस्तावित की है। इस पर अभी कोई ढांचागत निर्माण शुरू नहीं हुआ है। बांध निर्माण का मकसद चीन से आने वाले पानी को रोकना और बाढ़ के संभावित खतरे को कम करना है। सियांग नदी तिब्बत से उतरती हुई अरुणाचल में आती है। चीन तिब्बत के क्षेत्र में इस नदी पर 60,000 मेगावाट क्षमता का भारी-भरकम बांध बना रहा है। इसका निर्माण भी शुरू हो गया है। इस बांध को भारत के लिए जल-बम का दर्जा युद्ध विशेषज्ञ दे रहे हैं। इसलिए भारत सुरक्षा कवच के रूप में अरुणाचल में बांध निर्माण की परिकल्पना कर रहा है।

चीन ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध को बनाने की शुरूआत कर दी है। इस परियोजना को दुनिया की सबसे बड़ी बांध संरचना बताया जा रहा है। इसकी लागत का अनुमान 137 अरब अमेरिकी डॉलर है। यह जानकारी चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने देते हुए कहा था कि चीन सरकार ने यारलुंग जांग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र नदी का तिब्बती नाम) के निचले क्षेत्रों में एक जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। यह बांध हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा। यहां ब्रह्मपुत्र नदी एक बड़ा मोड़ लेती हुई अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश में बहती है। यह समाचार हांगकांग से प्रकाशित होने वाले साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में छपा था।

ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया की सबसे बड़ा बांध बनाने की मंशा ने भारत और बांग्लादेश की चिंता बढ़ाई है। बताया जा रहा है कि बांध में भरे पानी से चीन प्रतिवर्श 300 अरब किलोवाट प्रतिघंटे बिजली पैदा करेगा। सिंचाई के लिए भी यह जल उपयोग में लाया जाएगा। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए वह विशालकाय बांध के निर्माण में लगा है। आशंका है कि चीन इस बांध में भरे जाने वाले जल का इस्तेमाल भारत के विरुद्ध जल युद्ध के रूप में कर सकता है। इसकी काट के लिए भारत ने अरुणाचल के अपर सियांग क्षेत्र में 11,200 मेगावाट क्षमता की पनबिजली परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। 1.10 लाख करोड़ रुपए की इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (पीएफआर)भी बन गई है। एक अन्य 9,380 मेगावाट क्षमता की पनबिजली परियोजना अरुणाचल में पहले से ही निर्माणाधीन है। अप्रैल 2022 में जलसक्ति मंत्रालय ने एनएचपीसी को आरंभिक व्यवहार्यता रिपोर्ट बनाने को कहा था। 2025 में जब धरातल पर तकनीकि जांच की गई, तब भी इस प्रयास का विरोध हुआ था। दरअसल इस बांध के निर्माण में 27 ग्राम जलग्रहण क्षेत्र में आ रहे हैं। इन ग्रामों की करीब डेढ़ लाख की आबादी में मुख्य रूप से आदि और गालो जनजतीय समुदाय के लोग रहते हैं। ये लोग सियांग नदी को गंगा की तरह मां मानते हैं। इस कारण सियांग इंडिजिनस फार्मर्स फोरम संस्था इस परियोजना के विरोध में आ खड़ी हुई है। इस संगठन की मांग है कि स्थानीय लोगों की सहमति के बिना सर्वेक्षण की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जाए। केंद्रीय सुरक्षाबल को हटाने की मांग भी की जा रही है। जबकि भारत का घ्येह इन बांधों के जरिए बाढ़ से बचाव और सिंचाई के लिए जल व बिजली उत्पादन है, जिससे अरुणाचल ही नहीं पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को ये सुविधाएं हासिल हो सकें।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबन्ध कर लिये हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृशि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लम्बी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। उसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। दुनिया की सबसे लम्बी नदियों में 29वाँ स्थान रखने वाली ब्रह्मपुत्र 1625 किमी तिब्बत क्षेत्र में बहती है। इसके बाद 918 किमी भारत और 363 किमी की लम्बाई में बांग्लादेश में बहती है। समुद्री तट से 3300 मीटर की ऊँचाई पर तिब्बती क्षेत्र में बहने वाली इस नदी पर चीन 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत तीन पनबिजली परियोजनाओं के निर्माण में लगा हैं। चीन इन बांधों का निर्माण अपनी आबादी के लिये व्यापार, सिंचाई, बिजली और पेयजल समस्याओं के निदान के उद्देश्य से कर रहा है, लेकिन उसका इन बांधों और जल सुरंगों के निर्माण की पृष्ठभूमि में छिपा एजेंडा, खासतौर से भारत के खिलाफ जल हथियार के रूप में रणनीतिक इस्तेमाल के रूप में भी देखा जा रहा है। इस काट के लिए भारत अरुणाचल में बांध निर्माण की कल्पना कर रहा है।

अरुणाचल में कुल 17 पनबिजली परियोजनाएं प्रस्तावित व निर्माणाधीन हैं। ये परियोजनाएँ पूरी हो जाती हैं और ब्रह्मपुत्र से इन्हें पानी मिलता रहता है तो इनसे कुल 37,827 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस बिजली से पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में बिजली की आपूर्ति तो होगी ही, पश्चिम बंगाल और ओड़ीसा को भी अरुणाचल बिजली बेचने लग जाएगा। चीन अरुणाचल पर जो टेढ़ी निगाह बनाए रखता है, उसका एक बड़ा कारण अरुणाचल में ब्रह्मपुत्र की जलधारा ऐसे पहाड़ व पठारों से गुजरती है, जहां भारत को मध्यम व लघु बांध बनाना आसान है। ये सभी बांध भविष्य में अस्तित्व में आ जाते हैं

## जिम्मेदारी

घर से दूर शहर में जब पहली बार नौकरी लगी तो माँ ने एक डिब्बे में देसी घी के बने बेसन के लड्डू पैक किए थे। साथ में कहा था कि जब भी बहुत उदास होना तब एक खाना, मन ठीक हो जाएगा।

पहले महीने की पंद्रह तारीख को सैलरी खत्म हो गई। चाय की टपरी पर दो दिन की उधारी हो चुकी थी और कमरे की छत का पंखा इस तरह आवाज कर रहा था जैसे खुद नौकरी छोड़कर गाँव भागना चाहता हो। तब याद आया वह डिब्बा। अलमारी की सबसे ऊपर वाली रैक से डिब्बा उतारा, ढक्कन खोला और एक लड्डू निकाल लिया।

लड्डू मुँह में रखते ही लगा जैसे माँ सामने बैठी पूछ रही हो कि और ले लो। आँखों में एक बूँद टपकी और सीधे बेसन के लड्डू पर गिरी। उस वक्त समझ आया कि नमकीन आँसू और मीठे बेसन का मेल दुनिया की किसी फाइव स्टार बेकरी में नहीं मिल सकता।

आँसू पोंछते हुए सोचा कि माँ को फोन करूँ और कहूँ कि मैं बहुत संघर्ष कर रहा हूँ। फोन मिलाया तो उधर से माँ की आवाज आई कि बेटा, इस बार के लड्डू में थोड़े काजू कम डाले थे, अगली बार ज्यादा डालूँगी।

मैंने मुँह में फँसे बेसन के साथ कहा कि माँ, बहुत स्वादिष्ट हैं।

माँ ने फौरन कहा कि मुझे तुम्हारी आवाज से ही लग गया था कि तुम खा रहे हो, तुम्हारी तनख्वाह से कुछ पैसे बचे हों तो चाचा के लड़के के लिए कोचिंग की फीस भेज देना।

उस दिन पहली बार लगा कि बड़े होने का सबसे बड़ा व्यंग्य यही है। बचपन में रोने पर कंधे मिलते थे और बड़े होकर रोने पर सिर्फ जिम्मेदारियाँ याद दिलाई जाती हैं। फिर मैंने बचा हुआ आधा लड्डू भी मुँह में ठूँस लिया ताकि सिसकी की आवाज फोन के उस पार न जाए, और तुरंत अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप का बैलेंस चेक करने लगा।



**पञ्चांग राशिफल**

दिनांक - 02 नवंबर 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:33सूर्यास्त 17:46
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 7:30 से 09:00 तक
तिथि - अष्टमी16:39 उपरांत नवमी
नक्षत्र - पुष्य08:52 उपरांत अश्लेषा
योग - शुभ16:54 उपरांत शुक्ल
करण - कौलव
चन्द्रमा -दिन पूर्ण कर्क में रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 21मास तारिख

**मेष-** कार्यस्थल पर शांतिपूर्वक काम निपटाएं। व्यापारिक निर्णयों में धैर्य रखें। केले के पेड़ का पूजन करें।
**वृषभ-** पारिवारिक जीवन में तालमेल रहेगा। अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, आराम करें।
**मिथुन-** करियर में तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। समझदारी से लिया फैसला लाभ देगा।
**कर्क-** दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। आय में सुधार की संभावना है।
**सिंह-** मानसिक रूप से ऊजार्वान रहेंगे। माथे पर केसर का तिलक लगाएं। बुजुर्गों के चरण स्पर्श करें।
**कन्या-** कार्यस्थल पर सजगता बनाए रखें। व्यापार में हड़बड़ी से बचें। बड़ों का मार्गदर्शन लाभ देगा।
**तुला-** बजट का संतुलन बनाए रखें। मानसिक थकान से बचें, विश्राम करें।
**वृश्चिक-** विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। व्यापार में मुनाफा बढ़ने की संभावना है।
**धनु-** परिवार का समर्थन हिम्मत बढ़ाएगा। अचानक धन प्राप्ति के योग हैं। व्यापार में लाभ के मौके मिलेंगे।
**मकर-** तनाव से बचें, सेहत ठीक रहेगी। 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का जप करें। आपकी सलाह को दफ्तर में माना जाएगा।
**कुंभ-** बुद्धिमानी से सभी काम समय पर बनेंगे। व्यापार में नए सौदों पर मुहर लगेगी। प्रियजनों के साथ समय खुशनुमा बीतेगा।
**मीन-** वित्तीय स्थिति काफी सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, फुर्ती रहेगी। पीली वस्तुएं दान करें।

**समसामयिक**

## चुनाव आते ही भाषा की मर्यादा का पतन क्यों?

लोकतंत्र में चुनाव विचारों, नीतियों और नेतृत्व की परीक्षा का अवसर होते हैं। राजनीतिक दलों से अपेक्षा की जाती है कि वे जनता के



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

सामने विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और कानून-व्यवस्था जैसे बुनियादी मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण रखेंगे। लेकिन चुनाव नजदीक आते ही जनहित के प्रश्न पीछे छूटने लगते हैं और उनकी जगह व्यक्तिगत कटाक्ष, अपमानजनक टिप्पणियाँ तथा अमर्यादित भाषा लेने लगती है। सवाल यह है कि क्या राजनीतिक विरोध के लिए अब भाषा की कोई मर्यादा शेष नहीं रह गई है?

पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के वक्तव्यों ने इस चिंता को बार-बार गहरा किया है। कभी किसी को चोर कहा जाता है, कभी विषैले साँप या रावण से उसकी तुलना की जाती है। कहीं धार्मिक आस्थाओं को बीमारियों से जोड़कर उपहास का विषय बनाया जाता है, तो कहीं किसी धर्म और परंपरा को समाप्त करने जैसी भाषा सुनाई देती है। हाल के दिनों में बिहार की राजधानी में आयोजित एक राजनीतिक सभा के दौरान देश के सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व के संदर्भ में की गई अभद्र टिप्पणी ने भी राजनीतिक भाषा के गिरते स्तर पर बहस को फिर हवा दी है। क्या 2027 में कई राज्यों में होने वाले चुनाव इसका कारण है? विडंबना यह है कि ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने वाले नेता प्रायः स्वयं को लोकतंत्र, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का सबसे बड़ा रक्षक बताते हैं। लेकिन क्या लोकतंत्र की रक्षा करने का दावा करने वालों को अपनी भाषा के प्रति अधिक जिम्मेदार नहीं होना चाहिए? राजनीतिक विरोध का अर्थ किसी प्रतिद्वंद्वी को अपमानित करना नहीं, बल्कि उसके विचारों, नीतियों और कार्यों की तथ्यपरक समीक्षा करना है। किसी सरकार की विफलताओं पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन व्यक्तिगत अपमान उस अधिकार का पर्याय नहीं हो सकता। इसी तरह, सत्ता पक्ष को भी आलोचना का उत्तर तर्क और तथ्यों से देना चाहिए, न कि प्रतिआक्रमण और कटाक्ष से।

यह प्रवृत्ति किसी एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, पूर्व में अनेक अवसरों पर दोनों ओर से ऐसे बयान सामने आते रहे हैं, जिनमें राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को शत्रु की तरह प्रस्तुत किया जाता है। एक पक्ष की अभद्र टिप्पणी दूसरे पक्ष को वैसी ही भाषा अपनाने का बहाना देती है। इस प्रकार राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का ऐसा चक्र बन जाता है, जिसमें अपनी भाषा की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय दूसरे की गलती का हवाला दिया जाता है। अंततः नुकसान लोकतांत्रिक संवाद और सार्वजनिक जीवन की गरिमा का होता है।

जब राजनीतिक हमले धर्म, धार्मिक प्रतीकों और समुदायों की आस्थाओं तक पहुँचते हैं, तब उनका प्रभाव और गंभीर हो जाता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में धार्मिक विश्वासों के प्रति संवेदनशीलता सामाजिक सद्भाव की अनिवार्य शर्त है। किसी विचार, परंपरा या धार्मिक मान्यता की तार्किक आलोचना करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है, लेकिन आस्था का अपमान करके राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश सामाजिक विभाजन को बढ़ा सकती है। निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता भी धर्म और समुदायों के आधार पर वैमनस्य बढ़ाने तथा निजी जीवन पर अनावश्यक आक्षेप लगाने से बचने की अपेक्षा करती है। राजनीतिक भाषा का प्रभाव केवल मंचों तक सीमित नहीं रहता। शीर्ष नेताओं के शब्द उनके समर्थकों और आम नागरिकों तक पहुँचते हैं। जब सार्वजनिक जीवन में अपमानजनक भाषा सामान्य होने लगती है, तो समाज में भी असहमति के प्रति असहिष्णुता बढ़ने का खतरा पैदा होता है। इससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि विवादास्पद बयान सुर्खियाँ बटोर लेते हैं, जबकि बेरोजगारी, महँगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे प्रश्न राजनीतिक शोर में दब जाते हैं।

# चिकित्सा शोध का नया वैश्विक केंद्र बनता एशिया

सदियों से वैश्विक ज्ञान, विज्ञान और चिकित्सा अनुसंधान की दिशा तय करने का एकाधिकार पश्चिमी देशों के पास रहा है। किसी नई बीमारी का टीका खोजना हो, कैंसर जैसी जटिल व्याधियों की आधुनिक दवाएं तैयार करनी हों या फिर मानव जीन से जुड़े गूढ़ रहस्यों को सुलझाना हो, पूरी दुनिया की निगाहें अमेरिका और यूरोप की प्रयोगशालाओं पर टिकी रहती थीं। किंतु इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक के मध्य में पहुंचते-पहुंचते यह वैश्विक परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ग्लोबल ऑब्जर्वेटरी ऑन हेल्थ रिसर्च एंड डेवलपमेंट द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट ने इस बदलाव पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। इस रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि बायोमेडिकल रिसर्च और क्लिनिकल ट्रायल के क्षेत्र में अब पश्चिम का एकछत्र राज समाप्त हो गया है और दुनिया के शीर्ष 10 देशों की सूची में चीन तथा भारत ने अमेरिका सहित तमाम विकसित पश्चिमी राष्ट्रों को काफी पीछे छोड़ दिया है। यह केवल आंकड़ों का उलटफेर नहीं है, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य कूटनीति और वैज्ञानिक शक्ति के केंद्र के पश्चिम से पूर्व की ओर स्थानांतरित होने का स्पष्ट उद्घोष है।



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)


विश्व स्वास्थ्य संगठन के इन नवीनतम आंकड़ों का सूक्ष्म विश्लेषण करें तो स्थिति अत्यंत रोचक और दूरगामी परिणाम देने वाली नजर आती है। वैश्विक स्तर पर पंजीकृत क्लिनिकल ट्रायल की संख्या के मामले में चीन 24,524 ट्रायल के साथ दुनिया में पहले पायदान पर काबिज हो गया है, जबकि भारत 21,410 क्लिनिकल ट्रायल के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। सबसे चौंकाने वाली स्थिति दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका की है, जो 8,851 ट्रायल के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया है। अर्थात अकेले भारत या चीन में जितने चिकित्सा परीक्षण और शोध हो रहे हैं, अमेरिका में उनकी संख्या आधे से भी कम रह गई है। इस वैश्विक सूची के अन्य देशों पर नजर डालें तो चौथे स्थान पर ईरान 4,237 ट्रायल के साथ, पांचवें स्थान पर जापान 3,656 ट्रायल के साथ, छठे पर जर्मनी 3,455 के साथ, सातवें पर तुर्की 2,923 के साथ और आठवें स्थान पर फ्रांस 2,560 ट्रायल के साथ मौजूद है। वहीं स्पेन और यूनाइटेड किंगडम 2,170 ट्रायल के साथ संयुक्त रूप से नौवें और दसवें स्थान पर सिमट गए हैं। ये आंकड़े प्रमाणित करते हैं कि चिकित्सा विज्ञान के भविष्य का निर्माण अब एशिया की प्रयोगशालाओं में हो रहा है।

सामान्य जनमानस के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्लिनिकल ट्रायल और बायोमेडिकल हब बनने का वास्तविक अर्थ क्या है और इससे किसी देश की प्रतिष्ठा व आम नागरिक के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। वास्तव में क्लिनिकल ट्रायल किसी भी नई चिकित्सा पद्धति, दवा, वैक्सीन या मेडिकल उपकरण के विकास की सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक कड़ी है। जब वैज्ञानिक प्रयोगशाला में किसी नए अणु या फॉमूर्ले की खोज करते हैं, तो उसे मानव उपयोग के लिए सुरक्षित और प्रभावी प्रमाणित करने हेतु कई चरणों के सख्त मानवीय परीक्षणों से गुजरना पड़ता है। जिस देश में ये परीक्षण सर्वाधिक होते हैं, वहां न केवल नई दवाओं का सबसे पहले विकास होता है, बल्कि उस देश के चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और संस्थानों को आधुनिकतम तकनीक व शोध का प्रत्यक्ष अनुभव भी मिलता है। दूसरे शब्दों में कहें तो जो राष्ट्र क्लिनिकल रिसर्च में अग्रणी होता है, आने वाले समय में वैश्विक पेटेंट, सस्ती दवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुरक्षा की कुंजी उसी के हाथों में होती है।

**धर्म-आस्था**

## राज की कुर्सी के सपने में गधा पहुंचा तालाब, बंदर की चालाकी ने रचा सत्ता का खेल

दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं। एक वे, जो मेहनत और योग्यता से मुकाम हासिल करते हैं, और दूसरे वे, जिन्हें बिना कुछ किए ही राजपाट चाहिए। ऐसे लोगों को न अनुभव की जरूरत होती है, न योग्यता की और न ही जिम्मेदारी की। बस कुर्सी मिलनी चाहिए, बाकी काम सलाहकारों के भरोसे!



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

एक तालाब के किनारे जामुन के पेड़ पर रहने वाला बंदर बड़े आराम से मीठे जामुन खाता था। कभी उसकी मगरमच्छ से गहरी दोस्ती थी। बंदर उसे भी जामुन खिलाता था, लेकिन मगरमच्छ ने पत्नी के मोह में अपने मित्र को धोखा देने की कोशिश की। बंदर ने किसी तरह जान बचाई और दोस्ती खत्म कर दी।

एक दिन पेड़ के नीचे उदास चेहरा लिए एक गधा आकर बैठ गया। बंदर ने पूछा, भाई, क्या बात है? भूख लगी है तो जामुन खा लो।

गधे ने कोई जवाब नहीं दिया। दोबारा पूछने पर चिढ़कर बोला, जब गैंडा मेरी मदद नहीं कर पा रहा तो तुम क्या कर लोगे? मुझे शांति से बैठने दो।

बंदर को उसकी चिंता देखकर दया आ गई। वह कुछ देर बाद चुपके से पेड़ से उतरा और फिर पूछ बैठा, आखिर इतने परेशान क्यों हो?

गधे ने बिना कुछ सोचे ऐसी दुलत्ती मारी कि बंदर दूर जा गिरा। बंदर किसी तरह पेड़ पर चढ़ा और बड़बड़ाया, आजकल किसी की मदद करना भी अपने जोखिम पर करना पड़ता है!

अब बंदर ने गधे को सबक सिखाने की ठानी। वह तालाब के दूसरे किनारे गया, जहां पुराना मगरमच्छ रहता था। उसने माफी मांगते हुए कहा, भाई, पहले भाभीजी की इच्छा पूरी नहीं कर पाया था। अब उसका प्रायश्चित करना चाहता हूं। मेरे पेड़ के नीचे रोज एक गधा मीठे जामुन खाता है। उसका कलेजा भी जामुन की तरह मीठा हो गया होगा। आप उसे भाभीजी के पास ले जाइए। मगरमच्छ की आंखों में चमक आ गई। दोनों ने योजना बना ली।

उधर गधा पेड़ के नीचे सोते हुए बड़बड़ा रहा था, मुझे राज चाहिए... मुझे राज चाहिए!

बंदर ने तुरंत आवाज लगाई, अरे गधे भाई! राज चाहिए तो इतनी चिंता क्यों? मैं आपको राज दिलवा सकता हूं। गधा खुशी से उछल पड़ा। बोला, सच! बताओ, इसके लिए क्या करना होगा? मैं कुछ भी करने को तैयार हूं।

बंदर ने तालाब की ओर इशारा किया, यह मनोकामना पूरी करने वाला तालाब है। इसमें पांच डुबकियां लगाने से हर इच्छा पूरी होती है। आप जैसे योग्य व्यक्ति को तो यहां जरूर जाना चाहिए।

राज पाने की लालसा में गधा बिना सोचे-समझे तालाब में उतर गया। उसे क्या पता था कि जिस तालाब में वह राज खोजने आया है, वहां मगरमच्छ पहले से ही उसके स्वागत में बैठा है!

कहानी भले ही जंगल की हो, लेकिन इसका दृश्य आज के समाज में भी दिखाई देता है। कुछ लोगों को काम करने से ज्यादा पद पाने की चिंता रहती है। जनता की सेवा से पहले सत्ता का सपना और जिम्मेदारी निभाने से पहले कुर्सी की तैयारी शुरू हो जाती है।

चुनाव आते ही ऐसे महत्वाकांक्षी चेहरे सक्रिय हो जाते हैं। कोई खुद को जनसेवक बताने लगता है, कोई अचानक समाजसेवी बन जाता है और कोई अपने समर्थकों की संख्या गिनकर स्वयं को भावी शासक समझने लगता है। योग्यता का प्रमाणपत्र भले न हो, लेकिन पद के दावेदारों की सूची में नाम सबसे ऊपर चाहिए! ऐसे में बंदर जैसे सलाहकार भी खूब मिलते हैं, जो हर दावेदार को उसकी महानता का अहसास कराते रहते हैं। मगरमच्छ जैसे अवसरवादी अपने फायदे की प्रतीक्षा में रहते हैं और गधे जैसे महत्वाकांक्षी लोग मीठे वादों में फंसकर तालाब में उतर जाते हैं।

राज करना केवल कुर्सी पर बैठना नहीं, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही निभाना है। इसके लिए विवेक, अनुभव, ईमानदारी और सेवा भावना चाहिए। केवल महत्वाकांक्षा से कोई योग्य शासक नहीं बन जाता। याद रखिए, हर तालाब में मनोकामना पूरी करने वाला पानी नहीं होता और हर मीठी सलाह के पीछे शुभचिंतक नहीं छिपा होता। राज पाने की जल्दबाजी में विवेक खो दिया तो कुर्सी मिलने से पहले ही मगरमच्छ के जबड़े में पहुंचने की नौबत आ सकती है!

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली- 5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग- 2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना- 6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्ण्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी-टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज कालम



### गरोठ-उज्जैन फोरलेन पर चलते कंटेनर से 43 कार्टून चोर

**आगर।** आगर मालवा में गरोठ-उज्जैन फोरलेन पर चलते कंटेनर से 43 कार्टून चोरी हो गए। अज्ञात बदमाशों ने कंटेनर की सील तोड़कर पिछला दरवाजा खोला और इलेक्ट्रॉनिक्स समेत अन्य सामान ले गए। पूरे माल की कीमत करीब ६५ लाख ७५ हजार रुपए बताई गई है। बड़ौद थाना पुलिस के मुताबिक, कंटेनर चालक बबलू कुमार (27), पिता भूप सिंह, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के ग्राम लोढ़ा के निवासी हैं। वे अंबाला से इंदौर जा रहे थे। चालक ने बताया कि 28 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे वे गरोठ-उज्जैन फोरलेन से गुजर रहे थे। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक चालक ने उन्हें कंटेनर का पिछला दरवाजा खुला होने की जानकारी दी। कंटेनर रोककर जांच करने पर पीछे की सील टूटी मिली और 43 कार्टून गायब थे। आशंका है कि बदमाश चलते कंटेनर पर चढ़े, सील तोड़ी और सामान चोरी कर लिया।इसके बाद चालक कंटेनर मालिक के साथ बड़ौद थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शनिवार रात अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की।पुलिस चोरी गए कार्टून में रखे सामान की सही कीमत और आरोपियों का पता लगा रही है। कंटेनर में इलेक्ट्रिकल सामान, ड्राई फ्रूट्स, फुटवियर और ऑटो पार्ट्स समेत अन्य सामग्री थी।

### शहडोल से नीमच जा रहा आगर-बड़ौद रोड पर चावल से भरा ट्रक पलटा



**आगर मालवा।** आगर मालवा में शनिवार शाम गणेश गोशाला के पास चावल की बोरियों से भरा ट्रक पलट गया। हादसे में चालक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।ट्रक शहडोल से नीमच जा रहा था। चावल के परिवहन की वैधता की जांच खाद्य विभाग करेगा। थाना प्रभारी नागेश यादव ने बताया कि ट्रक इंदौर आरटीओ में पासिंग है। इसमें चावल अलग-अलग तरह की प्लास्टिक बोरियों में भरा हुआ था। बोरियों के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि यह पीडीएस का चावल हो सकता है, जिसे अलग-अलग खेरची गल्ला दुकानों से खरीदा गया हो।चावल का परिवहन वैध दस्तावेजों के साथ किया जा रहा था या नहीं, इसकी जांच खाद्य विभाग करेगा। फिलहाल परिवहन की वैधता स्पष्ट नहीं है। जांच के बाद ही इस संबंध में तथ्य सामने आएंगे।

### कांग्रेस के विधायक व कार्यकर्ता दिल्ली महारैली में शामिल होने हेतु रवाना

**आगर मालवा।** मध्य प्रदेश से कांग्रेस के विधायक और कार्यकर्ता 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली के लिए रवाना हो गए हैं। सुसनेर विधायक भैरोसिंह परिहार बापू खुद बस चलाकर कार्यकर्ताओं को लेकर निकले। सतना से 500, सागर से 700, आगर से 125 और अनूपपुर से 200 कार्यकर्ता दिल्ली जा रहे हैं। इंदौर से 150 कारों का काफिला निकला है, जबकि मंदसौर से एक हजार कार्यकर्ताओं के पहुंचने का दावा है। ग्वालियर से 100 से ज्यादा वाहन बुक किए गए हैं। बिछिया, निवास, पुष्पराजगढ़ और मनावर के विधायक ट्रेन से दिल्ली जा रहे हैं।प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में 50 हजार कार्यकर्ताओं के पहुंचने का दावा है। महारैली से पहले मिंटो रोड और कनॉट प्लेस के जंक्शन से रामलीला मैदान तक मार्च प्रस्तावित है। कांग्रेस में गड़बड़ियों, वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने और वोट चोरी के विरोध में मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग कर रही है।

### गोवंश को ट्रेक्टर से बांधकर घसीटने वाले चार पर मुकदमा

**शाजापुर।** इंसानियत को शर्मसार करते हुए गोवंश को टैऊक्टर से बांधकर घसीटने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शाजापुर शहर के भरड़ रोड स्थित नेशनल हाईवे-52 ब्रिज के पास गोवंश के एक केड़े को ट्रैक्टर के पीछे रस्सी से बांधकर घसीटा जा रहा था। बावलियाखेड़ी निवासी किसान दिलीप सिंह राजपूत ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है हिक शुक्रवार शाम करीब 6.30 बजे वह अपने भतीजे बलराम सिंह के साथ शाजापुर की गल्ला मंडी से घर जा रहा था। इसी दौरान भरड़ रोड पर एनएच-52 ब्रिज के पास उन्होंने देखा कि मीरकला निवासी वाहिद का भाई तीन अन्य लोगों के साथ लाल महिंद्रा ट्रैक्टर से एक केड़े को रस्सी से बांधकर घसीट रहा था। इस पर जब विरोध किया गया तो आरोपियों ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को फोन करने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### गाड़ी लगाने की बात पर मंडी में चलीं तलवारें, तीन लोग हुए घायल

**शाजापुर।** मंडी में गाड़ी लगाने की बात पर उपजे विवाद में एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर डंडे और तलवारें चलीं। शनिवार को हुई इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी शेख सदर पिता शेख यासीन उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सकराई, थाना सुंदरसी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका बोरसाली निवासी निजामुद्दीन उर्फ मुन्ना पिता मुश्ताक खां, कमरुद्दीन पिता मुश्ताक खां, साजिद उर्फ काला पिता निजामुद्दीन, शादाब पिता निजामुद्दीन और हसन खां पिता कमरुद्दीन से गाड़ी लगाने की बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसके बाद गाली गलौच और फिर लट्ठबाजी के साथ तलवारें चलने लगीं। हमले में शेख सदर को तलवार लगने से चोट आई, जबकि एक अन्य व्यक्ति के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। एक अन्य व्यक्ति को भी मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोलायकलां लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# बेटे के जन्मदिन पर मंदिर जा रहे परिवार पर टूटा कहर, रफ्तार के कहर ने छीन ली पति, पत्नी और दो साल के मासूम की जिंदगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ शाजापुर



खुशियों भरा दिन पल भर में मातम में बदल गया। जिस दो साल के मासूम के जन्मदिन पर मन्नतें मांगने एक परिवार खुशी-खुशी मंदिर के लिए निकला था, नियति ने उसी दिन पूरे परिवार को एक साथ मौत की नींद सुला दिया। शाजापुर जिले के सारंगपुर-अकोदिया मार्ग पर शनिवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में आष्टा निवासी पति-पत्नी और उनके इकलौते बेटे की मौके पर ही मौत हो गई।

**कुत्ते को बचाने के प्रयास में हुआ हादसा**

घटना दोपहर करीब 12.30 बजे गोदना गांव के समीप की है। मृतकों की शिनाख्त आष्टा की इंद्र कॉलोनी निवासी अजित सिंह पंवार, उनकी पत्नी पूजा और उनके दो वर्षीय बेटे शिवांशु के रूप में हुई है। सलसलाई थाना प्रभारी के मुताबिक, अजित अपनी बाइक से परिवार को लेकर जा रहे थे। गोदना गांव के पास अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया। उसे बचाने के लिए अजित ने जैसे ही अचानक ब्रेक लगाए, पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि तीनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और उनकी मौके पर ही सांसें थम गईं। सड़क पर क्षत-विक्षत शव पड़े देख आसपास के खेतों में काम कर रहे मजदूर और ग्रामीण तुरंत दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सबसे पहले शवों को कपड़ों से ढंका और तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। इस दौरान भागने का प्रयास कर रहे पिकअप वाहन को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

**सोशल मीडिया से हुई मृतकों की शिनाख्त**

शुरूआती दौर में मृतकों के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उनकी पहचान हो सके। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया के विभिन्न समूहों में हादसे की तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के वायरल होने के बाद मृतकों की पहचान आष्टा के पंवार परिवार के रूप में सुनिश्चित हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने पिकअप को जब्त कर लिया है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



## रन फॉर यूनिटी में दिखा भारी उत्साह, विधायक ने दिलाई एकता की शपथ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ शाजापुर

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर शनिवार को शहर में रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में युवाओं, स्कूली विद्यार्थियों और आम नागरिकों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पूरे उत्साह के साथ कदमताल किया। विधायक अरुण भीमावद ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एकता दौड़ सुबह स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण से शुरू हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। दौड़ शुरू होने से पहले विधायक भीमावद ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके पश्चात उन्होंने शहरवासियों को देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा की भावना को मजबूत बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।आयोजन में जिले के शीर्ष अधिकारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलेक्टर डॉ. परिक्षित संजयराव झाड़े और पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला स्वयं इस दौड़ में शामिल हुईं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर काशीराम बड़ोले, जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह सोलंकी उपस्थित थे।

## महालक्ष्मी मंदिर में 5 करोड़ रुपये के नोटों व सोने चांदी से होगी सजावट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देवास



देवास के मोती बंगला स्थित शिवाजी नगर के श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में दीपावली पर करीब 5 करोड़ रुपए के नोटों और सोने-चांदी के आभूषणों से सजावट की जाएगी। रतलाम के प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर की तर्ज पर यह आयोजन दूसरी बार हो रहा है। उज्जैन और रतलाम के 10 से अधिक कलाकार करीब 48 घंटे की मेहनत से मंदिर को सजाएंगे। धनतेरस से भाईदूज तक श्रद्धालु मां महालक्ष्मी के सजे हुए दरबार के दर्शन कर सकेंगे।

मंदिर में नोटों से आकर्षक कलाकृतियां बनाई जाएंगी। इनके साथ सोने-चांदी के आभूषणों का भी इस्तेमाल होगा। सजावट के लिए उज्जैन और रतलाम से 10 से अधिक कलाकार देवास पहुंचेंगे। कलाकार लगातार करीब 48 घंटे काम कर मंदिर को भव्य रूप देंगे। श्री योगमाया महालक्ष्मी पारमार्थिक न्यास के अध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि पिछले साल भक्तों ने आयोजन में उत्साह से भागीदारी की थी। इसे देखते हुए इस बार बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन में सहयोग करने के इच्छुक भक्त मंदिर अध्यक्ष या समिति के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

मंदिर में नोटों से सजावट का आयोजन पिछले साल शुरू हुआ था। पहले वर्ष समिति ने 51 लाख रुपए के नोटों से मंदिर सजाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन भक्तों के सहयोग से करीब 1 करोड़ 35 लाख रुपए जुटे। पिछले साल मिले सहयोग को देखते हुए इस बार लक्ष्य बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए किया गया है। आयोजन के लिए सहयोग राशि आना भी शुरू हो गई है।

## पुलिस का बड़ा नाइट ऑपरेशन, 350 जवानों ने रातभर खंगाले गुंडे-बदमाशों के ठिकाने, 105 वारंटी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ शाजापुर



जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शाजापुर पुलिस ने 30-31 अक्टूबर की दरमियानी रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में चलाए गए इस नाइट ऑपरेशन में 350 से अधिक पुलिस अधिकारी व जवान एक साथ मैदान में उतरे। अचानक हुई इस भारी पुलिसिया कार्रवाई से रातभर अपराधियों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा।

कार्रवाई के लिए रवाना होने से पहले पुलिस अधीक्षक ने सभी टीमों को ब्रीफ कर सख्त दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बाद जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की अगुवाई में टीमों ने अलग-अलग इलाकों में दबिश दी। वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद भी रातभर सड़कों पर उतरकर विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण किया और अभियान की मॉनिटरिंग करते हुए टीमों का हौसला बढ़ाया।

पूरी रात चले इस अभियान के दौरान पुलिस ने अपराधियों के ठिकानों पर दबिश दी और उनकी वर्तमान गतिविधियों का सत्यापन किया। पुलिस के अनुसार, इस दौरान कुल 73 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए। साथ ही लंबे समय से फरार चल रहे 31 स्थायी वारंटियों और 1 अन्य फरार वारंटी को धर दबोचा गया। पुलिस टीमों ने 19 जिला बदर आरोपियों की भी चेकिंग की। इसके अलावा 79 गुंडा बदमाशों और 73 निगरानीशुदा बदमाशों के घरों पर जाकर पुलिस ने सघन चेकिंग की और उन्हें सख्त चेतावनी दी कि यदि वे भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल पाए गए, तो उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गश्त के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत भी 4 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

इस बड़ी कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने कहा कि आमजनों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। अपराधियों पर लगातार नजर रखना और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए आगे भी ऐसे विशेष अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे।अपराध नियंत्रण की इस कार्रवाई के साथ ही शाजापुर पुलिस ने जिले के नागरिकों के लिए साइबर सुरक्षा अलर्ट भी जारी किया है। पुलिस ने अपील की है कि लोग किसी भी अनजान कॉलर के साथ अपना बैंक ओटीपी, पिन, सीवीवी या पासवर्ड साझा न करें। बैंक, पुलिस या बिजली विभाग के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल्स के झांसे में आकर मोबाइल में कोई भी रिमोट एक्सेस या स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करने से बचें। इसके अलावा अनजान लिंक या वीडियो कॉल से भी सावधान रहें। पुलिस ने हिदायत दी है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर बिना घबराए तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और अपने बैंक को सूचित करें, ताकि आपके पैसों को सुरक्षित बचाया जा सके।

## दिव्यांग बेटे को ठीक करने का झांसा देकर 4 लाख की ठगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ शाजापुर

जिले की शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने भावनाओं से खेलकर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। एक बुजुर्ग पिता से उनके दिव्यांग बेटे को तंत्र-मंत्र और पूजा-पाठ से ठीक होने का झांसा देकर 4 लाख रुपये ठगने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में खुद को गुरुजी बताने वाला एक ढोंगी और एक दंपती शामिल है। पुलिस ने इनके पास से ठगी के 2 लाख 75 हजार रुपये नकद और घटना में इस्तेमाल की गई ८ लाख रुपये कीमत की टीयूवी कार जब्त की है।

साड़ी बेचने के बहाने घर में घुसी थी महिला, ऐसे बुना था जाल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देहंडी निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग विजय बामनिया ने 19 सितंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 11 सितंबर को उनके घर एक महिला साड़ी बेचने आई थी, जिसने अपना नाम रानी बताया था। घर में बुजुर्ग के दिव्यांग बेटे को देखकर उसने सहानुभूति जताने का नाटक किया और कहा कि वह एक गुरुजी को जानती है, जो पूजा-पाठ के जरिए लड़के को पूरी तरह स्वस्थ कर देंगे। इस काम के लिए उसने ४ लाख रुपये का खर्च बताया। बेटे के मोह में आकर बुजुर्ग उनके झांसे में आ गए। इसके बाद उस महिला ने अपने पति और सुदामा नाम के कथित गुरुजी के साथ मिलकर बुजुर्ग से ४ लाख रुपये ऐंठ लिए और वहां से रफूचक्कर हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शाजापुर एसपी प्रियंका शुक्ला, एएसपी महेंद्र तारणेकर और शुजालपुर एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने सायबर सेल की मदद से संदिग्ध मोबाइल नंबरों की सीडीआर खंगाली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सटीक लोकेशन और सुराग मिलने के बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर सागर जिले के शाहगढ़ निवासी आरोपी रामनिवास गौंड उर्फ सुदामा, कैया गौंड और उसकी पत्नी बुलई उर्फ रानी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ठगी गई रकम में से 2 लाख 75 हजार रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई टीयूवी कार जब्त की है।

## मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**देवास।** देवास में शादी समारोह से बेटे के साथ बाइक पर घर लौट रही 69 वर्षीय महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। बावड़िया के पास ब्रिज से उतरते समय पीछे से आए मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर पीछे बैठी नफीसा पति नन्हे खां उछलकर ब्रिज के डिवाइडर से टकरा गईं। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे उनके बेटे आमीन खां को भी चोट आई है।हादसा देर रात करीब 12.30 बजे हुआ। नफीसा अपने बेटे आमीन खां के साथ कबीर गार्डन में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। दोनों बाइक से रसलपुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बावड़िया के पास ब्रिज से उतरते समय पीछे से आए मिनी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।हादसे के बाद मिनी ट्रक रसलपुर के पास पलट गया। बताया गया है कि ट्रक में आलू भरे हुए थे। सूचना मिलने पर औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घायल आमीन खां का प्राथमिक उपचार कराया गया।



## देवास में राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित हुई रन फॉर यूनिटी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देवास

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर च्एकता के लिए दौड़ज (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया। दौड़ को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। च्रन फॉर यूनिटीज में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने दौड़ के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता एवं भाईचारे का संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों विशेषकर युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के पालन की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान श्री रायसिंह सेंधव ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा राष्ट्र की सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। वहीं महापौर प्रतिनिधि श्री दुर्गेश अग्रवाल ने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, पूर्व देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री राजेश यादव, श्री राजीव खंडेलवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री नवीत कुमार धुर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्री एस.आर. सोलंकी, अपर कलेक्टर श्री संजीव जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गजेंद्र वर्धमान उपस्थित रहे।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती सुगन बाई पुत्री बिहारीलाल पति कमल सिंह जी बंजारा निवासी दुर्गा कॉलोनी घटिया के निदेर्शानुसार यह जाहिर सूचना इस प्रकार से प्रकाशित की जाती है कि मेरी पक्षकार के पिता बिहारीलाल जी बंजारा थे जो मध्य प्रदेश विद्युत मंडल में नौकरी करते थे उनकी मृत्यु 2010 में हुई थी और उन्होंने अपनी कमाई से अपनी पत्नी श्रीमती रुपीबाई के नाम से ग्राम घटिया में सर्वे नंबर ९३२ की कृषि भूमि कुल रकबा 1.70 हेक्टेयर क्रय की थी और यह भूमि संयुक्त परिवार की कृषि भूमि थी। रूपीबाई कोई व्यवसाय नहीं करती थी। बिहारीलाल की मृत्यु के बाद रूपीबाई एवं बिहारीलाल के दोनों पुत्र सेवाराम तथा जगदीश ने कपट पूर्वक बटवारा कर लिया जिसे मेरी पक्षकारा ने एसडीओ महोदय घट्टिया के समक्ष अपील क्रमांक 13/2017-18 में चुनौती दी और 12/07/2019 को यह स्वीकार हुई। रूपीबाई, सेवाराम व जगदीश ने अपर आयुक्त संभाग उज्जैन के यहाँ अपील की जो दिनांक 26/11/2020 को निरस्त हुई और उसमें रूपीबाई, दोनों पुत्र व दोनों पुत्रियों का बराबरी से स्वत्व होना माना गया। उसके बाद रूपीबाई से जगदीश ने छल प्रपंच कर के अपने लड़के जीवन के हित में दान पत्र दिनांक 21/10/2022 को पंजीकृत करवाया और रूपीबाई खुद ने उसे न्यायालय में चुनौती दी, वह प्रकरण दीवानी न्यायालय में लंबित रहा जिसे जगदीश व जीवन ने दबाव डलवाकर कपटपूर्ण तरीके से प्रकरण वापस करवा लिया और उसके बाद दूसरे पुत्र सेवाराम ने अपने लड़के विजय के हित में 16/10/2026 को दूसरा दान पत्र करवा लिया। इस प्रकार संयुक्त परिवार की संपत्ति को जो कि बिहारीलाल से प्राप्त हुई थी छल व प्रपंच करके रूपीबाई से जगदीश व सेवाराम ने अपने पुत्रों के हित में दान पत्र पंजीकृत करवा लिए है जो मेरी पक्षकार के प्रतिकूल है और बंधनकारक नहीं है। इसलिए हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि ग्राम घट्टिया कि भूमि सर्वे नंबर 932 व परिवर्तित नंबर 932/1, 932/2 व 932/3 के संबंध में कोई व्यक्ति संस्था व वित्तीय संस्थान कोई संव्यवहार नहीं करे मेरी पक्षकारा न्यायालय में इस संबंध में शीघ्र ही वाद प्रस्तुत कर रही है। अतः हर आम व खास सूचित हो।

**रूपसिंह राठौर एडवोकेट**
**चार भुजानाथ मंदिर के पास, अवन्तीपुरा उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री जितेन्द्र पिता लक्ष्मीनारायणजी जाट, स्थाई निवासी ग्राम बोड़ानी तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के संयुक्त भूमिस्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम मुंजाखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित पैतृक भूमि सर्वे क्रमांक 361 रकबा 0.380 हे. है। उक्त भूमि मेरे पक्षकार की पैतृक संपत्ति होकर मेरे पक्षकार के दादाजी स्व. रामचन्द्रजी के नाम पर रही है। उक्त भूमि का विभाजन स्व. रामचन्द्रजी के वारिसान में नही हुआ है और उक्त भूमि में त्रुटिवश केवल स्व. रामचन्द्रजी की पत्नि स्व. कंचनबाई, संतान स्व. हुकुमचन्द्रजी, लक्ष्मीनारायणजी, भागवंतीबाई एवं स्व. भुवानीलालजी के वारिसान स्व. सायरबाई, कैलाश, ओमप्रकाश, बंशीलाल, शारदाबाई का नाम ही राजस्व अभिलेखों में दर्ज हुआ है मेरे पक्षकार का नाम त्रुटिवश राजस्व अभिलेख में दर्ज नही हो पाया है। ये लोग उक्त भूमि का स्वयं को अकेले स्वामी बताकर उक्त भूमि को बाले-बाले विक्रय किये जाने का प्रयास कर रहे है। ये लोग उक्त भूमियों के अकेले स्वामी नही है तथा उक्त भूमियो को विक्रय किये जाने के कोई एकल स्वत्व इन लोगो को प्राप्त नही है। उक्त पैतृक भूमि को बाले-बाले विक्रय किये जाने के संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा तथाकथित क्रेता एवं विक्रेता के विरूद्ध पुलिस कार्यवाही करने का विचार भी किया जा रहा है। उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा घोषणात्मक सहायता, विभाजन तथा स्थाई निषेधाज्ञा प्राप्त किये जाने हेतु सिविल वाद भी प्रस्तुत कर रहे है। इस कारण से उक्त भूमि का कोई भी अंतरणग्रहण नही करे।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति, क्रय, विक्रय, अनुबंधित या अन्य प्रकार से हस्तांतरण ग्रहण करने का प्रयास न करे व ना ही कोई शासकीय अर्धशासकीय बैंक, संस्था, पेढी, निकाय किसी तरह का ऋण अदा न करे एवं किसी प्रकार का कोई लेन-देन न करे अन्यथा होने वाली परेशानियो व परिणामो का उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा व ऐसा हस्तांतरण व्यवहार व लेन-देन विलेख शुन्यवत होगा। सो सूचित हो।
दिनांक 1.11.2026

**राजपाल सिंह बैस (एडवोकेट)**
**कार्यालयः- 25-ए मोहन नगर, उज्जैन म प्र**
**मो.-98277-35354**

## एसपी और सीएमओ को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग

**नीमच।** नगर के स्कीम नंबर-9 निवासी मोहम्मद रफीक पिता फकीर मोहम्मद ने जिला पुलिस अधीक्षक नीमच को अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा और हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में उल्लेखकर बताया कि मेरे पड़ोसी मोहम्मद अय्युब पिता फकीर मोहम्मद एवं उनके परिवारजनों पर शासकीय आम रास्ते पर करीब 20 फीट अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। जिला पुलिस अधीक्षक और मुख्य नगरपालिका अधिकारी नीमच को दिए ज्ञापन में बताया कि पडोसी परिवार द्वारा उनके मकान के समीप स्थित शासकीय आम रास्ते पर अतिक्रमण किए जाने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही उनके मकान में हवा और रोशनी भी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में बताया कि अतिक्रमण को लेकर समझाइश देने पर संबंधित पडोसी एवं उनके परिवारजन गाली-गलौज और लडाई-झगडे पर उतारू हो जाते हैं और त्योहारों के समय इस प्रकार के विवाद से क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका भी जाहिर की। ज्ञापन में मोहम्मद रफीक ने बताया कि संबंधित परिवार के मकान के वैध दस्तावेज और नगर पालिका में संपत्ति कर जमा करने को लेकर भी सवाल उठाए हैं।

## ग्रामीण मंडल में निकला विशाल पथ संचलन

**खरगोन।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का ग्रामीण उबदी और मेनगांव मंडल में रविवार को विशाल पथ संचलन निकला। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। पथ संचलन मेनगांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरा, जहां नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पथ संचलन से पूर्व एकत्रित करण हुआ। उबदी मंडल के नंदगांव में जिला प्रचार- प्रमुख निर्मल भारती का बौद्धिक हुआ। इस दौरान शंकरलाल पाटीदार वरिष्ठ स्वयंसेवक व 70 संख्या से अधिक स्वयंसेवक मौजूद रहे। इसी तरह मेनगांव में जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मोहन प्रजापति ने बौद्धिक दिया। बौद्धिक में वक्ताओं ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करना और हिंदू संस्कृति का संरक्षण करना है। इस भाव को लेकर स्वयंसेवक देश भर में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहते हैं। पथ संचलन संघ की नियमित गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो अनुशासन और एकजुटता का प्रतीक है। इसके बाद पथ संचलन की शुरुआत हुई। पथ संचलन में स्वयंसेवको ने अनुशासन के साथ ध्वज वाहिनी, दंड वाहिनी और घोष वाहिनी की धून पर कदमताल की। स्वयंसेवको के अनुशासन की नागरिकों ने सराहना की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय थाना का पुलिस बल मुस्तैद रहा।

## मनावर में सकल दर्जी समाज का भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

**मनावर।** मनावर की पावन धरा पर नामदेव समाज एवं सकल दर्जी समाज के संयुक्त तत्वावधान में निमाड़-मालवा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन टोकी रोड स्थित वेदांत होटल एंड रिजॉर्ट मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मध्यप्रदेश सहित गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और बेंगलुरु से समाज के युवक-युवतियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आए 300 से 350 युवक-युवतियों ने अपना परिचय देकर योग्य जीवनसाथी की तलाश के लिए परिवारों के बीच संवाद किया। सम्मेलन की विशेष व्यवस्था के तहत कुंडली मिलान के लिए पंडित की व्यवस्था भी की गई थी, जिससे विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिवारों को रिश्तों पर चर्चा करने में सुविधा मिली। आयोजन के दौरान करीब 10 से 15 रिश्तों को लेकर प्रारंभिक सहमति बनी और परिवारों के बीच आगे की बातचीत का मार्ग प्रशस्त हुआ। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना, योग्य जीवनसाथी की तलाश को आसान बनाना तथा समाज में आपसी परिचय, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करना रहा। विभिन्न प्रदेशों से समाजजनों की सहभागिता ने आयोजन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू जी नामदेव भगत मनावर, विजय जी चौधरी, राजेंद्र जी वर्मा, अश्विन जी नामदेव, गोविंद जी नामदेव, संतोष नामदेव, शिवानंद अखोटिया, संजय खालिया सहित समाज के अनेक वरिष्ठजनों एवं युवाओं का विशेष योगदान रहा। मनावर में आयोजित यह परिचय सम्मेलन सामाजिक एकजुटता की मिसाल बनने के साथ ही विवाह योग्य युवक-युवतियों और उनके परिवारों के लिए उपयोगी मंच साबित हुआ।

## सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय प्रशिक्षण

**नेपानगर।** बुरहानपुर जिले में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड खकनार के अंतर्गत नवांकुर संस्था श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा सेक्टर नेपानगर में सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा बुद्ध विहार नवांकुर समिति कार्यालय पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समन्वयक जन अभियान परिषद मनीष कुवादे, खकनार ब्लॉक समन्वयक अमजद खान, नवांकुर समिति के भीमराव वानखेड़े, निंबा पाटील उपस्थित रहे। ब्लॉक समन्वयक अमजद खान ने अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का परिचय तथा उद्देश्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रस्फुटन समितियां समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की महत्वपूर्ण इकाई हैं। समितियां अपने कार्यक्रम आयोजित करें, दस्तावेजीकरण करें और त्रैमासिक व छह माही प्रतिवेदन तैयार करें। सामाजिक जागरूकता, बोरी बंधान जैसे विषयों पर कार्य करें। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जनजागरण में समितियों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

### होटल के पीछे रोजाना फेंका जा रहा अपशिष्ट, खाने-पीने के कचरे को खाकर बीमार हो रहे मवेशी.....

# पर्यावरण नियमों की अनदेखी को लेकर उठे सवाल

### मामला नवलोक होटल के वेस्ट मटेरियल से काल के गाल में समां रहे आवारा मवेशी, कचरे में लगाई जा रही आग

**दैनिक अवन्तिका ›› गुना**

शहर में नगरपालिका और प्रशासन स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर भले ही बड़े-बड़े दावे किए जाते हों, लेकिन जमीनी स्तर पर इन दावों की हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। गुना रेलवे स्टेशन रोड स्थित नवलोक होटल के पीछे कथित तौर पर प्रतिदिन निकलने वाला वेस्ट मटेरियल खुले में डाले जाने का मामला सामने आया है। होटल से निकलने वाले अपशिष्ट के उचित निस्तारण के बजाय उसे पीछे खुले स्थान पर फेंके जाने से आवारा मवेशियों की जान पर संकट मंडरा रहा है। वर्षों से इस वेस्ट मटेरियल को खाकर कई मवेशियों की जान काल के गाल में समां चुकी है।

दरअसल मामला ये है कि स्थानीय स्तर पर सामने आई शिकायतों के अनुसार, नवलोक होटल के पीछे रोजाना बड़ी मात्रा में कचरा और वेस्ट मटेरियल डाला जा रहा है। इसमें खाद्य पदार्थों के अवशेष भी शामिल होने की आशंका है, जिन्हें खाने के लिए आवारा मवेशी पहुंचते हैं। कचरे में मौजूद अनुपयोगी और



नुकसानदायक सामग्री मवेशियों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। यही वजह है कि होटल के पीछे डाले जा रहे कचरे को लेकर पशु प्रेमियों और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ रही है। मामले में दूसरा गंभीर पहलू ये है कि होटल के पीछे जमा किए जा रहे कचरे में नियम कायदों को ताक पर रखकर आग लगाई जा रही है।

यदि खुले में वेस्ट मटेरियल जलाया जा रहा है तो इससे निकलने वाला धुआं आसपास के वातावरण और लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो रहा है। प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट जलने से जहरीले धुएं का खतरा भी रहता है। इसके बावजूद यदि नियमित रूप से कचरे में आग लगाई जा रही है तो यह पर्यावरणीय नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े करता है। होटल संचालन से संबंधित पर्यावरणीय नियमों के तहत जहां आवश्यक हो, वहां प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सहमति और निर्धारित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि होटल के संचालन से संबंधित पर्यावरणीय अनुमति की स्थिति क्या है? अगर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति है तो संचालक कचरा निस्तारण करना क्यों भूले। सवाल ये है कि होटल से निकलने वाले प्रतिदिन के वेस्ट मटेरियल का निस्तारण किस व्यवस्था के तहत किया जा रहा है? क्या संबंधित विभाग द्वारा इसकी नियमित निगरानी की जा रही है या नहीं ये जांच का विषय है?

### आखिर कब लेगा प्रशासन मामले में संज्ञान?

वेस्ट मटेरियल से उठने वाली बदबू और सडन से परेशान स्थानीय लोगों की मांग है कि नगर पालिका, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और पशुपालन विभाग इस मामले में तत्काल संज्ञान लें। अन्यथा गौ सेवकों को आना पड़ेगा। इसलिए शीघ्र ही होटल के पीछे डाले जा रहे कचरे की जांच कराई जाए, कचरे में आग लगाए जाने की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा आवारा मवेशियों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएं। खबर प्रकाशित होने के बाद अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करेंगे।

## 14 सूत्रीय मांगों को लेकर अभा वाल्मीकि महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**कुम्भराज।** नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा ने तहसील अध्यक्ष नीरज मालवीय के नेतृत्व में 31 अक्टूबर को 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्य नगर परिषद अधिकारी के नाम तहसीलदार को सौंपा है।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पूर्व में कई बार आवेदन देने के बावजूद उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। महासभा ने सेवानिवृत्ति एवं सेवाकाल में मृत्यु होने पर परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति, अस्थायी कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, 15 पुरुष और 15 महिला सफाई कर्मचारियों की भर्ती तथा शासन के नियमानुसार वेतन भुगतान की मांग की। इसके अलावा प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख तक वेतन देने, वाल्मीकि समाज के लिए सामुदायिक भवन बनाने, कर्मचारियों का बीमा कराने, लोन की काटी गई किस्त समय पर जमा करने, वर्दी उपलब्ध कराने और



अस्थायी एवं विनियमित कर्मचारियों को नियमित व स्थायी करने की मांग उठाई गई। कर्मचारियों ने बकाया एरियर का भुगतान भी शीघ्र करने की मांग की। हालांकि ज्ञापन के वक्त कर्मचारियों की 7 मांगों का मौके पर निराकरण कर दिया है। वहीं अन्य मांगों का शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

महासभा ने ज्ञापन की प्रतिलिपि मानव अधिकार आयोग, नगरीय प्रशासन विभाग, अनुसूचित जाति आयोग, संभागीय आयुक्त ग्वालियर और कलेक्टर गुना सहित संबंधित अधिकारियों को भेजकर समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

## कन्या पूजन कर सभी शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया

**तराना।** न्यू सांवरिया विद्यालय में सेवा निर्वतय शिक्षक पुरुषोत्तम चांडक एवं भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री दीपक सोमानी के मुख्य अतिथि में शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक ललित सोमानी द्वारा कन्या पूजन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से लेखन सामग्री एवं सभी शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। विद्यालय के संचालक गंगाराम मालवीय के द्वारा सोमानी को हार पहना कर चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। उदित सोमानी ने सभी विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर एवं शिक्षा का महत्व देते हुए देश सेवा की सीख दीद्य सोमानी परिवार द्वारा अंत में सभी बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को स्वैलपहार कराया गया ।

## संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए बड़नगर के कांग्रेसी

**बड़नगर।** दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित राष्ट्रीय वोट बचाओ-देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ-संविधान बचाओ रैली का आयोजन हुआ। रैली अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और इंडिया गठबंधन के आह्वान पर आयोजित की गई थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने रैली को संबोधित किया।

रैली में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, उज्जैन जिला अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में बड़नगर से सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में बड़नगर से पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह सोलंकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज, युवक कांग्रेस अध्यक्ष देवेश महेश पटेल, चांद खां, अनिल शर्मा, जगदीश धाकड़, गुलरेज मंसूरी, कमल गुर्जर, धीरेंद्र बना और गौरव उपाध्याय सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि रैली ऐतिहासिक रही और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि दिल्ली से लौटने के बाद बड़नगर में भी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## अजाक्स के रघुवीर सिंह अहिरवार बने आरोन ब्लॉक अध्यक्ष, नीलम सिंह सहरिया जिला महासचिव नियुक्त



**दैनिक अवन्तिका ›› गुना**

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स की जिला स्तरीय बैठक अजाक्स कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अजाक्स संघ के प्रांतीय सचिव बसंत खरे, संरक्षक प्रोफेसर डॉ मनोज भिरोरिया, वरिष्ठ पदाधिकारी जीएल पिप्पल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश अहिरवार ने की।

इस बैठक में सर्वप्रथम विश्व को शांति का संदेश देने वाले तथागत भगवान बुद्ध के चरणों में पुष्प अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नीलम सिंह सहरिया को जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं रघुवीर सिंह अहिरवार को आरोन ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके पश्चात प्रांतीय निर्देश अनुसार मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे को अजाक्स संघ के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर कार्यवाहक जिला अध्यक्ष गुल सिंह हिहोर, महिला अध्यक्ष कीर्ति मोरोलिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अहिरवार, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष चिरौंजीलाल अहिरवार, जिला सह संभागीय सह सचिव सीएल धोहरे, सह सचिव लक्ष्मीनारायण सुमन, जिला सचिव नरेन्द्र गोईया, तहसील अध्यक्ष मकसूदनगढ़ पूरनलाल अहिरवार, मोहन चन्देल, ब्रजराज गौतम आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ ने किया तीर्थ यात्रियों का भव्य स्वागत

**आरोन।** अयोध्या धाम एवं काशी विश्वनाथ के पावन दर्शन कर धार्मिक यात्रा से वापस लौटे श्रद्धालुओं का ब्रह्माण्ड समाज एवं रघुवंशी समाज के बंधुओं द्वारा आत्मीयता और हर्षोल्लास के साथ स्वागत एवं सम्मान किया गया।

उल्लेखनीय है कि यात्रा पर रवाना होते समय भी ब्रह्माण्ड समाज के बंधुओं द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत कर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएँ दी गई थीं। वहीं यात्रा पूर्ण कर सकुशल घर वापसी पर पुन: पुष्पमालाओं एवं आत्मीय अभिनंदन के साथ उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के तहसील अध्यक्ष चन्द्र मोहन शर्मा जी एवं रघुवंशी समाज के ओमवीर सिंह रघुवंशी राष्ट्रीय प्रवक्ता, अध्यक्ष डॉ. कैलाश रघुवंशी द्वारा श्रद्धालुओं का



स्वागत-सम्मान कर उनकी सुखद एवं सफल धार्मिक यात्रा के लिए प्रसन्नता व्यक्त की गई।

यह आयोजन सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम, भाईचारे और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण बना। समाज के वरिष्ठजनों एवं बंधुओं ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना प्रदर्शित करते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया। धार्मिक यात्राएँ केवल तीर्थ दर्शन का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे आस्था, संस्कार, सद्भाव और सामाजिक एकता को भी मजबूत करती है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित किया

**बड़नगर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई बड़नगर द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मोत्सव नित्यानंद विधा पीठ विद्यालय बड़नगर में मनाया गया।

जिसके मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्री शूटरों के कोच ब्रजेश सिंह सिसोदिया एवं डिजिटल क्रांति द्वारा किसान हित चिंतक एप निर्माता एक नन्ही 12 वर्षीय बालिका ईवा पाटीदार रही कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार विजय यादव गीतांश ने की। अतिथियों का मोतियों की माला और दुपट्टे से स्वागत संस्था की अध्यक्षा राधा परमार उपाध्यक्ष रेखा राठौड़ सचिव दीपक नागर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कवयित्री सुनीता भाटी ने शशी द्वारा सरस्वती वंदना सुमधुर गीत से किया एवं अतिथि परिचय मंदीप पाटीदार द्वारा दिया गया। नगर के मूर्धन्य साहित्यकार सनत जैन परिश्रम, नितेश जोशी जय, सुरेश उबाल, रुकनुद्दीन रज़ा, हीरालाल सोनारतिया, निलेश ओरा,विनोद मकवाना, रेखा राठौर, राधा परमार, सुनीता भाटी शशि, दीपक नागर, कृष्णा सोनी ने काव्य पाठ एवं पटेलजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संस्मरण एवं अपनी रचना पाठ सुना कर ज्ञान वर्धक जानकारी प्रदान की। अतिथि सिसोदिया ने बताया कि आज मेरे बच्चे शूटिंग की दुनियां में विदेशों में जाकर देश के लिए मेडल प्राप्त कर देश का नाम रोशन कर रहे है। एक बच्चे का सिलेक्शन हाल ही में भारतीय सेना में भी हो गया है। ईवा पाटीदार ने बताया कि किसान खेती का व्यवस्थित मैनेजमेंट नहीं रख पाते इस लिए कर्ज में डूब कर आत्म हत्या तक कर लेते हैं,मेरे द्वारा बनाया गया एप जो किसानों को अपने आय ओर व्यय का व्यवस्थित ब्यौरा देगा,जिससे उन्हें अपने प्रबंधन में बहुत मदद मिलेगी। ज्ञात हो कि ईवा पाटीदार को मुख्य मंत्री माननीय मोहन जी यादव एवं विभिन्न मंत्रियों एवं अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार विजय यादव गीतांश का सम्मान किया गया आप नगर के कलमकारों के मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्त्रोत है। इस अवसर पर उनका अभिनंदन पत्र, शाल श्रीफल भेंट कर संस्था ने सम्मानित किया। अभिन्नदन पत्र का वाचन आशु कवि विनोद मकवाना द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद पंचोली प्रीतेश ने किया एवं आभार संस्था सचिव दीपक नागर ने माना।

## नर्मदा जल के असमान वितरण से और गहराएगा जल संकट

**इंदौर।** इस वर्ष मानसून में औसत से कम वर्षा होने से शहर में जल संकट विकराल रूप लेने वाला है। इस चुनौती से निपटने के लिए केवल निगम प्रशासन को ही नहीं बल्कि हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह जल का सही उपयोग करे। यह काम गृहणियां भी अच्छे से कर सकती हैं। वर्षा जल संग्रहण से अधिक जरूरी है जल का सुनियोजित प्रबंधन करना। इंदौर शहर की प्यास 70 किलोमीटर दूर से आने वाले नर्मदा जल से आज भी बुझाई जा रही है। हम सब आज भी नर्मदा नदी के जल पर निर्भर हैं। इंदौर में नर्मदा का जितना पानी आता है उसका सही तरीके से वितरण आज भी नहीं हो रहा है। इस वजह से जल समस्या बनी हुई है। जरूरी है कि शहर का प्रत्येक नागरिक जल की कद्र करे उसका संग्रहण करें और अनावश्यक रूप से उसे बर्बाद नहीं करें। यह विचार विभिन्न वक्ताओं के है जो उन्होंने स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. द्वारा आयोजित 'जल संकट से जल सुरक्षा' विषय पर आयोजित परिचर्चा में व्यक्त किए। यह आयोजन अभिनव कला समाज सभागार में संपन्न हुआ। भारत सरकार के पेयजल मिशन एक निदेशक एवं भूवैज्ञानिक सुधीन्द्र मोहन शर्मा ने कहा कि इंदौर शहर की अपनी कोई नदी नहीं है। हम नर्मदा नदी से पानी उधार लेते हैं। इंदौरवासियों के लिए पानी का एकमात्र स्त्रोत भूजल ही है। आज से 75 वर्ष पूर्व शहर में कुएं-बाबडी के माध्यम से जल प्रदाय और जल संग्रहण का कार्य होता था। इसके कुछ वर्षों बाद हैण्डपम्प युग आया जिसमे हमें 30 से 75 फीट गहराई पर पानी मिलने लगा। इसी दौर में कुछ तालाब भी बनायें गए। आज पानी का जल स्तर हजार फीट तक चला गया है जो विस्फोटक स्थिति है। साढे छः करोड वर्ष पूर्व ज्वालामुखी का लावा ठंडा होने पर जमीन के भीतर चट्टानें बनीं। इन्ही चट्टानों के बीच से हम पानी निकालते हैं। ऐसा कोई पैमाना नहीं है जिसके माध्यम से हम यह पता लगा सकें कि किस जगह पर पानी की मात्र कम है या अधिक। श्री शर्मा ने कहा कि इजराइल जैसे देश से इंदौर में ढाई गुना ज्यादा बारिश हुई है। हालात उतने बुरे भी नहीं है, लेकिन हमें दूरदर्शिता रखते हुए 2027 की नहीं बल्कि 2057 की तयारी करना होगी। हमें भूजल स्तर का नक्शा तैयार करना चाहिए ताकि प्रबंधन में सहायता मिल सके। प्रशासन ने शहर में 15 स्थानों पर भूजल स्तर मापने के लिए पीजो मीटर लगाये हैं, उसकी भी सतत मोनिटरिंग होना चाहिए। इसी तरह फ्लो मीटर भी लगाना जरूरी है ।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अनुबंधकर्तागण 1. श्रीमती पूनम तिवारी पति श्री राजेश तिवारी, निवासी-02, बृजधाम, शिवाजी पार्क, उज्जैन (म.प्र.) कृषक ग्राम घटिया, जिला उज्जैन के एकल, स्वत्व, स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1146/1 रकबा 0.23 हेक्टर, भूमि सर्वे क्रमांक 1146/2/1 रकबा 0.12 हेक्टर, भूमि सर्वे क्रमांक 1146/2/2 रकबा 0.11 हेक्टर, कुल किता 3 कुल रकबा 0.46 हेक्टर, 2. रमेश चंद्र पिता कन्हैयालाल शर्मा, निवासी ग्राम घटिया, तहसील घटिया, जिला उज्जैन के एकल स्वत्व स्वमीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1147 रकबा 0.37 हेक्टर में से 0.19 हेक्टर, और 3. जीवनसिंह पिता सोहनसिंह, 4 मनोहरसिंह पिता श्री सोहनसिंह, निवासीगण ग्राम घटिया, तहसील घटिया, जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1154 रकबा 0.40 हेक्टर में से 0.15 हेक्टर इस प्रकार कुल किता 5 कुल रकबा 0.80 हेक्टर अर्थात कुल चार बीघा कृषि भूमि, बरूख पश्चिम दिशा की भूमि जो कि ग्राम डाबरी रोड़ से लगकर, ग्राम घटिया, तहसील घटिया, जिला-उज्जैन (म.प्र.) पटवारी हलका नंबर 51 में स्थित हैं, उपरोक्त कृषि भूमि की चर्तु:सीमा पूर्व में विक्रेता की शेष कृषि भूमि, पश्चिम में अन्य की कृषि भूमि, उत्तर में अन्य की कृषि भूमि व दक्षिण में डाबरी रोड़, को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा मेरे पक्षकार ने अनुबंधकर्तागण को बयाना पेटे राशि भी अदा कर दी हैं तथा विक्रय मूल्य की शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन भी करवाने वाले हैं। उपरोक्त अनुबंधित कृषि भूमि के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य बाबत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार, हित, अधिकार हो या इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे अन्यथा बाद मियाद उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरा पक्षकार अपने हित में सम्पादित करवा लेवेगा तथा इसके पश्चात कोई आपत्ति या उज मान्य नहीं होगी और न हीं मेरे पक्षकार के हितो पर बन्धनकारी होगी तथा मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन एवं शुन्य मानी जावेगी। इति दिनांक 02/11/2026

**प्रदीप कुमार शर्मा एडवोकेट**
**18, झरण कालोनी, पीपलीनाका चौराहा, उज्जैन**
**मो. 9425092474, 9753069888**

## न्यूज-कॉलम

### निजी अस्पताल में इलाज के दौरान किसान की मौत

**मंदसौर ।** नगर के अनुयोग हॉस्पिटल में इलाज के दौरान भावगढ़ थाना क्षेत्र के मंगरोला गांव के रहने वाले साठ वर्षीय किसान गोपाल सिंह राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिजन शव लेकर अस्पताल पहुंचे और बाहर रखकर प्रदर्शन किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने, मरीज की वास्तविक हालत की जानकारी परिजनों से छिपाने और इलाज के नाम पर भारी रकम वसूलने का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल का लाइसेंस रद्द करने और दोषी डॉक्टरों व प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे प्रशासन द्वारा निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। वहीं अस्पताल संचालक का कहना है कि मरीज को डिस्चार्ज करने की तैयारी थी, उसी दौरान उन्हें अचानक कार्डियक अरेस्ट आया।

### अल्प्राजोलम और अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** शहर थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 20 लाख रुपये मूल्य के 1 किग्रा अल्प्राजोलम और 1 लाख रु. मूल्य की 200 ग्राम अफीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना शहर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट रोड शिवना नदी के पास से संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की जिसने अपना नाम समीर शेख निवासी गोपालपुरा थाना नारायणगढ़ बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से उक्त अवैध अल्प्राजोलम और अफीम बरामद की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी शाहरुख निवासी नुरी कॉलोनी मनासा जिला नीमच को भी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ व गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है तथा पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच जारी है।

### करवा चौथ पर देर से घर लौटने का विरोध करने पर पति ने पत्नी को पीटा

**रतलाम ।** करवाचौथ के पावन पर्व पर पति के देर रात घर पहुंचने और कारण पूछने से नाराज एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। आरोपी पति ने पत्नी का गला दबाया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, घटना तीन दिन पूर्व गुरुवार (करवाचौथ की रात) की है। जावरा की राजीव कॉलोनी निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके पति विशाल जाट (निवासी हसनपलिया, जावरा) रात करीब एक बजे घर पहुंचे थे। जब पीड़िता ने देर से आने की वजह पूछी, तो आरोपी पति आगबबूला हो गया और गालियां देने लगा।महिला द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी पति आपा खो बैठा और उसने लात-घूंसों से पीड़िता की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता का गला दबा दिया, जिससे उसकी गर्दन पर चोट आई और जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

### झाली तालाब में 50 घंटे बाद मिला युवक का शव

**रतलाम।** कालिका माता मंदिर परिसर के झाली तालाब में गुरुवार रात डूबे 22 वर्षीय सोनू बैरागी का शव 50 घंटे बाद शनिवार रात 2.40 बजे पानी के ऊपर आ गया। इसके पहले दिनभर एसडीआरएफ ने उज्जैन से दो गोताखोरों को भी बुलाकर पानी के अंदर उतारा था। पानी के अंदर कैमरा भी डाला था। लेकिन वह नहीं मिल पाया था। युवक को तलाश नहीं कर पाने पर एसडीआरएफ के आपदा प्रबंधन पर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार रात करीब 9 बजे के बाद एसडीआरएफ ने रेस्क्यू बंद कर दिया था। सभी चले गए थे। लेकिन आधी रात में शव तालाब में पानी के बीच ऊपर आ गया। रात में सूचना मिलने पर स्टेशन रोड थाना पुलिस व एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे। तालाब के बीच नाव से जाकर शव को तालाब किनारे लेकर आए। रात में शव को मेडिकल कॉलेज भेजा।

# रॉयल कॉलेज में विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने जीवन कौशल, समय प्रबंधन एवं अपराध नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम




रॉयल कॉलेज (रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड एडवांस्ड स्टडीज) के कॉमर्स एवं मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के तत्वावधान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास और जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित भव्य इग्नाइट द बिगिनिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को जीवन कौशल, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, नियमितता, साइबर अपराध एवं अपराध नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार ने विद्यार्थियों को नारकोटिक्स, साइबर फ्रॉड और अपराध नियंत्रण जैसे अत्यंत समसामयिक विषयों पर गहरी जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को नशे की लत से पूरी तरह दूर रहने, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर होने वाले साइबर अपराधों के प्रति अत्यधिक सतर्क रहने और किसी भी आपराधिक गतिविधि से बचने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि यदि आपके आसपास किसी को भी इस तरह की कोई समस्या या संकट हो, तो तुरंत आगे आकर पुलिस या संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें और किसी पीड़ित व्यक्ति या परिवार की मदद कर समाजहित में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रतलाम पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ. संयोगिता सिंह एवं पूर्व निदेशक जन शिक्षण संस्थान श्रीमती कल्पना पुरोहित उपस्थित रहीं।

अतिथियों के प्रेरणादायक उद्बोधन के पश्चात कॉमर्स एवं मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, ड्रामा और लोक नृत्य जैसे आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। एजुकेशन डिपार्टमेंट की प्राचार्या डॉ. आर.के. अरोड़ा, कॉमर्स डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अमित शर्मा, मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की हेड प्रो. मृदुला उपाध्याय, लाइफ साइंस डिपार्टमेंट के हेड प्रो. कपिल केरोल, साइंस डिपार्टमेंट की हेड प्रो. दीपिका कुमावत, तथा मैनेजमेंट एंड कॉमर्स डिपार्टमेंट से डॉ. हिमांशु बैरागी, प्रो. कमल पाटीदार, प्रो. प्रियंका दवे, प्रो. यक्षेंद्र हरोर, प्रो. मीनाक्षी गोयल, प्रो. कहकशा चिश्ती एवं प्रो. राजलक्ष्मी जैन, प्रो. अदिति पारीक आदि उपस्थित थे । प्रशासक दिनेश राजपुरोहित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# समन्वय कर ब्राह्मण समाज को संगठित करें -प्रमोद कुमार व्यास



### लक्की विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

महर्षि परशुराम ब्राह्मण सहकारी साख संस्था मर्यादित, रतलाम द्वारा सदस्यों में बचत के प्रति जागरूकता एवं प्रोत्साहन बढ़ाने के उद्देश्य से दिपावली बंपर ड्रॉ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भगवान परशुराम का पूजन किया गया उसके बाद भागवत कथा पर प्रवचन देते हुए श्री दण्डी स्वामी आत्मानंद जी सरस्वती ने वचनों से सभी को को कृतार्थ किया । उसके बाद हनुमान चालीसा पाठ किया गया

इस अवसर पर विप्र परिवार को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं उघोगपति पं प्रमोद कुमार व्यास ने आव्हान किया हम सभी समन्वय कर समाज को संगठित करें और उसके माध्यम से समाज को उन्नति के रास्ते पर लें जायें अपने सहकारी बैंक संस्था के प्रयासों कि भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य और समाज बंधुओं को दीपावली पर्व कि शुभकामनाएं दी।

संस्था के पं अजय जोशी ने आर्थिक, शैक्षणिक एवं चिकित्सा संबंधी कार्यों के माध्यम से समाज को सेवाएं उपलब्ध करा रही है और वरिष्ठ समाज बंधुओं के मासिक स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था प्रारंभ कर रही है और 1500 सदस्य होने पर बीमा योजना भी शुरू की जाएगी ।

दिपावली बंपर उपहार योजना के लक्की विजेताओं के इनाम निकाले गए जिसमें प्रथम पुरस्कार श्रीमती राधा जोशी को पं प्रमोद कुमार व्यास द्वारा दिया गया, द्वितीय पुरस्कार पं संदीप जोशी को पं संदीप व्यास द्वारा दिया गया तो। तृतीय पुरस्कार पं शुभम सारस्वत को पं कृष्ण गोपाल आचार्य द्वारा दिया गया चतुर्थ पुरस्कार श्रीमती माया दवे को डॉ गीता दुबे द्वारा दिया गया पंचम पुरुस्कार पं दिनेश शर्मा को पं मिलिंद करंदीकर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य और विप्र बन्धुओं एवं मातृ शक्ति की उपस्थिति रही।



### सफेद कोट पहनते ही शुरू होती है मानव सेवा की सबसे बड़ी जिम्मेदारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

मेडिकल कॉलेज रतलाम में आयोजित व्हाइट कोट सेरेमनी (श्वेत कोट समारोह) केवल मेडिकल विद्यार्थियों को सफेद कोट पहनाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के साथ मानव सेवा का संकल्प लेने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह समारोह विद्यार्थियों को याद दिलाता है कि डॉक्टर बनना केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि किसी के जीवन की उम्मीद और विश्वास की जिम्मेदारी उठाना है।

डॉ. दीपक नागर ने समारोह के महत्व को समझाते हुए बताया कि सफेद कोट शुद्धता, ईमानदारी, निष्पक्षता और सेवा भावना का प्रतीक है। एक चिकित्सक का व्यवहार विनम्र, निर्णय निष्पक्ष और उद्देश्य हमेशा मरीज का हित होना चाहिए। मरीज की जाति, धर्म, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा से ऊपर उठकर उसकी सेवा करना ही चिकित्सा का मूल धर्म है।

उन्होंने बताया कि इस समारोह के तीन प्रमुख आधार ज्ञान, करुणा और कर्तव्य हैं। स्टेथोस्कोप केवल मरीज की धड़कन सुनने का उपकरण नहीं, बल्कि उसकी पीड़ा और जरूरतों को ध्यान से सुनने का भी प्रतीक है। वहीं वरिष्ठ चिकित्सकों और गुरुजनों का आशीर्वाद विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ विवेक, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाता है।

व्हाइट कोट विद्यार्थियों के वर्षों के परिश्रम, माता-पिता के त्याग और परिवार के सपनों का भी प्रतीक है।




### मंदसौर में 70वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**मंदसौर ।** 70वीं स्कूल शिक्षा विभाग राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का मंदसौर में शुभारंभ हुआ। क्वाड्स, इनलाइन और रोड रेस श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता में 11, 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिकाएं भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता एक से पांच नवंबर तक आयोजित की जा रही है जिसमें मध्य प्रदेश के दस संभागों से आए 240 बालकों और 240 बालिकाओं सहित कुल 480 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों के साथ 30 पुरुष और 30 महिला ऑफिशियल भी सम्मिलित हैं। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए 25 रेफरी और फील्ड ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं।शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष नम्रता चावला, भाजपा खेल प्रकोष्ठ के सह संयोजक शांतिलाल मालवीय, जिला महामंत्री शिवराज सिंह घटावदा, जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल भंडारी और लोक शिक्षण भोपाल के ऑब्जर्वर भरत सिंह कुमावत उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट ने स्वागत उद्बोधन और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा नेशनल खिलाड़ी कृति सेठिया ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई।

# हमारा मध्यप्रदेश गौरवशाली अतीत और ऐतिहासिक भूमि से समृद्ध है-विधायक डंग

### जिला स्तरीय समारोह के साथ मनाया म.प्र. स्थापना दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर




स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर सभागार में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक हरदीप सिंह डंग ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश गौरवशाली अतीत और ऐतिहासिक भूमि से समृद्ध है। यह धरती देवों, संतो, महापुरुषों, सम्राट विक्रमादित्य, राजा भोज और बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की पावन जन्मस्थली है जहां नर्मदा मैया बहती हैं और भगवान महाकाल विराजमान हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने मंदसौर जिले के प्राचीन इतिहास, राजवंशों और लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने भी अपने संबोधन में मंदसौर जिले में टू-लेन, फोर-लेन, ८-लेन सड़कों, मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक विकास के साथ प्रदेश की प्रगति की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान भगवान श्री कृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत विजेता काव्य शर्मा को एक लाख रु. का चेक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पेंटाथलान नेशनल चौंपियनशिप में पदक जीतने वाले छात्र आरव बाफना को सम्मानित किया गया। किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व क्विज 2-2026 के विजेताओं में ग्राम जग्गा खेड़ी के खुमान सिंह को ट्रैक्टर के लिए 7 लाख 26 हजार रु., ग्राम सोनगरा के अर्जुन पाटीदार को बुलेट मोटरसाइकिल के लिए 1 लाख 68 हजार रुपये तथा ग्राम चिकन्या की पूजा शर्मा को इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिए एक लाख 20 हजार रु. का चेक प्रदान किया गया।

इसके अलावा स्वामित्व योजना के अंतर्गत पात्र पट्टेधारियों को निशुल्क रजिस्ट्री वितरित की गई तथा जिला प्रशासन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर दिव्यांक सिंह और एसपी विनोद कुमार मीना सहित अनेक गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवैध मादक पदार्थ 100 ग्राम एमडी ड्रग्स व 10 किलो 610 ग्राम डोडाचुरा सहित 2 तस्कर गिरफ्तार

**नीमच।** पुलिस ने 11 लाख 5 हजार रुपएं मुल्य के अवैध मादक पदार्थ 100.8 ग्राम एमडी ड्रग्स व 10 किलो 610 ग्राम डोडाचुरा सहित 2 तस्कर गिरफ्तार, मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त ब्रेजा कार जप्त, पुलिस थाना नीमच सिटी को मिली सफलता मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं पुलिस महा निदेशक मध्यप्रदेश द्वारा नशें एवं मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्व चलाये जा रहे 15 दिवसीय राज्य स्तरीय एन्टी नारकोटिक्स



विशेष अभियान के अंतर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति हेमलता अग्रवाल व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नीमच सिटी श्री विजय सागरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम नीमच सिटी द्वारा नीमच के दो तस्करो से 100.08 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स एवं 10 किलो 610 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जब्त किया।

# हरदीप पुरी की राज्यसभा उम्मीदवारी पर आपत्ति, कांग्रेस ने जलाया पुतला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन किया गया। भाजपा द्वारा हरदीप पुरी को मध्य प्रदेश से राज्यसभा उपचुनाव का उम्मीदवार बनाए जाने के फैसले पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कोचटा ने बताया कि भाजपा ऐसे व्यक्ति को मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेज रही है, जिसका राज्यसभा सदस्य से इस्तीफा नाम हाल ही में विवादित प्रकरणों से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों की बात करने वाली भाजपा ऐसे दागी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाकर जनता को क्या संदेश देना चाहती है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में एक दलित दिलवाकर यह सीट खाली करवाई गई और अब उस सीट पर बाहरी व्यक्ति को लादना भाजपा का दलित विरोधी चेहरा उजागर करता है। इससे भाजपा की कथनी और करनी में अंतर साफ दिखाई देता है।

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कडपा, वरिष्ठ नेता डॉ. एच.एस. राठौर, शांतिलाल दसेड़ा, बाबूलाल निंबे, हीरालाल मेहता, नीति राज सिंह, वरुण श्रोत्रिय, हरिनारायण अरोड़ा, मसूद परदेसी, मोहनलाल सैनी, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष अश्न्नपूर्णा पवार, महेश शर्मा, अंकित लालवानी, अशोक सिसोदिया, पवन चौरसिया, नगर पालिका चेयरमैन मोहम्मद मुस्तकीम मंसूरी, आसिफ कबाड़ी, लोकेश विजवा, कान्हा हाडा, दानिश सिद्दीकी, मनीष बैरागी, मुकेश हरा, जावेद पॉपुलर, कृष्णा अखेड़ीया, नईम भाटी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज कालम



### शिवना की स्वच्छता के साथ आस्था का सम्मान,पूजन सामग्री नदी में नहीं, कलश में डालें - लाड़

**मंदसौर।** शिवना नदी को स्वच्छ, निर्मल और प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से विधायक विपिन जैन के नेतृत्व मे चलाए जा रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 149वें दिन श्रमदानियों ने नदी एवं घाटों की सफाई की। श्रमदानियों ने नदी किनारे फैले कचरे को एकत्रित कर हटाया, वहीं नदी के भीतर मौजूद प्लास्टिक कचरे को भी बाहर निकाला। सफाई अभियान में श्रमदानियों ने 1 ट्राली कचरा निकाल कर नदी व घाटों की सफाई करते हुए उन्हें पानी से धोकर स्वच्छ किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को साफ-सुथरा वातावरण मिल सके। इसके साथ ही लंबे समय से नदी किनारे रखा पूजन सामग्री संग्रहण कलश भी खाली कर उसकी सफाई की गई । शिवना शुद्धिकरण अभियान के मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने आमजन से अपील की कि पूजन सामग्री नदी में प्रवाहित न करें,बल्कि निर्धारित कलश में ही डालें। इससे श्रद्धालुओं की आस्था भी बनी रहेगी और पूजन सामग्री के कारण शिवना नदी प्रदूषित होने से भी बचेगी । रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान अनेक श्रमदानियों ने सहभागिता की ।

### एकता दिवस के अवसर पर "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन संपन्न

**नीमच ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में नीमच जिला मुख्यालय पर 'एकता दौड़ रन फॉर यूनिटी का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने तथा समाज के सभी कहाँ में राष्ट्रीय एकता और आपसी भावना सुदृढ़ कंट्रोल रूम नीमच से हुआ। नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार एवं पुलिस एकता दौड का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। दौड़ पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक, कमल चौक एवं सब्जी मंडी तिराहा होते हुए पुनः पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार ने उपस्थित जनसमुदाय को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित रहने की रखने तथा देश की एकता और सद्भावना शपथ दिलाई। दौड़ में छात्र-छात्राओ सवयुवाओ खिलाडियों, पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों का ट्राय एकता एवं अखंडता के मूल्यों को बनाए रखने और राष्ट्र की एकजुटता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### सेन शक्ति महा संगठन मध्य प्रदेश में श्री बोराना संरक्षक नियुक्त



**पिपलिया मंडी।** सेन शक्ति महा संगठन मध्य प्रदेश की पहली बैठक शिवालय होटल इंदौर के सभा कक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में मध्य प्रदेश के करीब करीब सभीजिलो के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। मंदसौर जिले से श्री श्यामलाल बोराना सेवानिवृत्ति प्राचार्य सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्हें संगठन में प्रदेश संरक्षक का दायित्व सौंपा एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश्वर सेन ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा इस नियुक्ति पर बोराना का सभी ने पुष्प हारो से सम्मान किया और उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी।

### पान कृषकों को शून्य ब्याज पर मिलेगा 1.20 लाख तक का केसीसी ऋण

**मन्दसौर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत भानपुरा में आयोजित शिविर के दौरान पान की खेती करने वाले कृषकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से साख सीमा ऋण उपलब्ध कराने की मांग रखी गई थी। कृषकों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दिव्यांक सिंह की पहल पर आयोजित तकनीकी समूह की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अब मंदसौर जिले के भानपुरा क्षेत्र और नीमच जिले के कुकड़ेश्वर क्षेत्र में पान की खेती करने वाले पात्र लगभग तीन सौ कृषकों को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से १ लाख 20 हजार रु. तक का केसीसी ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय से पान उत्पादक कृषकों को खेती के लिए आवश्यक पूंजी की उपलब्धता सुगमता से सुनिश्चित होगी जिससे उन्हें साहूकारों और अन्य अनौपचारिक ऋण स्त्रोतों पर अपनी निर्भरता कम करने में बहुत सहायता मिलेगी।

### नीमच में 'सुरों का कारवां' कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

**नीमच।** स्थानीय टाउन हॉल में मुसाफिर म्यूजिकल ग्रुप नीमच के तत्वावधान में 31 अक्टूबर को एक भव्य संगीत संध्या 'सुरों का कारवां' का आयोजन किया गया।




इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुसाफिर म्यूजिकल ग्रुप, नीमच के बैनर तले संगीत प्रेमियों के लिए सदाबहार फिल्मी गीतों के ट्रैक पर ग्रुप के सदस्य द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों और कलाकारों में ग्रुप प्रमुख खजान सिंह पंवार, सह-संयोजक राजेंद्र शर्मा और ग्रुप के महिला, पुरुष कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी जिन्होंने अपनी कला से समां बांधा। कार्यक्रम में खजान सिंह पवार, राजेंद्र शर्मा, राजेश सेन,प्रभा बैरागी, राजेंद्र रोकड़े, आदि ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों की अच्छी उपस्थिति देखने को मिली और यह आयोजन शहर के सांस्कृतिक पटल में संपन्न हुआ।



## मंडी में चलीं तलवारें, तीन लोग हुए घायल

**शाजापुर।** मंडी में गाड़ी लगाने की बात पर उपजे विवाद में एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर डंडे और तलवारें चलीं। शनिवार को हुई इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी शेख सदर पिता शेख यासीन उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सकराई, थाना सुंदरसी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका बोरसाली निवासी निजामुद्दीन उर्फ मुन्ना पिता मुश्ताक खां, कमरुद्दीन पिता मुश्ताक खां, साजिद उर्फ काला पिता निजामुद्दीन, शादाब पिता निजामुद्दीन और हसन खां पिता कमरुद्दीन से गाड़ी लगाने की बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसके बाद गाली गलौच और फिर लट्ठबाजी के साथ तलवारें चलने लगीं। हमले में शेख सदर को तलवार लगने से चोट आई, जबकि एक अन्य व्यक्ति के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। एक अन्य व्यक्ति को भी मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोलायकलां लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं सरदार पटेल की जयंती मनाई

**सुसनेर।** नगर में शनिवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु पाटीदार के निवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महान नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके योगदान को याद किया। इस दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गोरीशंकर सूर्यवंशी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष आशिक हुसैन बोहरा, नाथूलाल मेघवाल, किशन सिंह सिसोदिया, मदनलाल शर्मा, साजिद खान अमन सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने दोनों नेताओं के विचारों और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का थाना सुसनेर में हुआ लाइव प्रसारण



**सुसनेर।** शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2026 का थाना सुसनेर में दूरदर्शन के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अनिल मालवीय सहित पुलिस स्टाफ, रक्षा समिति के सदस्य, आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्राम कोटवार, आमजन एवं बच्चों को परेड का सीधा प्रसारण दिखाया गया। सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम देखा। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश की सुरक्षा के प्रति जागरूकता की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

## आदित्य मिश्रा ने देवास एसपी का पद संभाला

**देवास।** नवागत पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने शनिवार को देवास एसपी का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने माता टेकरी पहुंचकर मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे एसपी कार्यालय पहुंचे और पदभार संभाला पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी आदित्य मिश्रा ने कहा कि देवास के हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास होना चाहिए। लोग पुलिस की वर्दी से डरने के बजाय पुलिस को अपना दोस्त समझें।

पुलिस का बड़ा नाइट ऑपरेशन, पुलिस ने जिले के नागरिकों के लिए साइबर सुरक्षा अलर्ट भी जारी किया

# 350 जवानों ने रातभर खंगाले बदमाशों और गुंडों के ठिकाने, 105 वारंटी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शाजापुर पुलिस ने 30-31 अक्टूबर की दरमियानी रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में चलाए गए इस नाइट ऑपरेशन में 350 से अधिक पुलिस अधिकारी व जवान एक साथ मैदान में उतरे। अचानक हुई इस भारी पुलिसिया कार्रवाई से रातभर अपराधियों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा। कार्रवाई के लिए रवाना होने से पहले पुलिस अधीक्षक ने सभी टीमों को ब्रीफ कर सख्त दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बाद जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की अगुवाई में टीमों ने अलग-अलग इलाकों में दबिश दी। वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद भी रातभर सड़कों पर उतरकर विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण किया और अभियान की मॉनिटरिंग करते हुए टीमों का हौसला बढ़ाया।

इस बड़ी कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने कहा कि आमजनों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। अपराधियों पर लगातार नजर रखना और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए आगे भी ऐसे विशेष अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे। अपराध नियंत्रण की इस कार्रवाई के साथ ही शाजापुर पुलिस ने जिले के नागरिकों के लिए साइबर सुरक्षा अलर्ट भी जारी किया है। पुलिस ने अपील की है कि लोग किसी भी अनजान कॉलर के साथ अपना बैंक ओटीपी, पिन, सीवीवी या पासवर्ड साझा न करें। बैंक, पुलिस या बिजली विभाग के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल्स के झांसे में आकर मोबाइल में कोई भी रिमोट एक्सेस या स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करने से बचें।

**नींद से जगाकर अपराधियों का किया सत्यापन-** पूरी रात चले इस अभियान के दौरान पुलिस ने अपराधियों के ठिकानों पर दबिश दी और उनकी वर्तमान गतिविधियों का सत्यापन किया। पुलिस के अनुसार, इस दौरान कुल 73 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए। साथ ही लंबे समय से फरार चल रहे 31 स्थायी वारंटियों और 1 अन्य फरार वारंटी को धर दबोचा गया। पुलिस टीमों ने 19 जिला बदर आरोपियों की भी चेकिंग की। इसके अलावा 79 गुंडा बदमाशों और 73 निगरानीशुदा बदमाशों के घरों पर जाकर पुलिस ने सघन चेकिंग की और उन्हें सख्त चेतावनी दी कि यदि वे भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल पाए गए, तो उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# रन फॉर यूनिटी में दिखा भारी उत्साह, विधायक ने दिलाई एकता की शपथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर





लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर शनिवार को शहर में रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में युवाओं, स्कूली विद्यार्थियों और आम नागरिकों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पूरे उत्साह के साथ कदमताल किया। विधायक अरुण भीमावद ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एकता दौड़ सुबह स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण से शुरू हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। दौड़ शुरू होने से पहले विधायक भीमावद ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके पश्चात उन्होंने शहरवासियों को देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा की भावना को मजबूत बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

### प्रशासनिक अमले ने भी लगाई दौड़

आयोजन में जिले के शीर्ष अधिकारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलेक्टर डॉ. परिक्षित संजयराव झाड़े और पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला स्वयं इस दौड़ में शामिल हुईं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर काशीराम बड़ोले, जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, एएसपी महेन्द्र तारणेकर, एसडीएम मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर जगदीश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दीपावली पर यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट

**मुख्य बाजार में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



दीपावली पर्व को देखते हुए नगर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। त्योहार के दौरान बाजार में बढ़ने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने के लिए मुख्य बाजार में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। थाना प्रभारी अनिल मालवीय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर मोर्चा संभालते हुए यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की कार्रवाई शुरू की।

पुलिस द्वारा पांच पुलिया, हाथी दरवाजा और लोहार दरवाजा सहित प्रमुख स्थानों पर जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। यहां तैनात पुलिसकर्मी भारी वाहनों को बाजार में प्रवेश करने से रोकने के साथ ही यातायात को सुचारू बनाए रखने में जुटे हैं। वहीं मुख्य बाजार में सड़क के बीचोंबीच वाहन खड़े कर देने से आवागमन बाधित हो रहा था। ऐसे वाहनों को पुलिस जवानों ने मौके से हटवाया और वाहन चालकों को निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़े करने की समझाइश दी।

3 नवंबर को दिल्ली में होगी प्रेसवार्ता

# आरक्षण नीति में बदलाव से सवर्ण आयोग के गठन तक की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

आरक्षण व्यवस्था में संशोधन, आर्थिक आधार पर आरक्षण और सवर्ण समाज से जुड़े अधिकारों के संरक्षण की मांग को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने राष्ट्रीय स्तर पर पहल की है। इन मुद्दों को लेकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संयोजक सवर्ण संघर्ष मोर्चा ठाकुर भेरुसिंह चौहान 3 नवंबर को दिल्ली प्रेस क्लब में आयोजित राष्ट्रीय प्रेस वार्ता में संगठन का पक्ष रखेंगे।

महासभा द्वारा तैयार मांग पत्र में आरक्षण नीति, सामाजिक न्याय, शिक्षा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दी गई है। संगठन की ओर से निम्न प्रमुख मांगें उठाई जाएंगी। सवर्ण आयोग का गठनः केंद्र एवं सभी राज्य सरकारों में सवर्ण आयोग गठित किया जाए, जिससे सवर्ण समाज की समस्याओं और हितों से जुड़े विषयों के निराकरण के लिए संस्थागत व्यवस्था बन सके।

**महासभा की प्रमुख मांगें-** आर्थिक आधार पर आरक्षणः जातिगत आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू किया जाए, जिससे आर्थिक रूप से जरूरतमंद सभी वर्गों को समान अवसर मिल सकें। एससी-एसटी एक्ट में निष्पक्ष जांचः एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामलों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो तथा झूठी शिकायत प्रमाणित होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध दंडात्मक प्रावधान किया जाए।

# दिव्यांग बेटे को ठीक करने का झांसा देकर 4 लाख की ठगी, तीन जालसाज गिरफ्तार



दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले की शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने भावनाओं से खेलकर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। एक बुजुर्ग पिता से उनके दिव्यांग बेटे को तंत्र-मंत्र और पूजा-पाठ से ठीक होने का झांसा देकर 4 लाख रुपये ठगने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में खुद को गुरुजी बताने वाला एक ढोंगी और एक दंपती शामिल है। पुलिस ने इनके पास से ठगी के 2 लाख 75 हजार रुपये नकद और घटना में इस्तेमाल की गई 8 लाख रुपये कीमत की टीयूवी कार जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देहंडी निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग विजय बामनिया ने 19 सितंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया था कि 11 सितंबर 2026 को उनके घर एक महिला साड़ी बेचने आई थी, जिसने अपना नाम रानी बताया था। घर में बुजुर्ग के दिव्यांग बेटे को देखकर उसने सहानुभूति जताने का नाटक किया और कहा कि वह एक गुरुजी को जानती है, जो पूजा-पाठ के जरिए लड़के को पूरी तरह स्वस्थ कर देंगे।

**सायबर सेल और सीडीआर ने खोला राज-** मामले की गंभीरता को देखते हुए शाजापुर एसपी प्रियंका शुक्ला, एएसपी महेंद्र तारणेकर और शुजालपुर एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने सायबर सेल की मदद से संदिग्ध मोबाइल नंबरों की सीडीआर खंगाली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सटीक लोकेशन और सुराग मिलने के बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर सागर जिले के शाहगढ़ निवासी आरोपी रामनिवास गौंड उर्फ सुदामा, कैया गौंड और उसकी पत्नी बुलई उर्फ रानी को गिरफ्तार कर लिया।

# विधायक भेरो सिंह बापू ने खुद संभाली बस की स्टेयरिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



लोकतंत्र की रक्षा, संविधान के सम्मान और मताधिकार की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट बचाओ-देश बचाओ विशाल रैली में शामिल होने के लिए सुसनेर से कांग्रेस कार्यकताओं का काफिला दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सुसनेर विधायक भेरो सिंह परिहार (बापू) का अलग अंदाज देखने को मिला। विधायक ने स्वयं बस की स्टेयरिंग संभाली और कांग्रेस कार्यकताओं को लेकर दिल्ली के लिए प्रस्थान किया।रवाना होने के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं में खासा उत्साह नजर आया। बस में सवार कार्यकर्ता पूरे रास्ते भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े। वहीं राजनीतिक मुद्दों को लेकर नारेबाजी भी की गई। इस दौरान वोट चोर कहां मिलेंगे, बीजेपी के दफ्तर में जैसे नारे बस में गूंजते रहे।

**कार्यकताओं ने की नारेबाजी -** कार्यकताओं ने नारेबाजी के माध्यम से केंद्र सरकार और भाजपा पर मताधिकार से जुड़े मुद्दों को लेकर निशाना साधा। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इस रैली में देशभर से कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं के शामिल होने की बात कही गई है। कांग्रेस का उद्देश्य लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की रक्षा और प्रत्येक नागरिक के वोट के अधिकार को लेकर अपनी आवाज बुलंद करना है। सुसनेर से रवाना हुए कार्यकर्ता भी रैली में शामिल होकर पार्टी के इस अभियान को समर्थन देंगे।

# सत्संग तथा दीपदान का आयोजन हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

शनिवार की शाम को नगर के पोरवाल ब्राह्मण गुर्जर पंजाबी कसेरा समाज सहित अन्य विभिन्न समाजों की महिलाओं ने इस्कान मंदिर नागदा से आई संध्या शुक्ला अर्चना दीदी इति दीदी ने सत्संग का आयोजन कर कार्तिक मास की महिमा के बारे में विस्तार से बताया नगर इस्कॉन संस्था की से जुड़ी ज्योति शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया शनिवार को नगर के विभिन्न समा जों की महिला मंडल की सदस्यों ने आयोजन में उपस्थित होकर कार्तिक मास की महिमा तथा भ गवान कृष्ण के बारे में इस्कॉन मं दिर नागदा से आई दीदीयो द्वारा भगवान कृष्ण तथा कार्तिक मास के संबंध में दी गई से विस्तार से जानकारी श्रवण किया। सत्संग में इस्कॉन संस्था दीपदान तथा आरती के बारे में जानकारी दी गई महिलाओं ने सत्संग के उपरांत आरती तथा दीपदान का कार्यक्रम संपन्न बताया हुआ

# रफ्तार के कहर ने छीन ली पति, पत्नी और दो साल के मासूम की जिंदगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



खुशियों भरा दिन पल भर में मातम में बदल गया। जिस दो साल के मासूम के जन्मदिन पर मन्नतें मांगने एक परिवार खुशी-खुशी मंदिर के लिए निकला था, नियति ने उसी दिन पूरे परिवार को एक साथ मौत की नींद सुला दिया। शाजापुर जिले के सारंगपुर-अकोदिया मार्ग पर शनिवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में आष्टा निवासी पति-पत्नी और उनके इकलौते बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना दोपहर करीब 12.30 बजे गोदना गांव के समीप की है। मृतकों की शिनाख्त आष्टा की इंद्र कॉलोनी निवासी अजित सिंह पंवार, उनकी पत्नी पूजा और उनके दो वर्षीय बेटे शिवांशु के रूप में हुई है। सलसलाई थाना प्रभारी के मुताबिक, अजित अपनी बाइक से परिवार को लेकर जा रहे थे। गोदना गांव के पास अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया। उसे बचाने के लिए अजित ने जैसे ही अचानक ब्रेक लगाए, पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और उनकी मौके पर ही सांसें थम गईं। सड़क पर क्षत-विक्षत शव पड़े देख आसपास के खेतों में काम कर रहे मजदूर और ग्रामीण तुरंत दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सबसे पहले शवों को कपड़ों से ढंका और तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। इस दौरान भागने का प्रयास कर रहे पिकअप वाहन को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

**सोशल मीडिया से हुई मृतकों की शिनाख्त-** शुरूआती दौर में मृतकों के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उनकी पहचान हो सके। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया के विभिन्न समूहों में हादसे की तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के वायरल होने के बाद मृतकों की पहचान आष्टा के पंवार परिवार के रूप में सुनिश्चित हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।




## विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल में बालिका खो-खो प्रतियोगिता आयोजित

**बड़नगर।** विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल में उज्जैन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित बालिका खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत जिले के 12 सीबीएसई विद्यालयों ने हिस्सा लिया। संस्था प्रबंधक मनोज संगतानी एवं प्राचार्या इंदु पंजाबी द्वारा पहला टॉस कराकर प्रतियोगिता प्रारंभ की गई। इस अवसर पर मुख्य निर्णायक के रूप में उज्जैन खो खो संघ के सदस्य सुमित यादव, राहुल धाकड़, दिनेश चौबे उपस्थित थे। मुकाबले में ज्ञान सागर स्कूल उज्जैन विजेता रहा। उपविजेता ज्ञान सागर ग्लोबल एकेडमी तथा तृतीय स्थान पर विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल बड़नगर रहा। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य घनश्याम तोलानी ने किया। आभार खेल शिक्षक अरविंद डोडिया ने माना। जानकारी संतोष खटोड़ द्वारा दी गई।

## सांदीपनि विद्यालय बडौद में संपन्न हुआ एक भारत श्रेष्ठ भारत

**बडौद।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़ोद में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ भी ली गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए भाषण, निबंध, चित्रकला, वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी सद्भाव एवं देश की सांस्कृतिक विविधता के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक श्याम विश्वकर्मा ने की। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में श्री राजेंद्र रक्षा एवं श्रीमती अनीता खेड़े शामिल रहे। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी हितेश शर्मा रहे। आयोजन में शिक्षक भास्कर बैरागी, सुश्री रानू जायसवाल, सुश्री दिव्या सोनी एवं सुश्री अनीता शर्मा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भास्कर बैरागी ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रतियोगिता के नोडल प्रभारी हितेश शर्मा द्वारा किया गया।

## गोवंश को ट्रैक्टर से बांधकर घसीटने वाले चार पर मुकदमा

**शाजापुर।** इंसानियत को शर्मसार करते हुए गोवंश को टैज्क्टर से बांधकर घसीटने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शाजापुर शहर के भरड़ रोड स्थित नेशनल हाईवे-52 ब्रिज के पास गोवंश के एक केड़े को ट्रैक्टर के पीछे रस्सी से बांधकर घसीटा जा रहा था। बावलियाखेड़ी निवासी किसान दिलीप सिंह राजपूत ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है हिक शुक्रवार शाम करीब 6.30 बजे वह अपने भतीजे बलराम सिंह के साथ शाजापुर की गल्ला मंडी से घर जा रहा था। इसी दौरान भरड़ रोड पर एनएच-52 ब्रिज के पास उन्होंने देखा कि मीरकला निवासी वाहिद का भाई तीन अन्य लोगों के साथ लाल महिंद्रा ट्रैक्टर से एक केड़े को रस्सी से बांधकर घसीट रहा था। इस पर जब विरोध किया गया तो आरोपियों ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को फोन करने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## हड़ताल के सौहार्दपूर्ण निराकरण हेतु जनता यूनियन को किया आमंत्रित

**राजगढ़-ब्यावरा।** विद्युत आउट सोर्स कर्मचारी संघ ने अपनी 34 सूत्रीय मांगो को लेकर 07 नवंबर से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है जिसका नैतिक समर्थन विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा किया गया विषय की गंभीरता को देखते हुए विद्युत कंपनी प्रशासन एवं मध्यप्रदेश शासन ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण हेतु आउट सोर्स कर्मचारी संघ के साथ जनता यूनियन को भी वल्लभ भवन मे 02 नवंबर को आमंत्रित किया है, जिसमें जनता यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष ओपी सक्सेना जिलाध्यक्ष रामप्रसाद यादव आउट सोर्स कर्मचारी संघ के संयोजक मनोज भार्गव उपस्थित रहेंगे। कैलाश शर्मा एवं ओ.पी.सक्सेना ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि शासन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कर्मचारियों के हित मे निश्चय ही निर्णय लेगा उन्होंने मीटिंग के बाद अगले रूपरेखा की जानकारी देने की बात कही।


## दशहरा मिलन समारोह संपन्न, समाजजनों ने की शिरकत




**सुसनेर।** ग्राम लालाखेड़ी में शनिवार को अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत महासभा ब्लॉक सुसनेर के तत्वावधान में दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों ने शामिल होकर एक-दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। समारोह में सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती और समाज को संगठित रखने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मार्गदर्शक मंडल के उदय सिंह झिरी, सुसनेर विधायक भेरो सिंह परिहार, महिदपुर के पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, युवा प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर सिंह इंजीनियर, नारी शक्ति से पुष्पा मोहन सिंह पवार एवं सीमा जी राजगढ़ उपस्थित रहीं।

## नई ई-टोकन व्यवस्था से आसानी से मिला विभिन्न किस्म का उर्वरक

महिदपुर रोड ।रबी फस लों के लिये इस बार अंचल के कि सानों को विभिन्न किस्म के उर्व रकों की खरीदारी के लिये नई टोकन व्यवस्था से उनकी कृषि भूमि में आवश्यकता अनुरूप विभिन्न किस्म के उर्वरक सहजता से उपलब्ध हुए क्षैत्र की सेवा सहकारी संस्थाओं गोगपुर सगवाली कोय ल तथा झुटावद के माध्यम से जहां सेवा सहकारी संस्थाओं के 32 सौ से अधिक पंजीकृत किसानों को विभिन्न किस्म के पांच उर्वरकों किसानों को उनके खेतों में विभिन्न किस्म की बोई गई रबी फसलों में आवश्यकता के अनुरूप ई टोकन से उर्वरक सेवा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से उपलब्ध कराया गया सेवा सरकारी संस्थाओं के प्रबंधकों के अनुसार प्रदेश शासन के निदेर्शों की पालना में अब किसानों को विभिन्न किस्मों के उपलब्ध कराये गये उर्वरकों की राशि की वसूली भी वर्ष में एक बार गेहूं की फसल समर्थन मूल्य में शासन द्वारा निर्धा रित किये गये गेहूं उपार्जन केंद्रों पर गेहूं की तुलाई के एक मुश्त जमा किये जाने की सुविधा किसानों को उपलब्ध करवाई गई है।


श्री गणेशाय नमः
जय जय जय गणपति गणराजू। मंगल भरण करण शुभ काजू।।
जय गजबदन सदन सुखदाता। विश्व विनायका बुद्धि विधाता।।
वक्र तुण्ड शुची शुण्ड सुहावन। अपनी शक्ति भक्ति कुछ दीजै।।
सठ सन बिनय कुटिल सन प्रीति।
ममता रत सन ग्यान कहानी।।
अज्जूभाई
12वें पुण्य स्मरण पर
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि
रोहित गोलू गुरू मित्र मण्डली, उज्जैन

## न्यूज कॉलम

### धार में 17 हजार किलो गांजे के पौधे जब्त

**धार।** प्रदेश में नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस ऑपरेशन प्रहार चला रही है। धार जिले में अभियान के तहत गांजे के पौधे जब्त किए गए हैं। कांग्रेस जिला प्रवक्ता अजय सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि पुलिस छोटे लोगों पर कार्रवाई कर रही है, जबकि अवैध शराब और दूसरे नशीले पदार्थों के बड़े कारोबारियों पर कार्रवाई नहीं हो रही। पुलिस के मुताबिक, जिले में 17 हजार किलो से अधिक गांजे के पौधों पर कार्रवाई की गई है।

### सरदारपुर में स्कूली छात्र छात्राओं ने रैली निकाली

**धार।** जिले के सरदारपुर स्थित सांदीपनि विद्यालय में विभिन्न समस्याओं को लेकर शनिवार को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा। विद्यार्थियों ने स्कूल से पैदल रैली निकाली और एसडीएम दफ्तर पहुंचकर तहसीलदार महेश सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओं में सुधार और प्रिंसिपल के रवैये पर कार्रवाई की मांग की। विद्यार्थियों ने चेतावनी दी है कि सोमवार तक मांगें पूरी न होने पर वे 45 किमी पैदल मार्च निकालकर कलेक्टर दफ्तर का घेराव करेंगे।

### पुलिस अधिकारियों और छात्रों ने लगाई एकता दौड़

**आलीराजपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आलीराजपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी निकाली गई, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों और अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। सुबह 8 बजे शासकीय महाविद्यालय आलीराजपुर से दौड़ शुरू हुई। कलेक्टर नीतू माथुर ने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। वे तय रास्ते से दाहोद नाका पहुंचे और वहां से फतेह क्लब मैदान तक गए।

### गांव में तीन साल से नहीं पहुंचा पानी



### विधायक ने उठाए बेरोजगारी, महंगाई और आदिवासी अधिकारों के मुद्दे

**आलीराजपुर।** जोबट की विधायक सेना महेश पटेल ने शुक्रवार को बरझर और बोरकुंडिया का दौरा किया। बरझर के तंबोलिया फलिया में ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि तीन साल से पेयजल पाइपलाइन टूटी है और घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। समस्या सुनने के बाद विधायक ने मौके से आलीराजपुर कलेक्टर नीतू माथुर को फोन किया और स्थिति बताकर पाइपलाइन ठीक कराने की मांग की। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि शहरों में पानी पहुंच रहा है, तो ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान क्यों होना पड़ रहा है। पटेल ने ग्रामीणों को दो-तीन दिनों में समस्या के समाधान के लिए फिर प्रयास करने का आश्वासन दिया। जरूरत पड़ने पर खुद सहयोग करने की बात भी कही। इसके बाद बोरकुंडिया में कांग्रेस मंडलम, सेक्टर और बीएलए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें पटेल ने भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं, आदिवासियों के अधिकारों और प्रदेश की कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाया।

## नैनो न्यूज

- **रानीपुरा बाजार में ग्राहकी कमजोर-** दीपावली सजावट का सामान बेचने वाले रानीपुरा के व्यापारियों को इस बार कम ग्राहकी का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई के कारण ग्राहक खरीदारी सीमित कर रहे हैं।
- **ब्रिटेन के बाजारों में कारोबार की संभावनाएं-** इंदौर में आयोजित भारत-ब्रिटेन बिजनेस मीटिंग में स्थानीय उद्यमियों को ब्रिटेन में व्यापार विस्तार, निवेश और नए व्यावसायिक साझेदार तलाशने के अवसरों की जानकारी दी गई।
- **प्लास्टिक उद्योग में नई तकनीक पर जोर-** इंदौर में नवंबर में आयोजित होने वाली प्लास्ट पैक प्रदर्शनी में रिसाइक्लिंग मशीनों, रोबोटिक्स और पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग तकनीकों का प्रदर्शन होगा।
- **बाजारों में बेतरतीब पार्किंग बनी कारोबार की परेशानी-** इंदौर के प्रमुख व्यावसायिक बाजारों में बेतरतीब पार्किंग, फुटपाथ पर कब्जे और ई-रिक्शा के कारण ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है।
- **बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई-** दीपावली के दौरान इंदौर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में चोरी और अपराध रोकने के लिए पुलिस ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी और लगातार गश्त की व्यवस्था कर रही है।

इंदौर के प्राइवेट नशा मुक्ति केंद्र के वॉशरूम में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

# लाश देखकर गेट का ताला तोड़कर बाउंड्रीवॉल फांदकर भागे 70 मरीज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्राइवेट नशा मुक्ति केंद्र के वॉशरूम में एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। शव देखकर मरीज घबरा गए। केंद्र में अफरा-तफरी मच गई। यहां भर्ती 70 से ज्यादा मरीज मने गेट का ताला तोड़कर और बाउंड्रीवॉल फांदकर भाग गए।

रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अशोक नगर निवासी सचिन लोधी (23) के रूप में हुई है। घटना वाली सुबह ही परिजनों ने नशा मुक्ति केंद्र में उसकी फीस जमा की थी। दोपहर में उन्हें सचिन की मौत की सूचना मिली। परिजन ने बताया- नशा मुक्ति केंद्र में सचिन सुबह नहाने की बात कहकर वॉशरूम गया था। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर सिक्योरिटी गार्ड को शक




हुआ। करीब एक घंटे तक दरवाजा नहीं खुला तो गार्ड ने उसे तोड़ दिया। अंदर सचिन फंदे पर लटका मिला। सचिन को फंदे से उतारकर एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार दोपहर 12.30 से 1 बजे के बीच की है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए मॉच्यूर्री में रखवाया गया है।

**सचिन की मौत के कारणों का पता लगा रही पुलिस-** सचिन की मौत के कारणों और केंद्र की व्यवस्थाओं से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की भी जांच हो रही है। इतनी बड़ी संख्या में मरीज केंद्र से बाहर कैसे निकल गए। उन्हें रोकने के लिए क्या इंतजाम थे, इसकी भी जांच की जा रही है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे

रावजी बाजार थाना प्रभारी मनीष मिश्र ने बताया- सचिन की मौत की खबर से केंद्र में अफरा-तफरी मच गई। मरीज बाहर भाग गए। इतनी बड़ी संख्या में मरीजों के भागने से केंद्र प्रबंधन के सामने स्थिति संभालने की चुनौती खड़ी हो गई। थाना प्रभारी ने बताया- पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। केंद्र के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। भागे 70 से अधिक मरीजों की तलाश की जा रही है। पुलिस परिजन से भी संपर्क कर रही है।

### लापरवाही के आरोप लगाए

मृतक सचिन के जीजा केशव लोधी के मुताबिक, सचिन को करीब एक महीने पहले नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। घटना की सुबह परिजन ने केंद्र में पैसे जमा किए थे। कुछ देर बाद ही उन्हें सचिन की मौत की सूचना मिली। परिजन ने केंद्र प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि भर्ती युवक की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रबंधन की थी। सचिन की निगरानी में चूक कैसे हुई और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच होनी चाहिए।

पुलिस की चेकिंग देख नशे में धुत कार सवार ने अचानक ले लिया यू-टर्न

# 300 मीटर पहले मोड़ी गाड़ी पेड़ से टकराई, एयरबैग खुलने से बची जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कनाडिया थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस चेकिंग देखकर एक कार चालक ने पकड़े जाने से बचने के लिए अचानक यू-टर्न ले लिया। वह करीब 300 मीटर दूर तेज रफ्तार में कार मोड़ रहा था, तभी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के एयरबैग खुल गए। इससे चालक की जान बच गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और शराब के नशे में ड्राइविंग करने के मामले दर्ज किए हैं। अचानक कार मोड़ने के कारण



हुजैफा वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। कार सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। टक्कर होते ही कार के एयरबैग खुल गए, जिससे चालक को गंभीर चोटें नहीं आईं। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत पहुंचे और उसे कार से बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, हुजैफा शराब के नशे में था। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। उसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और शराब के नशे में ड्राइविंग करने को लेकर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में दो अलग-अलग अपराध दर्ज किए गए।

**रेडिसन चौराहे पर भी दो कारों में भिड़ंत-** इधर, रविवार अलसुबह विजयनगर थाना क्षेत्र के रेडिसन चौराहे पर दो कारों की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। टक्कर के बाद एक कार में सवार युवक और युवती अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस दोनों मामलों में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### ब्रिज के नीचे पुलिस ने चेकिंग पॉइंट लगाया था

पुलिस के मुताबिक, शनिवार देर रात बायपास पर केटू होटल के पास ब्रिज के नीचे चेकिंग पॉइंट लगाया गया था। पुलिसकर्मी वहां से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान हुजैफा पिता अब्दुल कय्यूब (निवासी राऊ) अपनी कार लेकर वहां पहुंचा। पुलिस की नाकेबंदी और बैरिकेड्स देखकर वह घबरा गया। पकड़े जाने के डर से उसने चेकिंग पॉइंट से करीब 300 मीटर पहले ही तेज रफ्तार में कार को अचानक मोड़ दिया।

# यूपीएससी की छात्रा ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भंवरकुआं स्थित एक निजी हॉस्टल में रहने वाली 20 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। वह हॉस्टल के कमरे में फंदे पर लटकी मिली थी। परिजनों ने हॉस्टल संचालिका युवती और एक युवक पर उसे प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। परिवार रविवार को पोस्टमार्टम के लिए इंदौर पहुंचा। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस परिजनों के आरोपों की जांच कर रही है।

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, मृतका की पहचान जूलिया (20) पुत्री शैलेंद्र उइके के रूप में हुई है। वह इंदौर के एक निजी हॉस्टल में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। शनिवार शाम वह अपने कमरे में फंदे पर लटकी मिली थी। इसके बाद हॉस्टल प्रबंधन के लोगों ने उसके परिवार को सूचना दी। जूलिया मूल रूप से सिवनी के पास लखनादौन की रहने वाली थी। जूलिया के पिता शैलेंद्र और मां ने आरोप लगाए हैं कि उनकी बेटी मई 2026 में पीसफुल हॉस्टल (देवेंद्र नगर) में रहने आई थी। यहां गर्ल्स हॉस्टल की जिम्मेदारी स्वाति और बॉयज हॉस्टल की जिम्मेदारी शुभम जायसवाल देखते थे।

# कार्बाइड गन बेची या चलाई तो होगी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दीपावली के पर्व को देखते हुए पुलिस मुस्तैद होती जा रही है। दीपावली पर कार्बाइड गन के इस्तेमाल, स्टोरेज के साथ ही इसे बेचने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। इसे लेकर पुलिस संबंधित थाना क्षेत्र में नजर रखने के साथ ही दुकानों में भी चेकिंग करेगी। यहां तक की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई भी करेगी।

दरअसल, पुलिस ने कार्बाइडगन और इससे बने विस्फोटक सामग्री से दूर रहने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि कार्बाइडगन और इससे बने विस्फोटक उपकरण जानलेवा साबित हो सकते हैं। इसके इस्तेमाल, बेचने और स्टोरेज करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बच्चों को भी जागरूक करने और कार्बाइड से दूरी बनाएं रखने की अपील भी की है।

**संबंधित पर होगी कार्रवाई, जेल तक जाना पड़ सकता है-** एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर राजेश दंडोतिया ने बताया कि दीपावली के पहले इंदौर पुलिस कार्बाइड गन और इसके इस्तेमाल को लेकर सक्रिय है। इसे लेकर थानों पर भी दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कार्बाइडगन, इससे बने फटाखे पर प्रतिबंध लगाया है। कोई भी इसका इस्तेमाल करता है, इसे बेचता है या इसका स्टोरेज करता है। ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति पर कठोर कार्रवाई कर एफआईआर की जाएगी और वह जेल भी जा सकता है।

**हानिकारण प्रभाव पड़ सकते हैं-** दंडोतिया ने बताया कि कार्बाइड मानव जीवन के लिए हानिकारक होता है। इससे आंखों की रोशनी तक जा सकती है और ये जब शरीर में जाता है तो इसके भी नाकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। इसलिए कार्बाइड गन या कार्बाइड से बने फटाखों का इस्तेमाल ना करें।

# चाचा-भतीजे का अपहरण कर खदान में बेरहमी से पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खुड़ैल थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाइक सवार चाचा-भतीजे को आधा दर्जन बदमाशों ने रास्ते में रोककर जबरन अगवा कर लिया। आरोपी दोनों को नीलगिरी परिसर स्थित खदान पर ले गए और रितिक यादव के बारे में पूछताछ करते हुए डंडों से जमकर मारपीट की। राहगीरों के बीच-बचाव करने पर आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों और उनके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी रितिक सिंह उर्फ रुद्रसिंह निवासी ग्राम बिहाड़िया अपने भतीजे अभिषेक पटेल के साथ बाइक से सनन चाय कंपनी जा रहे थे। शनिवार दोपहर शिवाजी राव कदम कॉलेज, तिल्लोरखुर्द के पास दो बाइकों पर सवार होकर आए कुणाल उर्फ टीटू गुर्जर, अनुज गुर्जर (दोनों निवासी ग्राम दूधिया), रोहित चौधरी निवासी तिल्लोर बामन टेकरी और उनके अन्य साथियों ने उन्हें रोक लिया। आरोपी कुणाल गुर्जर ने रितिक सिंह से पूछा कि क्या वह रितिक यादव को जानता है।

# वॉर्मअप के बाद खड़े-खड़े गिरे 10वीं के छात्र की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अटल खेल परिसर में शनिवार शाम एक्सरसाइज करने पहुंचे 15 वर्षीय कनिष्क बोयत की अचानक तबीयत बिगड़ गई। वॉर्मअप शुरू करने के करीब 5 मिनट बाद वह खड़े-खड़े बेहोश होकर गिर पड़ा। बड़े भाई दिव्यांश और वहां मौजूद लोगों ने उसे सीपीआर दिया। इसके बाद वे कार से उसे लाइफ केयर हॉस्पिटल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिव्यांश ने बताया कि वे रोज की तरह शाम करीब 6 बजे कनिष्क और एक दोस्त के साथ स्कीम-78 स्थित अटल खेल परिसर पहुंचे थे। वॉर्मअप के दौरान कनिष्क अचानक गिर गया। गिरने से उसे चोट भी आई।

# पश्चिम रेलवे द्वारा सभी मंडलों में पेयजल गुणवत्ता परीक्षण में 100% संतोषजनक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पश्चिम रेलवे यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। पश्चिम रेलवे के चिकित्सा विभाग द्वारा नियमित पेयजल गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत 25 से 31 अक्टूबर, 2026 तक की अवधि में पेयजल गुणवत्ता के 2,039 परीक्षण किए गए, जिनके परिणाम पूरी तरह संतोषजनक रहे।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन परीक्षणों में रेसिडुअल क्लोरीन के 1,812 तथा बैक्टीरियोलॉजिकल के 227 परीक्षण शामिल थे। एकत्र किए गए सभी सैम्पल निर्धारित परीक्षण मानकों पर खरे उतरे और 100% संतोषजनक परिणाम दर्ज किए गए। ये परीक्षण मुंबई सेंट्रल, वडोदरा, अहमदाबाद, रतलाम, राजकोट एवं भावनगर मंडलों के साथ-साथ दाहोद तथा अन्य रिपोर्टिंग स्थानों पर किए गए।

पेयजल के सैम्पल नियमित रूप से एकत्र करना एवं उनकी जांच करना तथा प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना पश्चिम रेलवे की जनस्वास्थ्य प्रबंधन योजना का एक अभिन्न अंग है। रेसिडुअल क्लोरीन परीक्षण से पानी को कीटाणुरहित करने की प्रक्रिया की प्रभावशीलता का आकलन करने में मदद



मिलती है, जबकि बैक्टीरियोलॉजिकल परीक्षण पेयजल की सूक्ष्मजीव संबंधी गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है। यह उपलब्धि संतोषजनक पेयजल गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा विभाग तथा संबंधित रेल कर्मचारियों के निरंतर समर्पित प्रयासों को दर्शाती है। सभी आठ रिपोर्टिंग मंडलों एवं इकाइयों में लगातार संतोषजनक परिणाम पश्चिम रेलवे की स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखने तथा रेलवे की यात्री सुविधाओं के प्रति यात्रियों का विश्वास और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर
आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com